
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026

BANSAL PRIME

The Address of New-Age Business

Come Join Us

at the official launch on 18th October '26 from 10AM - 6PM and book your space with exclusive deals at site, only for today.



With **Bansal One, Bansal Plaza & Hyatt Place,** Bansal Group has created landmark destinations that reflect Bhopal's growing aspirations. Building on this legacy, **BANSAL PRIME, a GEM CERTIFIED INFRASTRUCTURE** emerges as **Bhopal's next business landmark,** designed for the Bhopal of tomorrow. The landmark development brings together two dedicated wings: **BANSAL PRIME,** offering premium retail and corporate spaces, and **Bansal Hospital RKMP,** dedicated to advanced healthcare.

Located in the heart of Bhopal, Bansal Prime offers seamless connectivity to Bhopal's key destinations, offering convenient access and prominent visibility. With nearly 40,000 sq. ft. floor plate the BANSAL PRIME wing features a vibrant Retail Hub across the lower three levels, bringing together FASHION, DINING AND COMPLETE HOME SOLUTIONS, along with PREMIUM CORPORATE OFFICES on the 4th–12th levels. Spaces start from 700-30,000 sq. ft., catering to a range of ur business needs.

With its scale, vision & thoughtfully planned spaces, Bansal Prime is set to become a defining landmark in Bhopal's evolving business skyline.

Come, be a part of Bhopal's next big move!

RERA APPROVED P-BPL-26-6716

A New G+12 Commercial Tower for
Premium Retail, Modern Offices & Lifestyle.


GRAND ENTRANCE LOBBY


HUGE CORPORATE SPACE


ELEGANT CORRIDORS



EXPERIENTIAL RETAIL HUB


HI-SPEED ESCALATOR

Key Features & Amenities

- 700 to 30,000 Sqft
- VALET SERVICES
- 3 - TIER SECURITY SYSTEM
- DOUBLE STACK PARKING
- HIGH SPEED ELEVATORS
- 24x7 POWER BACKUP
- CENTRALLY AIR CONDITIONED

For Bookings & Enquiries, Call:

Rani Kamalapati Railway Station,
Beside Platform No. 5, Habibganj, Bhopal, Madhya Pradesh 462016

+91 90715 21000 | +91 62620 45229 | +91 78801 25154 | +91 77710 09736

BANSAL CONSTRUCTION | BANSAL Hospital | BGI BANSAL GROUP OF INSTITUTES | बंसल टी.एम.टी.सरिया | BANSAL OIL AND FOODS | BANSAL ONE | BANSAL NEWS | HYATT PLACE | TONEOP FIT · EATS · CARE | BANSAL PLAZA


छोटे तालाब किनारे स्थित काली घाट में काली मंदिर हुआ रोशन।


श्रद्धालुओं की कतार।


भक्तों का लगा जमावड़ा।

मनोकामना पूरी होने की आस में कलावा बांधकर लगाते हैं अर्जी

58 साल पहले छोटी-सी मढ़िया में विराजी थीं मां काली, अब भव्य मंदिर में उमड़ते हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्र में शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कहीं माता के दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लग रही हैं, तो कहीं मन्नत मांगने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। राजधानी के शाहजहांनी पार्क में छोटे तालाब के किनारे स्थित तलैया काली घाट मां काली मंदिर भी आस्था का प्रमुख केंद्र है। करीब 58 साल पहले यहां एक छोटी-सी मढ़िया में मां काली विराजमान थीं। आज यहां भव्य मंदिर है, जहां शारदीय नवरात्र के दौरान सुबह से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता है।

प्रदेश के कई जिलों से माता के दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं श्रद्धालु

मां काली के दर्शन के लिए पुराने और नए शहर के अलावा कोलार, मेल और संत हिरदाराम नगर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्र में सीहोर, विदिशा और रायसेन से भी भक्त माता के दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं। मंदिर में अखंड ज्योत जलती रहती है। श्रद्धालु मां के चरणों में अपनी मनोकामनाएं रखते हैं और कलावा बांधकर अर्जी लगाते हैं। भक्तों की मान्यता है कि मां काली अपने दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। नौकरी, संतान प्राप्ति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना लेकर भक्त यहां पहुंचते हैं।

1968 में हुई थी माता की स्थापना



मंदिर के पुजारी आचार्य पवन चतुर्वेदी ने बताया कि इस स्थान पर सैकड़ों वर्षों से पूजा-अर्चना होती आ रही है। हालांकि, करीब 58 साल पहले वर्ष 1968 में यहां छोटी-सी मढ़िया बनाई गई थी और मां काली की स्थापना की गई थी। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई। भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में आने लगे और कलावा बांधकर अर्जी लगाने की परंपरा शुरू हुई। वर्तमान में यहां मां काली पिंडी स्वरूप में विराजमान हैं।

सप्तमी से नवमी तक पूरे दिन खुले रहते हैं पट



श्रद्धालु दिशा चिराड़ ने बताया कि शारदीय नवरात्र के दौरान मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाती है और ज्वारों की स्थापना होती है। सप्तमी से नवमी तक श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहते हैं, ताकि भक्त आसानी से माता के दर्शन कर सकें।

वर्षों से माता के दरबार में आ रहीं श्रद्धालु



श्रद्धालु वंदना श्रीवास्तव ने बताया कि वह कई वर्षों से मां काली के दर्शन करने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि मां काली के प्रति उनके और उनके परिवार की गहरी आस्था है। उन्हें विश्वास है कि माता रानी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।


माता काली का भव्य स्वरूप।



महाआरती में गूंजे माता रानी के जयकारे

भोपाल। इंद्रपुरी स्थित मनसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास श्री मनसापूर्ण राजमाता दुर्गा उत्सव समिति की ओर से भव्य महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। महाआरती में माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं, भजन संध्या में भक्तिगीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में फिल्म निर्माता मंजू गौतम मुख्य अतिथि और वार्ड-66 के पार्षद जीत राजपूत अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। समिति के मार्गदर्शक धर्मेंद्र तिवारी,आयोजन में अध्यक्ष श्रवण जाट, चंदन भलराव, अनिकेत गौड़, रजत बगुल और मोहित वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अष्टमी तिथि दो दिन होने से असमंजस, कुछ श्रद्धालु आज करेंगे पूजन

महाष्टमी-महानवमी एक साथ की पूजा, 20 को मनेगा दशहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी और महानवमी की पूजा को लेकर इस बार तिथियों के कारण असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अष्टमी तिथि दो दिन पड़ने से कुछ पंचांगों में 18 अक्टूबर को तो कुछ में 19 अक्टूबर को महाअष्टमी प जन का उल्लेख है। श्रद्धालु अपनी कुल परंपरा और पंचांग के अनुसार पूजा की तैयारी कर रहे हैं।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, उदया तिथि के आधार पर अधिकांश श्रद्धालु सोमवार, 19 अक्टूबर को महाअष्टमी का पूजन करेंगे। इसी दिन महानवमी की पूजा, कन्या पूजन और हवन भी किया जा सकेगा।

सुबह 10:52 बजे तक अष्टमी, फिर शुरू होगी नवमी

पंडितों के अनुसार, सोमवार को सुबह 10:52 बजे तक अष्टमी तिथि रहेगी। सूर्योदय के समय अष्टमी होने से इस दिन महाअष्टमी का पूजन करना श्रेष्ठ माना जा रहा है। इसके बाद नवमी तिथि शुरू हो जाएगी। ऐसे में सोमवार को ही महाष्टमी और महानवमी, दोनों का पूजन किया जा सकेगा। सोमवार दोपहर 3:39 बजे से सर्वार्थ सिद्धि योग भी बनेगा। मंगलवार को दोपहर 12:51 बजे तक नवमी तिथि रहेगी, इसके बाद दशमी तिथि प्रारंभ होगी। मंगलवार को अपराह्न में दशमी तिथि और श्रवण नक्षत्र का संयोग होने से इसी दिन विजयदशमी मनाई जाएगी।

18 अक्टूबर की रात भी कर सकेंगे अनुष्ठान

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि पंचांगों में तिथियों को लेकर अंतर होने के कारण अष्टमी पूजन को लेकर कुछ असमंजस है। तिथि के अनुसार श्रद्धालु रविवार, 18 अक्टूबर को भी अष्टमी की पूजा कर सकते हैं। वहीं, उदया तिथि मानने वाले श्रद्धालु सोमवार, 19 अक्टूबर को महाअष्टमी पूजन के बाद नवमी की पूजा करेंगे।


करोंद स्थित झांकी।


विधानसभा के सामने स्थापित आकर्षक झांकी।

ऐसा है मां महागौरी का स्वरूप

पं. रामजीवन दुबे के अनुसार, नवरात्र के आठवें दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। मां महागौरी को शिवा भी कहा जाता है। इनका स्वरूप अत्यंत उज्ज्वल, कोमल और श्वेत वर्ण का है। वे श्वेत वस्त्र धारण करती हैं। चार भुजाओं वाली हैं। उनके एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू है, जबकि अन्य हाथ वर मुद्रा सहित विभिन्न मुद्राओं में हैं।

कब कौन-सी तिथि, एक नजर में

- *अष्टमी तिथि: रविवार, 18 अक्टूबर को सुबह 8:29 बजे प्रारंभ होकर सोमवार, 19 अक्टूबर को सुबह 10:52 बजे समाप्त होगी।*
- *नवमी तिथि: सोमवार, 19 अक्टूबर को सुबह 10:52 बजे प्रारंभ होकर मंगलवार, 20 अक्टूबर को दोपहर 12:51 बजे तक रहेगी।*
- *दशमी तिथि: मंगलवार, 20 अक्टूबर को दोपहर 12:52 बजे प्रारंभ होकर बुधवार, 21 अक्टूबर को दोपहर 2:12 बजे समाप्त होगी।*

हजारों के बीच अभिनेत्री ने किया गरबा

गरबा महोत्सव में वायरल भाभी हेमा बोलीं- जिंदगी बना और बिगाड़ सकता है सोशल मीडिया


भोजपाल मेले का विहंगम दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भेल के जंबूरी मैदान में चल रहे भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव में भक्ति, संगीत और उत्साह का संगम देखने को मिला। टीवी कलाकार और सोशल मीडिया सेंसेशन हेमा शर्मा की एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

अभिनेत्री ने कहा कि वह पहली बार भोपाल आई हैं और यहां गरबा को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर मालती राय, विशिष्ट अतिथि एम्स अस्पताल के डायरेक्टर स्वदेश जैन, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी एवं महामंत्री हरीश कुमार राम सहित आयोजन समिति ने गणेश वंदना और मां भगवती की आरती के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

बिग बॉस में आने के बाद बढ़ी लोकप्रियता



हेमा ने सोशल मीडिया पर अपनी पहचान बनने के अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें वायरल भाभी नाम मिला। बिग बॉस में आने के बाद उनकी लोकप्रियता और बढ़ी। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया का दौर ऐसा है, जो जिंदगी बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर करना चाहिए। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव के अनुसार, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, पुलिस बल, निजी सुरक्षा कर्मियों, स्वयंसेवकों और मेडिकल टीम की व्यवस्था की गई है।

61 किमी पैदल चलकर मां बिजासन धाम पहुंचे श्रद्धालु



भोपाल। नवरात्रि के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एवं भारतीय जनशक्ति मिशन के संस्थापक सुरेंद्र कीर के नेतृत्व में मंडीदीप से सलकनपुर स्थित मां बिजासन धाम तक 61 किलोमीटर की विशाल पैदल चुनरी यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मां बिजासन के दरबार में 251 मीटर लंबी चुनरी अर्पित कर नगर और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

वीआईपी सीटों को लेकर हंगामा, रुबात में 210 मुसाफिरों के ठहरने की केपेसिटी

खुशखबरी: मक्का में दो सौ हज यात्रियों को मिली रुबात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछली बार मक्का में रुबात नहीं मिलने के बाद इस बार रियासत के भोपाल, रायसेन और सीहोर जिले के हज यात्रियों को रुबात दी जा रही है। जिसके तहत तीनों जिलों के 1288 हज यात्रियों में से 200 हज यात्रियों के लिए कुरआ निकाला गया।

इन हज यात्रियों को हज के दौरान मक्का में ठहराया जाएगा, जिससे इनके हज खर्च में कटौती होगी। जबकि रियासत के शेष हज यात्रियों को रुबात नहीं मिलेगी।

शनिवार को कोहेफिजा की सूफिया मस्जिद में कुरआ निकाला गया, जिसमें 10 वीआईपी सीट को लेकर लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया, हालांकि औकाफ ए शाही के प्रबंधक फारुख किबरिया का कहना है कि रिजर्व सीटों की परंपरा शुरु से चली आ रही है, इसमें हमने कोई बदलाव नहीं किया है।

रियासत में भोपाल, रायसेन और सीहोर के 1288 हज यात्री

शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने कुरआ निकालकर हज यात्रियों को मुबारकबाद पेश की। मौके पर मौजूद हज यात्रियों को इसकी खुशखबरी मिलने के बाद उन्होंने अल्लाह का शुक्र अदा किया। औकाफ ए शाही के जिम्मेदारों ने बताया कि स्टेट हज कमेटी से भोपाल, रायसेन और सीहोर के 1288 हज यात्रियों की लिस्ट दी गई थी। जिसमें से 200 हज यात्रियों का चयन किया गया है। 25 हज यात्रियों की वेटिंग लिस्ट भी बनाई गई है।





दो सौ हज यात्रियों को मिलेगा 50 हजार का फायदा

जिन दो सौ हज यात्रियों को मक्का में रुबात मिली है, उनके हज खर्च में करीब 50 हजार रुपए का फायदा होगा, दरअसल मक्का में तीस दिन ठहरना पड़ता है, जबकि मदीना में हज यात्रियों को दस दिन ठहरना पड़ता है। यहां की रुबात मिलने पर हज यात्रियों को करीब 40 हजार रुपए का फायदा होता है। इस तरह दोनों जगहों पर रुबात मिलने से करीब 90 हजार रुपए कम हो जाते हैं।

◆ मदीना में सबसे लिए रुबात, लेकिन छह साल से खाली

पिछले सात सालों में भोपाल, रायसेन और सीहोर जिले के सभी हज यात्रियों को मदीना शहर में रुबात मुहैया कराई जाती थी। यहां पर करीब पंद्रह सौ हज यात्रियों के ठहरने का इंतजाम है, लेकिन पिछले छह सालों से यहां रुबात नहीं मिल रही है। यहां सउदी कोर्ट में केस चल रहा है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026

- मप्र में निवेश प्रोत्साहन के लिए लागू की गई नीतियों की जानकारी दी
- मुख्यमंत्री की आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू से भी भेंट हुई
- अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने सीएम से की भेंट, सीएम बोले-फिल्म शूटिंग के क्षेत्र में मप्र एक प्रमुख केंद्र बना

आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से की वन-टू-वन बैठक

कहा- हर दृष्टि से मप्र में निवेश आपको लाभ देगा

हरिभऊमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आंध्र प्रदेश के निवेशकों से मप्र में उद्योग स्थापना का आग्रह किया है। उन्होंने कहा मप्र सरकार की औद्योगिक विकास की प्रोत्साहनकारी नीतियों के कारण निवेशकों की ओर से किए गए निवेश पर उन्हें हर स्थिति में लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें की। उन्होंने निवेशकों को निवेश के नए अवसरों और औद्योगिक साझेदारियों को प्रोत्साहित करने की ▶▶शेष पेज 8 पर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए

निवेशकों को जीआईएस-2027 की रूपरेखा की जानकारी दी

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को जीआईएस-2027 की रूपरेखा की जानकारी दी, जिसमें भोपाल में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगपति और निवेशक एकत्र होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, जिसमें 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए थे। इन प्रस्तावों में से एक तिहाई प्रस्तावों को जमीन पर उतारा जा चुका है। इस दौरान मुख्यमंत्री की आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण से भी भेंट हुई। ▶▶पढ़ें पेज 02 भी

केंद्र सरकार ने 70 लाख कर्मचारियों को दी राहत

रिटायरमेंट से 4 साल पहले जांचे जाएंगे सर्विस और पेंशन के रिकॉर्ड

गलती होने पर संबंधित अधिकारी होंगे जवाबदेह



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों के हितों को ध्यान में रखकर एक बड़ा फैसला किया है, जिससे 33.9 लाख पेंशन धारकों और 36.5 लाख कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी विभागों को रिटायरमेंट से चार साल पहले कर्मचारियों के सर्विस रिकॉर्ड, वेतन निर्धारण (पे-फिक्सेशन) और पेंशन विवरण की जांच जरूर करानी होगी। केंद्र के इस ▶▶शेष पेज 8 पर

सर्टिफिकेट के बाद वसूली नहीं

नए नियमों के तहत पदोन्नति, इंक्रीमेंट या एसीपी/एमएसीपी के बाद जारी पे-फिक्सेशन आदेशों का सत्यापन अब 3 महीने या उसी वित्त वर्ष के अंत तक पूरा करना अनिवार्य होगा। पे एंड अकाउंट्स ऑफिस से वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट जारी होने के बाद कर्मचारी से कोई वसूली नहीं की जा सकेगी। ▶▶शेष पेज 8 पर





अष्टमी-मां महागौरी




श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥

खबर संक्षेप

सिंगरौली में 3.5 तीव्रता का भूकंप, महसूस हुए झटके

सिंगरौली। जिले में शनिवार दोपहर 2:12 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से करीब 10 किमी नीचे बरगवां क्षेत्र में था।



अस्पताल में भर्ती एलके आडवाणी से मिले नड्डा

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी (98) को सीने में संक्रमण के चलते अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है। जेपी नड्डा ने मिलकर उनका हाल जाना।



वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को दी बड़ी राहत, रूस के तेल प्रतिबंधों में छूट

रूस से तेल खरीदने पर 100 फीसदी टैरिफ का खतरा टला

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब अमेरिका रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने और यूक्रेन युद्ध को लेकर अपनी रणनीति पर काम कर रहा है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने की योजना पर फिलहाल रोक लगाकर भारत को राहत दी है। ट्रंप ने जारी कार्यकारी आदेश में रूस से जुड़े कुछ प्रतिबंधों और शुल्कों को लागू करने से छूट देने की घोषणा की। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को भेजे गए प्रमाणपत्र में कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में यह छूट देना अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है। इस फैसले से भारत और चीन जैसे देशों को संभावित व्यापारिक नुकसान से राहत मिलने की उम्मीद है।

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब अमेरिका रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने और यूक्रेन युद्ध को लेकर अपनी रणनीति पर काम कर रहा है। रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की योजना से भारत के निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में नुकसान होने की आशंका थी। हालांकि, फिलहाल मिली छूट का मतलब यह नहीं है कि भविष्य में ऐसे शुल्क दोबारा लगाने का विकल्प पूरी तरह समाप्त हो गया है।

ट्रंप ने राष्ट्रीय हित का हवाला देकर प्रतिबंधों में दी छूट



पीएम मोदी और ट्रंप (फाइल फोटो)

क्या था 100% टैरिफ लगाने का प्रावधान

ट्रंप ने सितंबर 2026 में 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट, 2026' पर हस्ताक्षर किए थे। इस कानून का उद्देश्य रूस के साथ ऊर्जा कारोबार करने वाले देशों पर दबाव बनाना और यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए रूस को मिलने वाले आर्थिक संसाधनों को सीमित करना था। इस कानून के तहत रूस से तेल या गैस खरीदने वाले प्रमुख देशों से अमेरिका आने वाले सामान पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रावधान किया गया था। इसके अलावा, रूस के ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं और प्रतिबंधों से बचने में उसकी मदद करने वाली विदेशी इकाइयों के खिलाफ भी कार्रवाई का रास्ता बनाया गया था।

भारत को कैसे मिलेगा फायदा?

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता है। यदि भारतीय सामान पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ लगाया जाता, तो अमेरिका को निर्यात करने वाले भारतीय कारोबारियों की लागत बढ़ सकती थी। इससे उनके उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे होते और प्रतिस्पर्धा प्रभावित होने की आशंका रहती। अतिरिक्त शुल्क से कपड़ा, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन और अन्य निर्यात क्षेत्रों पर संभावित दबाव पड़ सकता था। हालांकि, वास्तविक असर इस बात ▶▶शेष पेज 8 पर

भारत और चीन जैसे देशों को अब संभावित व्यापारिक नुकसान नहीं होगा

पहले भी रूसी तेल बना था विवाद की वजह

रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत और अमेरिका के बीच पहले भी व्यापारिक तनाव पैदा हुआ था। 2025 में ट्रंप प्रशासन ने भारत पर रूसी कच्चे तेल की खरीद से जुड़ा अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था। इसके अलावा 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ भी लागू किया गया था। फरवरी 2026 में अतिरिक्त शुल्क हटाए जाने और भारत-अमेरिका व्यापार ढांचे के तहत पारस्परिक टैरिफ को 18 प्रतिशत किए जाने की जानकारी भी रिपोर्ट में दी गई है।



नाले में गिरी बस को क्रेन की सहायता से निकाला गया

खाटू श्याम बस हादसा बैतूल-भोपाल के 8 लोगों की मौत

एक्सप्रेस-वे से नाले में गिरी ड्राइवर को आ गई थी झपकी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोटा में हुई दुर्घटना पर जताया शोक

परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/मुलताई

राजस्थान के कोटा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए बस हादसे में मध्य प्रदेश के 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 5 बैतूल के मुलताई और तीन लोग भोपाल के रहने वाले थे। सभी लोग टैंपो ट्रैवलर से भोपाल से खाटू श्यामजी जा रहे थे। कराड़िया क्षेत्र में सीमलिया थाना अंतर्गत सुबह करीब 6.30 से 7 बजे के बीच हुए इस हादसे में बैतूल जिले सहित मध्यप्रदेश के अन्य क्षेत्रों के 15 घायल यात्रियों को कोटा के दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि सुबह ड्राइवर को झपकी आ गई थी। पुलिस से प्राप्त घायलों की सूची के अनुसार, आठ घायलों का ▶▶शेष पेज 8 पर

पीड़ित परिजनों के संपर्क में हैं प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्यसचिव एवं एडीजी से चर्चा की। जिसके बाद पुलिस, प्रशासन एवं स्वास्थ विभाग की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हो गई। खंडेलवाल स्थिति पर सतत नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कोटा सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मोबाइल पर चर्चा कर हादसे की विस्तार से जानकारी ▶▶शेष पेज 8 पर

स्वास्थ्य विभाग ने गांव में लगाया शिविर

त्रयोदशी: रसगुल्ले खाने से 1000 लोग पड़े बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया



■ उल्टी, पेट दर्द और सिरदर्द की शिकायत

जिले की भांडेर तहसील के उड़ीना गांव में त्रयोदशी कार्यक्रम में भोजन करने के बाद करीब एक हजार लोगों की तबीयत बिगड़ गई। ग्रामीणों को उल्टी, पेट दर्द और सिरदर्द की शिकायत हुई। इनमें से कुछ मरीजों को जिला अस्पताल सहित इंदरगढ़ और भांडेर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य ▶▶शेष पेज 8 पर

मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

रात को नूडल्स खाकर सो गया परिवार, 5 की मौत



एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

■ फूड पॉइजनिंग से मौत की आशंका

रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के नगला श्रीगोपाल गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत के मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतका ललिता के मायके पक्ष ने उसकी सास ▶▶शेष पेज 8 पर

उज्जैन: सब्जी मंडी में हादसा

गोवंश से भरी पिकअप ने 4 लोगों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



■ एक की मौत तीन गंभीर चालक फरार

खाचरौद की लालबाई-फूलबाई सब्जी मंडी में शनिवार सुबह गोवंश से भरी तेज रफ्तार पिकअप ने चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में रेखा नाम की महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके पति नंदराम, सागरबाई और भेरूलाल घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर ▶▶शेष पेज 8 पर

21 से 23 अक्टूबर तक खुलेगा आईपीओ

जियो आईपीओ को लेकर निवेशकों में भारी उत्साह, 2.5 लाख करोड़ की मांग

19 अक्टूबर को एंकर निवेशकों की बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स के आगामी आईपीओ को लेकर निवेशकों के बीच काफी दिलचस्पी देखने को मिल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक आईपीओ में निवेश के लिए घरेलू और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से



फाइल फोटो

करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए की मांग सामने आई है। यह राशि लगभग 30,200 करोड़ रुपए के प्रस्तावित इश्यू आकार से 8 गुना से भी अधिक है। एक ओर संस्थागत निवेशकों की दिलचस्पी चर्चा में है, वहीं दूसरी ▶▶शेष पेज 8 पर

1,119 रुपए प्रति शेयर तक होगा मूल्य

जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ का मूल्य दायरा 1,065 से 1,119 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। न्यूनतम आवेदन 12 शेयरों के एक लॉट के लिए होगा। ऊपरी मूल्य दायरे के आधार पर एक लॉट खरीदने के लिए निवेशक को 13,428 रुपए की राशि की आवश्यकता होगी।

आपका विधायक आपके साथ एप का किया लोकार्पण

नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल पर साधा निशाना

विदेशी टूलकिट गैंग का मोहरा बनकर देशहित के खिलाफ काम कर रहे राहुल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह विदेशी टूलकिट गैंग का मोहरा बनकर देशहित के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा को कुछ देशविरोधी ताकतें पचा नहीं पा रही हैं। चुनावी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ना लोकतंत्र और जनमत का अपमान



है। नितिन नवीन शनिवार को पटना के कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बनाए गए 'कुम्हरार सेवा सहायता पोर्टल-आपका विधायक आपके साथ' एप के लोकार्पण समारोह को ▶▶शेष पेज 8 पर

चुनाव आयोग पर सवाल उठाने पर यह बोले नवीन

भाजपा अध्यक्ष ने चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का जिक्र करते हुए कहा कि 30 सितंबर 2025 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद विपक्षी दलों ने बूथ स्तर पर अपने ▶▶शेष पेज 8 पर

बच्चों को ऑनलाइन यौन शोषण सामग्री से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट सख्त

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चाइल्ड मोड (बच्चों के लिए सुरक्षित मोड) लागू होना चाहिए

इंटरनेट हर व्यक्ति का मौलिक हक उम्र के आधार पर रोक संभव नहीं

- बच्चों को ऑनलाइन यौन शोषण सामग्री से बचाने के लिए एक सख्त फ्रेमवर्क बनाया जाए
- इससे जुड़ी सामग्री की पहचान करने और उसे हटाने के लिए डिजिटल पहचानकर्ताओं और यूआरएल का एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट तक पहुंच को बच्चों के लिए भी एक मौलिक अधिकार माना है। अदालत ने इंटरनेट के इस्तेमाल पर उम्र से जुड़ी किसी भी तरह की पाबंदी लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा-हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि संविधान के अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत, इंटरनेट तक पहुंच और उसका इस्तेमाल करना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। हमारे बच्चों को चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो समान अधिकार प्राप्त हैं। इन अधिकारों से पूरी तरह वंचित करना उतना ही बेतुका होगा, जितना यह कहना कि एक उम्र से कम उम्र के बच्चों में न तो ऐसी कोई ▶▶शेष पेज 8 पर



सोशल मीडिया कंपनियों पर की सख्त टिप्पणी

अदालत ने अधिकारियों और सोशल मीडिया कंपनियों को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि पीड़ितों की सुरक्षा के लिए कोई गंभीर पहल नहीं की गई है। साथ ही स्पष्ट दिशा-निर्देश होने के बावजूद बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री के बार-बार सामने आने पर भी सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि ▶▶शेष पेज 8 पर

सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग


याचिकाकर्ताओं ने रिपोर्ट करने के लिए एक समान प्रक्रिया, एक केंद्रीय पोर्टल और नियमों का पालन न करने वाली सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अदालत ने इन चिंताओं पर गौर करते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह बच्चों के शोषण से जुड़ी सामग्री की पहचान करने और उसे हटाने के लिए डिजिटल पहचानकर्ताओं और यूआरएल का एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करे।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026

7 टीबी अस्पताल और जिला कोर्ट के पीछे तस्कर ...



10 पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक मुखौटों से...



फायर ब्रिगेड का पहिया चढ़ने से महिला की एड़ी की हड्डी क्रैक, करना पड़ा ऑपरेशन

हादसे के बाद निगम की कार्रवाई तेज, फिर भी दुकानदारों ने पीली पट्टी मिटाकर आगे बढ़ाई दुकानें, निगम ने एक ट्रक सामान किया जब्त

- न्यू मार्केट में शुक्रवार को 6 घंटे तक निगम ने की कार्रवाई
- नाहर हॉस्पिटल में भर्ती है घायल महिला, तीन दिन तक होगी निगरानी
- समझाइश के बाद भी नहीं माने दुकानदार होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट में अतिक्रमण हटाने और आग से बचाव की मॉकड्रिल कराने पहुंचा नगर निगम खुद सवालों के घेरे में है। शुक्रवार को मॉकड्रिल के दौरान दमकल का पहिया महिला ग्राहक रानी उपाध्याय (45) के पैर पर चढ़ गया। हादसे में उनकी एड़ी की हड्डी क्रैक हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां रात में ऑपरेशन किया गया। इसके बाद शनिवार को निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज की, लेकिन दुकानदारों द्वारा पीली पट्टी मिटाकर आगे दुकानें लगाने का मामला भी सामने आया है। इससे साफ है कि बाजार में अतिक्रमण रोकने की चुनौती अब भी बनी हुई है।



अस्पताल में भर्ती घायल महिला।

एड़ी की हड्डी जोड़ने के लिए ऑपरेशन, तीन दिन निगरानी

शुक्रवार शाम रानी अपने पति योगेश उपाध्याय के साथ खरीदारी करने न्यू मार्केट पहुंची थीं। इसी दौरान निगम की मॉकड्रिल चल रही थी और फायर ब्रिगेड का पहिया उनके पैर पर चढ़ गया। घायल रानी को नाहर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पति के मुताबिक, चोट इतनी गंभीर थी कि एड़ी की हड्डी को जोड़ने के लिए डॉक्टरों को ऑपरेशन करना पड़ा। पैर में तार लगाकर हड्डी को स्थिर किया गया है।

निगम ने पीली पट्टी मिटाकर दुकानें आगे बढ़ाने पर दी जुर्माने की चेतावनी



न्यू मार्केट में कुछ इस तरह पीली पट्टी का नियम तोड़ रहे दुकानदार।

निगम ने दुकानों के सामने पीली पट्टी खींचकर उसके आगे सामान नहीं रखने की हिदायत दी थी। इसके बावजूद कुछ दुकानदारों पर पट्टी मिटाकर करीब तीन फीट आगे नई लाइन खींचने का आरोप है। निगम ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। न्यू मार्केट व्यापारी संरक्षण समिति के अध्यक्ष सतीश गंगराड़े, अजय देवयानी और पुरुषोत्तम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का स्वागत किया। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया, नासिर खान और फायर ऑफिसर सौरभ पटेल की मौजूदगी में टीम ने अनाउंसमेंट कर दुकानदारों को समझाइश दी जिसकी दुकाने हटाई जा रही है वहां दुबारा दुकाने लगी तो बड़ी कार्रवाई उनके खिसाफ की जाएगी। साथ ही जिस दुकानदारो ने अपने दुकाने के आगे जगह दी तो उनपर भी जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

पति ने थाने में की शिकायत, निगम अधिकारियों पर लगाए आरोप

योगेश उपाध्याय ने टीटी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि हादसे के बाद निगम का कोई अधिकारी उनकी पत्नी का हाल जानने अस्पताल नहीं पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने महिला के ठीक होकर पति के साथ घर जाने की बात कही, जबकि वह खुद उन्हें अस्पताल लेकर आए थे। योगेश ने निगम अधिकारियों के खिलाफ भी शिकायत करने की बात कही है।

दोपहर 2 से रात 8 बजे तक कार्रवाई, एक ट्रक सामान जब्त

शनिवार को दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक निगम की टीम ने न्यू मार्केट में कार्रवाई की, हनुमान मंदिर, टॉप एन टाउन, पिंक पार्किंग और क्वालिटी रेस्टोरेंट सहित आसपास के क्षेत्रों से हॉकर्स का सामान हटवाया गया। दुकानों के बाहर रखे काउंटर, टेबल और कुर्सियां भी हटवाई गईं। कार्रवाई में एक ट्रक सामान जब्त किया गया।



दिनभर चलता रहा थाने के बाहर प्रदर्शन, शाम को परिजन ने किया बेटी का अंतिम संस्कार

पोस्टमार्टम में दुष्कर्म की पुष्टि, थाने के बाहर फिर हंगामा, परिजन बोले-आरोपी हमारे हवाले कर दो



बैरागढ़ थाना के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फुल पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया जाएगा केस

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी नाबालिग को बिल्डिंग में ले जाता नजर आया, 50 मिनट के बाद बाहर निकला

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा प्लाजा के पास खंडहरनुमा बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर 13 साल की किशोरी से दुष्कर्म कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। शॉट पीएम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है, लेकिन दांत तोड़े जाने की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस फुल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। फुल पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस आरोपी मुईन के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज करेगी। इसके अलावा एक अतिरिक्त धारा नाबालिग को नशा करने की भी आरोपी के खिलाफ दर्ज की जाएगी।

घेराव की सूचना मिलने के बाद पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे



बैरागढ़ थाने के सामने मुख्य सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते लोग, जिससे जाम की स्थिति बन गई।

शनिवार दोपहर किशोरी के परिजन, रिश्तेदार और आसपास रहने वाले लोग एक बार फिर बैरागढ़ थाने पहुंचे थे। सभी ने मिलकर थाने का घेराव कर दिया। वह कहने लगे कि आरोपी मुईन को हमारे हवाले कर दो। उसे हम सजा देंगे। हंगामा और घेराव की सूचना मिलने के बाद पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे परिजन को समझाइश देने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। शाम को जब परिजन को लगा कि बेटी का अंतिम संस्कार करना है, तब जाकर वह अंतिम संस्कार के लिए उठे और घेराव सहित प्रदर्शन खत्म किया।

इस तरह दिया था वारदात को अंजाम

उल्लेखनीय है कि बैरागढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाली 13 साल की किशोरी पन्नी बीनने का काम करती थी और गुरुवार रात आठ बजे वह घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। अगले ही दिन शुक्रवार दोपहर उसकी लाश कृष्णा प्लाजा के पास खंडहरनुमा बिल्डिंग से बरामद की गई थी। बिल्डिंग के सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि इलाके में रहने वाला 23 साल का मुईन उसे अपने साथ लेकर गया था। बिल्डिंग में ले जाकर उसने किशोरी के मुंह में वाइटनर वाला कपड़ा ठूंसा और उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

सीसीटीवी फुटेज किए जब्त

शुक्रवार रात करीब 9 बजे के आसपास आरोपी मुईन नाबालिग को लेकर खंडहर में पहुंचा था। इसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने जब्त किया है। जब्त फुटेज में आरोपी मुईन नाबालिग को बिल्डिंग में ले जाता हुआ नजर आ रहा है। इसके पचास मिनट बाद आरोपी बिल्डिंग से बाहर निकलता हुआ नजर आया।

कोलार के हिनौतिया आलम मल्टी का मामला पीएम के बाद सौंपा शव

निर्माणाधीन बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार के हिनौतिया आलम मल्टी में तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार रवि धुर्वे पिता गजराज धुर्वे (30) ग्राम दातला, तहसील जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा का रहने वाला था। वह हिनौतिया आलम में बन रही मल्टी में काम कर रहा था और मल्टी में ही रह रहा था। शुक्रवार शाम मल्टी में तीसरी मंजिल पर लिफ्ट के लिए निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान काम करते समय तीसरी मंजिल से रवि नीचे गिर गया। करीब चालीस फीट की ऊंचाई से गिरने से रवि को गंभीर चोट आई थी। साथी मजदूर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद रवि को मृत घोषित कर दिया। शव के पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। परिजन शव लेकर अपने गांव दातला, तहसील जुन्नारदेव के लिए निकल गए।

एम्स में भर्ती आतंकी एचआईवी पॉजिटिव, अन्य आतंकियों की भी होगी जांच

- एम्स में आतंकी को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल में इलाज के लिए भर्ती कराए गए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) से जु आतंकी एचआईवी पॉजिटिव पाया गया है। आतंकी के जेल में बंद होने के दौरान



एचआईवी की पुष्टि होने पर केंद्रीय जेल भोपाल में हड़कंप मच गया है। अब जेल में बंद अन्य आतंकी की भी एचआईवी जांच कराई जाएगी। एम्स भोपाल के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भोपाल सेंट्रल जेल में बंद आतंकी को एम्स में भर्ती कराया गया था। उसके शरीर में गंभीर खून की कमी पाई गई है। एम्स के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि एम्स में भर्ती आतंकी का मेडिकल चेकअप करने के साथ एचआईवी जांच की गई थी। जांच रिपोर्ट एचआईवी पॉजिटिव आने की चर्चा है।

विशेष सुरक्षा बल भी तैनात

साथ ही जेएमबी से जुड़े अन्य संदिग्धों की भी एचआईवी जांच कराए जाने की खबर है। एम्स में आतंकी को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। उसकी निगरानी के लिए जिला पुलिस बल के साथ-साथ विशेष सुरक्षा बल भी तैनात किया गया है।

एम्स में पांचवां सफल हृदय प्रत्यारोपण, मुंबई-नासिक में इलाज के बाद भी नहीं मिला थ आराम

महज 15 प्रतिशत धड़क रहा था मरीज का हार्ट, एम्स में मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाराष्ट्र और नासिक में इलाज कराने के बाद भी आराम नहीं मिलने से परेशान एक गंभीर हार्ट पेंशेट को एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने नया जीवन दिया है। एम्स के डॉक्टरों ने महाराष्ट्र के नासिक निवासी मरीज का पांचवां सफल हार्ट ट्रांसप्लांट कर उसे नई जिंदगी दी। मरीज के हृदय के धड़कने की क्षमता महज 15 प्रतिशत रह गई थी।

मुंबई और नासिक में उपचार के बावजूद राहत न मिलने पर वह एम्स भोपाल पहुंचा। आखिरकार 9 सितंबर को अस्पताल से फोन आया कि ब्रेन-स्टेम डेथ घोषित एक मरीज के परिजनों ने अंगदान के लिए सहमति दे दी है।

इसके बाद उसका सफल हृदय प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद उसे कुछ दिनों तक आईसीयू में चिकित्सकीय टीम की निगरानी में रखा गया। स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसे वार्ड में स्थानांतरित किया गया और आगे उपचार एवं देखभाल जारी रही। अब मरीज की स्थिति में संतोषजनक सुधार है और अब उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

- ऑपरेशन के बाद आईसीयू में रखी गई निगरानी, अब स्वस्थ होने पर दी गई छुट्टी।



ऑपरेशन के बाद मरीज से हालचाल लेते डॉक्टर।

सामान्य कार्य करने में भी असमर्थ था मरीज

प्रत्यारोपण प्राप्त करने वाले मरीज ने मुंबई और नासिक में उपचार कराया, लेकिन उसे अपेक्षित राहत नहीं मिली। उसकी हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि दैनिक दिनचर्या के सामान्य कार्य करना भी मुश्किल हो गया था। एक रिश्तेदार की सलाह पर उसने एम्स भोपाल में उपचार कराने का निर्णय लिया। यहां विस्तृत जांच के बाद चिकित्सकों ने पाया कि उसके हृदय के धड़कने की क्षमता महज 15 प्रतिशत रह गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकीय टीम ने हृदय प्रत्यारोपण को उपचार का अंतिम विकल्प बताया।

इन डॉक्टरों की टीम ने किया सहयोग

हार्ट ट्रांसप्लांट में एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. नरेंद्र कोतवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विकास गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। ट्रांसप्लांट टीम में डॉ. योगेश निवारिया, डॉ. एम. किशन, डॉ. सुरेंद्र यादव, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विक्रम वट्टी, डॉ. आदित्य सिरोही, डॉ. अंजलि तिवारी, कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. भूषण शाह, डॉ. सुदेश प्रजापति ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, एनेस्थिसियोलॉजी टीम से डॉ. वैशाली वेंडेस्कर, डॉ. पूजा, डॉ. सुनैना तेजपाल कर्ण, डॉ. हरीश और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर दिनेश मीणा ने समन्वय की जिम्मेदारी निभाई।

अंगदान की सहमति देने के कारण हो सका संभव

यह जीवनरक्षक प्रत्यारोपण ब्रेन-स्टेम डेथ घोषित मरीज के परिजनों द्वारा अंगदान की सहमति देने के कारण संभव हो सका, जिसने समाज में अंगदान के महत्व और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह उपलब्धि दर्शाती है कि भोपाल अब दूसरे राज्यों के मरीजों के लिए भी उन्नत चिकित्सा सेवाओं का एम्स भोपाल भरोसेमंद केंद्र बनकर उभर रहा है।

भोपाल में बादल और कुछ जिलों में बारिश

10 फीसदी नमी बढ़ी तो 4 डिग्री तक उछला रात का पारा, बादल छाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अभी मौसम में बदलाव लगातार जारी है। शनिवार को शहर की हवा में नमी की मात्रा करीब 10 फीसदी बढ़ने से रात का पारा अचानक 3.6 डिग्री बढ़ गया। गुरुवार से शुक्रवार के बीच शहर की हवा में सुबह 52 फीसदी तक नमी थी, जो शनिवार सुबह 62 प्रतिशत रही। इससे सुबह से शाम तक हल्के बादलों की जमावट से धूप की तेजी में कुछ कमी महसूस की गई। प्रदेशभर में नमी की मात्रा औसतन 10 से 12 फीसदी तक बढ़ने से मौसम में कुछ बदलाव जारी रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले 3 से 4 दिन ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दक्षिण मप्र और यूपी में सकुर्लेशन होने से प्रदेश में नमी बढ़ी है। भोपाल में भी बादल, दो से तीन दिन में हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। रविवार तक राजगढ़, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और बौछारें पड़ सकती हैं।

भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष : 13, अंक : 198 ■ पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 32 न्यून.22 haribhoomi.com



महाष्टमी आज

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

13 फोकिना ने किया बड़ा उलटफेर, विश्व...



आजकल
04 एसआईआर की आड़ में ...

कोलकाता के चोरबागान सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़

18 लोगों की मौत 45 से ज्यादा घायल



अपनों को खोने के बाद विलाप करते परिजन

- बारिश से बचने के लिए पंडाल में रुके थे लोग, भीड़ के दबाव में मची अफरा-तफरी
- सीएम सुवेंदु अधिकारी ने अस्पताल पहुंचकर हालात की समीक्षा की, जांच के आदेश दिए
- पीएम मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख मुआवजे का ऐलान
- टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003455678 जारी किया है, प्रभावित परिवार इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के चोरबागान सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार शाम भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 45 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में चार पुरुष, 13 महिलाएं और सात साल का एक बच्चा शामिल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पंडाल में दर्शन बंद कर दिए गए और शहर के कई अन्य प्रमुख पूजा पंडालों में भी एहतियातन लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 7:40 बजे बारिश शुरू होने के बाद पंडाल में भीड़ बढ़ गई थी। बारिश से बचने के लिए कई लोग अंदर रुक गए थे। इसी दौरान नए दर्शनार्थियों के प्रवेश और लोगों ▶▶शेष पेज 8 पर



घायलों को अस्पताल ले जाते हुए

सीएम ने अस्पताल में बुलाई आपात बैठक

घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक की। बैठक में घायलों के उपचार, अस्पतालों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने और राहत कार्यों की समीक्षा की गई। घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। शुरुआती जानकारी में करीब 35 लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजे जाने की बात कही गई थी। बाद में घायलों की संख्या 45 से अधिक बताई गई। मृतकों और घायलों का आंकड़ा बढ़ सकता है।



पंडाल हादसे के बाद

कैसे हुआ हादसा?

शाम करीब 7:40 बजे बारिश शुरू होने के बाद पंडाल में भीड़ बढ़ी, इसी दौरान नए दर्शनार्थियों के प्रवेश की कोशिश के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई और भगदड़ मच गई और उनके ऊपर दूसरे लोग भी गिरते चले गए।

हैदराबाद में डांडिया नाइट के दौरान हादसा, छात्रा की मौत, कई जख्मी

हैदराबाद। तेलंगाना के नादरगुल स्थित एमवीएसआर इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को डांडिया नाइट के दौरान बड़ा हादसा हो गया। लाइटिंग के लिए लगाया गया एक ढांचा गिरने से प्रथम वर्ष की छात्रा सोना नारायण दास की मौत हो गई, जबकि कई अन्य छात्र घायल हो गए। सोना इंजीनियरिंग की छात्रा थी। हादसे में उसकी बहन मीना नारायण दास भी गंभीर रूप से घायल हुई है। उसका नादरगुल के पास स्थित प्रत्युषा अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल, मौजूद छात्रों की संख्या की जानकारी सामने नहीं आई है।









अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीमिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू से चर्चारत सीएम डॉ. यादव

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू से मिले सीएम डॉ. यादव



आंध्र प्रदेश की एक दिवसीय यात्रा में सीएम चंद्रबाबू नायडू से भेंट के दौरान चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आंध्र प्रदेश की एक दिवसीय यात्रा में वहां के मुख्यमंत्री एन. चंद्राबाबू नायडू से अमरावती के मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू को मप्र में संचालित विकास कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी और आंध्र प्रदेश में हुई मुलाकातों के बारे में भी बताया।



अभिनेता विजय देवरकोंडा एवं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने भी डॉ. यादव ने की भेंट।

चर्चा रही सुखद

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हो रहा है। उन्होंने विभिन्न राज्यों के उद्योगपतियों से मप्र में निवेश के लिये उन प्रदेशों के शहरों में जाकर भेंट की है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री नायडू को बताया कि मप्र में निवेश के लिए आंध्र प्रदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों से हुई चर्चा सुखद रही है।



उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण से भेंट करते डॉ. यादव।

समर्थन मूल्य पर होगी सोयाबीन खरीदी, जल्द शुरू होगा पंजीयन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में किसानों के लिए खेत में खाद-बीज, बिजली-पानी की बेहतर व्यवस्था करने से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। वर्तमान में देश-दुनिया में न्यूट्रिशन बेस्ड फूड की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में मप्र विशेष लाभ की स्थिति में है। मप्र में सोयाबीन खरीदी के लिए पंजीयन की व्यवस्था जल्द शुरू होगी, इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश अन्न उत्पादन में दूसरे और दुग्ध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। दलहन, मिलेट और मत्स्य उत्पादन में भी मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी है। प्रदेश का खाद्य उत्पादन से लेकर खाद्य प्रसंस्करण तक मजबूत इको-सिस्टम है। बड़े पैमाने पर हो रहा सोयाबीन का उत्पादन हमारे किसानों के साथ-साथ प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था के लिए विशेष महत्व रखता है। सोयाबीन हमारे किसानों की गाढ़ी कमाई होने के साथ-साथ घर-घर का पोषण और उद्योगों के लिए कच्चा माल है। प्रदेश का सोया खेतों से निकलकर दुनिया के बाजारों में अपनी पहचान बना रहा है। इससे किसानों की आय भी बढ़ रही है, साथ ही प्रदेश में उद्योगों को भी गति मिल रही है।

पीएम मित्रा पार्क और कपास उत्पादन के लिए दिया आमंत्रण

टैक्सटाइल में निवेश को लेकर उद्योगपतियों से मिले मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मोहन स्पिनटेक्स इंडिया लिमिटेड के संस्थापक एवं प्रबंध संचालक वी. सुधाकर चौधरी तथा अनंत लक्ष्मी स्पिनिंग मिल्स के अध्यक्ष सामिनेनी कोटेश्वर राव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दोनों उद्योगपतियों को धार स्थित पीएम मित्रा पार्क और प्रदेश के कपास उत्पादक क्षेत्रों में इकाइयां स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

चर्चा में स्पिनिंग, होम टेक्सटाइल, बुनाई और प्रसंस्करण इकाइयों के लिए प्रदेश में उपलब्ध अवसरों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में उद्योगपतियों व निवेशकों से मिलकर चर्चा की। उन्होंने निवेश के लिए विभिन्न तरह की रियायतों के बारे में निवेशकों को जानकारी दी। चौधरी के साथ कृभको के अध्यक्ष के रूप में जैव-उर्वरक, कृषि आदान और कृषि लॉजिस्टिक्स में निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में तेनाली डबल हॉर्स के प्रबंध संचालक मोहन श्याम प्रसाद के साथ प्रदेश के दलहन उत्पादक क्षेत्रों के समीप दाल मिल स्थापित करने की संभावनाओं पर संवाद हुआ। कॉन्टिनेंटल कॉफी के महाप्रबंधक मीनावल्ली बलराम से उत्तर और मध्य भारत के बाजारों में आपूर्ति के लिए मध्यप्रदेश में कॉफी ब्लेंडिंग, पैकिंग एवं वितरण केंद्र विकसित करने पर विचार-विमर्श किया गया।



निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

विद्युत उत्पादन क्षेत्रों की औद्योगिक आवश्यकताओं पर चर्चा

इंजीनियरिंग क्षेत्र में क्रिस्टना इंजीनियरिंग वर्क्स के संचालक बी. राजा शेखर के साथ प्रदेश के सीमेंट, खनन और विद्युत उत्पादन क्षेत्रों की औद्योगिक आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। इन उद्योगों के समीप कास्टिंग, मशीनिंग, कलपुर्जों और सर्विस सेंटर से संबंधित इकाइयों की स्थापना की संभावनाओं पर विचार किया गया। रामकोर ग्रुप के अध्यक्ष केवीएस प्रकाश राव से प्रदेश में वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टरों के डीलर नेटवर्क के विस्तार तथा ऑटो-सर्विस क्षेत्र में कौशल विकास पर चर्चा हुई।

नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की

सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में निवेश को लेकर फॉर्च्यून मुरली ग्रुप के प्रबंध संचालक मुत्तवरपु मुरली से संवाद हुआ। मुख्यमंत्री ने उज्जैन, इंदौर और ओंकारेश्वर में होटल व्यवसाय एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधोसंरचना और नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। ऋत्विक प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर एवं लोकसभा सांसद डॉ. सी.एम. रमेश तथा कंपनी के कार्यकारी संचालक श्री सी.एम. राजेश के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। कंपनी अधोसंरचना विकास, इंजीनियरिंग एवं निर्माण, सिंचाई, बांध निर्माण और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में कार्यरत है।

धरती सेवा पदयात्रा के तहत स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

‘75 कदम अभियान’ के अंतर्गत सेवा पदयात्रा में खंडेलवाल ने की सहभागिता



धरती सेवा पदयात्रा में स्वच्छता अभियान में खंडेलवाल ने किया श्रमदान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल जिले के कोठीबाजार स्थित हनुमान मंदिर और न्यू बैतूल ग्राउंड के पास ‘75 कदम अभियान‘ के अंतर्गत 30 दिवसीय धरती सेवा पदयात्रा में सहभागिता कर स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि बैतूल को पॉलीथिन और कैंसर मुक्त बनाने के लिए संचालित यह अभियान समाज को जोड़ने और जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम है। स्वच्छता अभियान में पर्यावरणविद एवं वरिष्ठ खिलाड़ी हेमंतचंद्र ‘बबलू’ दुबे सहित टीम के सदस्य, स्थानीयजन एवं विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

संत दादागुरु महाराज से प्रदेश अध्यक्ष ने लिया आशीर्वाद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल स्थित निवास पर शनिवार को संत श्री दादागुरु महाराज का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। खण्डेलवाल ने कहा कि संत दादागुरु महाराज का आगमन सौभाग्य एवं आध्यात्मिक प्रेरणा का अवसर है। संतों का आशीर्वाद भारतीय संस्कृति की उस समृद्ध परंपरा का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धा, सेवा, संस्कार और लोककल्याण को विशेष महत्व दिया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी: खंडेलवाल

भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने राजस्थान प्रदेश के कोटा जिले के सीमलिया के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में बैतूल के आठ श्रद्धालुओं के निधन पर शोक व्यक्त किया है। खण्डेलवाल ने कहा कि बैतूल के आठ श्रद्धालुओं के दुखद निधन एवं अन्य श्रद्धालुओं के घायल होने की घटना अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदयविदारक है। खण्डेलवाल ने हादसे की जानकारी मिलते ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मुख्य सचिव से चर्चा कर घटना की स्थिति तथा पीड़ितों को उपलब्ध कराई जा रही सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मध्यप्रदेश सरकार राजस्थान शासन एवं प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाकर पीड़ित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा घायलों के समुचित उपचार एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं।

मत्स्य पालन में निवेश और निर्यात की संभावनाओं को मिलेगी गति

फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव 2026 का भोपाल में किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन क्षेत्र में निवेश, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात की संभावनाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से 23 अक्टूबर को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा।

मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने बताया कि कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य मप्र सहित देश के अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन को आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों, कोल्ड-चेन अधोसंरचना, मूल्य संवर्धन और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्यात बाजारों से जोड़ना है। सम्मेलन में देश के प्रमुख निवेशक, निर्यातक, मत्स्य उद्यमी, स्टार्ट-अप्स और संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेकर मत्स्य उद्योग में निवेश एवं व्यापार विस्तार की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

उद्योगों के विकास की व्यापक संभावनाएं

मप्र में लगभग 4 लाख 50 हजार हेक्टेयर जल क्षेत्र उपलब्ध है, जो अंतर्देशीय मत्स्य पालन, केज कल्चर और मत्स्य आधारित उद्योगों के विकास की व्यापक संभावनाएं प्रदान करता है। राज्य सरकार का प्रयास इस जल संपदा का बेहतर उपयोग कर मत्स्य उत्पादन के साथ प्रसंस्करण, विपणन और निर्यात को प्रोत्साहित करना तथा मत्स्य पालकों की आय एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना है।

प्रदेश के जलाशयों एवं अमृत सरोवरों के एकीकृत विकास

कॉन्क्लेव में मप्र राज्य मत्स्य निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन नीति-2026' तथा अंतर्देशीय राज्यों की मत्स्य निर्यात क्षमता को बढ़ाने से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में एकीकृत केज कल्चर इकाइयों का वर्चुअल उद्घाटन भी होगा। साथ ही प्रदेश के जलाशयों एवं अमृत सरोवरों के एकीकृत विकास से संबंधित परियोजनाओं के प्रशासनिक स्वीकृति-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

चयनित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे

हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के लिए केसीसी, मत्स्य सहकारी समितियों, स्टार्ट-अप्स तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। कॉन्क्लेव मप्र को अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन के साथ मत्स्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे मत्स्य क्षेत्र में नवीन निवेश आकर्षित करने, आधुनिक अधोसंरचना विकसित करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने को गति मिलेगी।

नौवीं अनुसूची में शामिल करने की संभावनाओं पर हो विचार

ओबीसी आरक्षण को लेकर सिंघार ने लिखा राज्यपाल, मुख्यमंत्री को पत्र



आंकड़ों के आधार पर विधिक कार्रवाई और निर्णय लेने की मांग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विस में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने के लिए राज्यपाल एवं सीएम को पत्र लिखकर आवश्यक संवैधानिक और विधिक कार्यवाही किए जाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग को सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक न्याय दिलाने तथा शासन-प्रशासन में उसकी समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का विषय अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में उल्लेख किया कि वर्ष 2019 में राज्य शासन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के संबंध में विधिक प्रावधान किए गए थे। इस विषय में उच्च न्यायालय के संबंधित न्यायिक निर्णयों और वर्तमान विधिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

आरक्षण संबंधी प्रावधानों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कराने की संभावनाओं पर विचार किया जाए। उन्होंने ओबीसी समुदाय की सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति और प्रतिनिधित्व से जुड़े अद्यतन एवं विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर आवश्यक विधिक प्रस्ताव तैयार करने पर भी जोर दिया। उच्च न्यायालय के संबंधित निर्णयों और लागू संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप उपलब्ध विधिक विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री बैठक में हुए शामिल

जनता की समस्याओं को समझकर सेवा कार्यों के जरिए अर्जित करें संपूर्ण विश्वासः चंद्रशेखर



भोपाल एवं रायसेन की कोर ग्रुप एवं जिला बैठक को संबोधित करते चंद्रशेखर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने प्रदेश कार्यालय में भोपाल एवं रायसेन जिले की कोर ग्रुप एवं जिला बैठक को संबोधित किया। चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा संगठन की व्यापकता और जनविश्वास बढ़ाने के लिए हर स्तर पर सक्रियता जरूरी है। पार्टी कार्यकर्ता समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन के कार्यों को पहुंचाकर संगठन को और मजबूत बनाएं। नियमित संगठनात्मक प्रयास, प्रभावी जनसंपर्क और समन्वित कार्यशैली से संगठन की ताकत बढ़ती है। कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को समझकर सेवा कार्यों के जरिए विश्वास अर्जित करें। भाजपा की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ करना होगा। संगठन का विस्तार केवल औपचारिक गतिविधियों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनता के बीच निरंतर उपस्थिति, आपसी तालमेल और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है।

नियमित प्रवास और बूथ स्तर की सक्रियता

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से ही पार्टी समाज के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं को समझते हुए उनके बीच अपना विश्वास और अधिक मजबूत कर सकती है। पार्टी में हर दायित्व का अपना महत्व है और सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता से ही संगठनात्मक लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

मजबूत करें जनता का भरोसा

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम की सफलता के लिए बेहतर योजना, आपसी समन्वय और सामूहिक उत्तरदायित्व जरूरी है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने के साथ समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित करना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए।

युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री चौहान, 7 राज्यों के युवाओं के साथ किया पौधरोपण

कुछ मुट्ठी भर लोग देश में शांति भंग करना चाहते हैं, लेकिन ये भारत है, बांग्लादेश नहीं

माय भारत के वालंटियर्स से मिलकर मन प्रफुल्लित, विकसित भारत निर्माण के लिए युवा शक्ति तैयार करने यह महत्वपूर्ण प्लेटफार्मः चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में सात राज्यों से आए युवाओं के साथ पौधरोपण किया और उनसे सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में युवाओं ने कई विषयों पर केंद्रीय मंत्री से सीधे सवाल पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से जवाब दिया। युवाओं से संवाद करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सात राज्यों से आए माई भारत के वालंटियर्स से मिलकर मेरा मन प्रसन्न हो गया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस दौरान कहा कि कुछ लोग बांग्लादेश की घटनाओं का हवाला देकर देश में अशांति फैलाने और लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और उनके सहयोगियों को जनता के जनादेश का सम्मान करना चाहिए।



उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग अलग-अलग नामों से सामने आ रहे हैं, लेकिन उनके इरादे एक जैसे हैं। मुट्ठी भर लोग देश में अराजकता फैलाना और शांति भंग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसे प्रयास सफल नहीं होंगे।

जनता विपक्ष को कई बार चुनाव में नकार चुकी है

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने बांग्लादेश मॉडल को आदर्श बताने और रेजीम चेंज करने वाले विपक्ष के बयानो पर पलटवार करते हुए कहा कि, अब इरादे जाहिर हो गए हैं और दिल की बात जुबान पर आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के मन में भी सत्ता परिवर्तन की इच्छा है, लेकिन चुनाव में जीत नहीं मिलने के कारण विपक्ष दूसरे रास्ते तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की करोड़ों जनता के हृदय में बसते हैं और जनता हमेशा उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देती है।

आदिवासी परिवारों की पीड़ा सीएम के सामने रखी गई

कोसमी में आदिवासी परिवारों की समस्याओं और उनकी मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि आदिवासी भाई-बहनों ने अपनी पीड़ा, तकलीफ, व्यथा और परेशानियां मुख्यमंत्री के सामने रखी हैं। उनकी मुख्य मांग यही थी कि उनकी बात को उचित तरीके से सुना जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें न्याय दिलाने का वचन दिया है। आदिवासी परिवारों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनना और उनकी बात पर उचित कार्रवाई करना आवश्यक है।

पांच साल में सरकार की होगी 492 करोड़ की बचत

108 एंबुलेंस कंपनी जेएईएस ने कांग्रेस के आरोपों को बताया झूठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश में संजीवनी, 108 एंबुलेंस, जननी एक्सप्रेस और 104 हेल्थ हेल्पलाइन के संचालन को लेकर कांग्रेस कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा बताते हुए जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (जेएईएस) कंपनी ने अपना पक्ष रखा है। जेएईएस ने वित्तीय अनियमितता, दूसरे राज्य में एम्बुलेंस पंजीयन, फर्जी बिलिंग और श्रम कानूनों के उल्लंघन जैसे आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया है कि सेवा संचालन के पहले साल में सरकार को करीब 98.40 करोड़ रुपए की बचत हुई और एंबुलेंस पर 410.40 करोड़ रुपए का निवेश किया गया। पहले वर्ष में मप्र सरकार को 98.40 करोड़ रुपए की बचत हुई।

जेएईएस कंपनी के अनुमान के मुताबिक पांच वर्षों में यह बचत करीब 492 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। बतादें कि कांग्रेस की पत्रकारवार्ता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की ओर से वर्ष 2024 तक कंपनी को करीब 948 करोड़ रुपए भुगतान किए जाने का मुद्दा उठाया गया था। इस पर कंपनी ने कहा कि एंबुलेंस और हेल्थ हेल्पलाइन सेवाओं के लिए हर महीने अनुबंध के अनुसार बिल प्रस्तुत किए जाते है।

खबर संक्षेप

एम्पीयर ने खोला नया एक्सपीरियंस सेंटर

भोपाल। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता एम्पीयर ने सीहोर के नए बस स्टैंड पर उपाध्याय ऑटोमोबाइल्स नाम से नया एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किया है। यहां ग्राहकों को इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री और सर्विस सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। सेंटर पर एम्पीयर नेक्सस ईएक्स+, मैग्नस जीमैक्स, मैग्नस नियो और रेओ वीवाईबी सहित कंपनी के विभिन्न मॉडल उपलब्ध होंगे। कंपनी के अनुसार, चुनिंदा मॉडलों में इंटेलिपैक तकनीक के साथ 30 से अधिक स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं।

फास्टट्रैक का नया पोलर एडिशन पेश

मुंबई। फास्टट्रैक ने नए ओशनिक्स पोलर एडिशन के जरिए युवाओं की विविध रुचियों और व्यक्तित्व को एक काल्पनिक जमी हुई दुनिया के रूप में पेश किया है। ब्रांड के 'नेवर सेम, नेवर सेन' अभियान के तहत 'फ्रीज आउट' कॉन्सेप्ट तैयार किया गया है, जिसमें बर्फीले महासागरों, बदलती बर्फ की आकृतियों और ध्रुवीय क्षितिजों के माध्यम से युवाओं के जुनून को दर्शाया गया है। अभियान जेनरेशन जेड की संगीत, फैशन, गेमिंग, फैनडम और संस्कृति जैसी रुचियों को उनकी पहचान का हिस्सा बताता है।

कॉर्पोरेट गिफ्टिंग डील्स पर 75 फीसदी तक छूट

बेंगलुरु। त्योहारी सीजन के लिए कॉर्पोरेट गिफ्टिंग डील्स पेश की हैं। अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान कारोबारियों को 10,000 से अधिक गिफ्टिंग विकल्पों पर 75 फीसदी तक छूट और योग्य थोक खरीद पर 14 फीसदी तक अतिरिक्त डिस्काउंट मिल रहा है। चुनिंदा श्रेणियों में 9,999 रुपए तक का अतिरिक्त कैशबैक भी उपलब्ध है। इन ऑफर्स में गिफ्ट हैंपर, हेडफोन, स्मार्टवॉच, बैग, इलेक्ट्रॉनिक्स, किचन अप्लायंसेज और ऑफिस संबंधी उत्पाद शामिल हैं।

जीई एयरोस्पेस भारत में खर्च दोगुना करेगा

नई दिल्ली। जीई एयरोस्पेस ने भारत में अपने घरेलू सप्लायर्स पर खर्च 2025 के मुकाबले 2030 तक लगभग दोगुना करने की घोषणा की है। कंपनी ने 2025 में भारतीय सप्लाई चेन पर करीब 20 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इस निवेश का उद्देश्य विमानन क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा करना और भारत के एयरोस्पेस उद्योग को मजबूत बनाना है। दिसंबर 2025 तक भारत में कमर्शियल एयरलाइंस की अधिकांश उड़ानें जीई एयरोस्पेस और उसके साझेदारों के 1,400 से अधिक इंजनों से संचालित हो रही थीं।

इको, फायर टीवी उपकरणों पर 45% तक की छूट

मुंबई। महा भारतीय उत्सव 2026 अमेजन में इको स्मार्ट स्पीकर और फायर टीवी उपकरणों पर 45 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं, फायर टीवी की सुविधा वाले स्मार्ट टेलीविजन पर 60 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। इस पेशकश के तहत इको डॉट 4,499, इको स्पॉट 6,999 और इको शो एट 18,999 रुपए में उपलब्ध है। नए इको डॉट मैक्स की कीमत 8,999 रुपए रखी गई है। फायर टीवी स्टिक एचडी 2,999, फायर टीवी स्टिक 4के सिलेक्ट 3,499 रुपए और फायर टीवी स्टिक 4के प्लस 5,499 रुपए में ले सकते हैं।

नवरात्रि पर 70 प्रतिशत तक की छूट

बेंगलुरु। नवरात्रि पर त्योहारी खरीदारी को किफायती बनाने के लिए अमेज़न बाज़ार पर आकर्षक छूट और विशेष ऑफर पेश किए गए हैं। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान ग्राहक फैशन, सौंदर्य प्रसाधन, रसोई और घर की सजावट सहित कई श्रेणियों में 70 प्रतिशत तक की छूट पा सकते हैं। कंपनी के अनुसार, मंच पर तीन करोड़ से अधिक उत्पाद उपलब्ध हैं। नवरात्रि के लिए जयपुरी शैली की घुंघरू वाली सैंडल 274 रुपए सुनहरे रंग का पारंपरिक हार 399 रुपए और ऑक्सीकृत आभूषण 198 रुपए में उपलब्ध हैं।

वाईईएफ भारत ने इंदौर अध्याय की शुरुआत की, रजत जैन बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

16 जनवरी को होगा राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

वाईईएफ भारत के राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2027 की तैयारियों का भी आगाज

प्रभावी नेतृत्व ईमानदारी पारदर्शिता और सामूहिक प्रयास आवश्यक



शहर के प्रमुख उद्यमी, उद्योगपति और अन्य लोग एक मंच पर आए।

युवा उद्यमियों के मंच वाईईएफ भारत ने 12 अक्टूबर को इंदौर अध्याय की आधिकारिक शुरुआत की। इस अवसर पर किमिरीका के सह-संस्थापक रजत जैन को वाईईएफ भारत का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख उद्यमियों, उद्योगपतियों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। मंच का उद्देश्य नैतिक व्यावसायिक मूल्यों को बढ़ावा देना, उद्यमियों के बीच सहयोग को मजबूत करना और देश की आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति में योगदान देना है। इसी के साथ वाईईएफ भारत के राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2027 की तैयारियों का भी आगाज हुआ।

वाईईएफ भारत का राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 16 जनवरी, 2027 को आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन के लिए एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सिद्धार्थ सिंह को अध्यक्ष और अभिमन्यु बवेजा को सह-अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सम्मेलन के आयोजन स्थल, मुख्य विषय और वक्ताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी।

राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ने का एक साझा प्रयास

वाईईएफ भारत 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा के साथ उद्यमियों को व्यक्तिगत सफलता से आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। मंच का उद्देश्य ऐसे टिकाऊ व्यवसायों और भारतीय ब्रांडों को प्रोत्साहित करना है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। इसके माध्यम से उद्यमियों को एक ऐसा साझा मंच उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, जहां वे आपसी सहयोग, अनुभवों के आदान-प्रदान और नैतिक नेतृत्व के जरिए देश को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष रजत जैन ने कहा कि वाईईएफ केवल युवा उद्यमियों का संगठन नहीं, बल्कि 'राष्ट्र प्रथम' की सोच के साथ आगे बढ़ने का एक साझा प्रयास है। हमारा उद्देश्य उद्यमियों को व्यक्तिगत सफलता से आगे बढ़कर सोचने और अपनी सामूहिक ताकत से देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। इंदौर अध्याय के शुभारंभ कार्यक्रम में इंदौर के कलेक्टर एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शिवम वर्मा, राजरतन ग्लोबल वायर के सुनील चोरडिया, पाथ इंडिया लिमिटेड के नितिन अग्रवाल, मोइरा स्टील्स के पवन सिंघानिया, कल्याण टोल इंफ्रास्ट्रक्चर के राजेश गर्ग और सोनिक बायोकेम के गिरीश मटलानी सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

वाईईएफ भारत की नेतृत्व टीम घोषित

इंदौर अध्याय की शुरुआत के साथ ही वाईईएफ भारत की नेतृत्व टीम की घोषणा भी की गई। टीम में रजत जैन को अध्यक्ष, अंशुल अग्रवाल को अनुसंधान एवं रणनीतिक पहल का अध्यक्ष, मिलन पटेल को कार्यक्रमों का अध्यक्ष, अंकित अग्रवाल को वित्त एवं सुशासन का अध्यक्ष, कान्हा राठी को विश्राम शिविर एवं सामूहिक आयोजनों का अध्यक्ष, राहुल सेठी को सदस्यता अध्यक्ष और ऋषभ सुराना को विपणन संचार एवं जनसंपर्क का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई नेतृत्व टीम के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने, उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने और साझा उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर ध्यान दिया जाएगा।

बंसल वन और बंसल प्लाजा की विरासत में लॉन्च ऑफर्स का लाभ उठाने का आज अंतिम दिन

बंसल प्राइम की लॉन्चिंग को भोपालवासियों का मिल रहा अभूतपूर्व प्रतिसाद, आईं सैकड़ों क्वेरी

रिटेल और कॉर्पोरेट जरूरतों को एक ही पते पर स्थान देना, इस परियोजना की प्रमुख विशेषता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के नए व्यावसायिक केंद्र बंसल प्राइम की दो दिवसीय लॉन्चिंग के पहले दिन भोपालवासियों का उत्साह देखने को मिला। शनिवार को बड़ी संख्या में शहरवासी परियोजना देखने पहुंचे और रिटेल व कॉर्पोरेट स्पेस में रुचि दिखाई। पहले ही दिन सैकड़ों क्वेरी प्राप्त हुईं, जो इस नई पेशकश के प्रति लोगों के रुझान को दर्शाती हैं। दो दिवसीय लॉन्च के अंतर्गत विशेष लॉन्च ऑफर्स का लाभ उठाने का आज, 18 अक्टूबर को अंतिम दिन है।

बंसल वन और बंसल प्लाजा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए बंसल ग्रुप ने बंसल प्राइम को शहर की बदलती व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप विकसित किया है। पहले दिन मिले प्रतिसाद ने परियोजना के सफर की उत्साहजनक शुरुआत की। अपना नया प्रतिष्ठान शुरू करने, कारोबार का विस्तार करने या कार्यालय स्थापित करने के इच्छुक लोगों के लिए यहां विभिन्न आकारों में व्यावसायिक स्थान उपलब्ध हैं। रिटेल और कॉर्पोरेट जरूरतों को एक ही पते पर स्थान देना इस परियोजना की प्रमुख विशेषता है।



ऐसा है बंसल प्राइम का लुक।

निचले तीन स्तरों पर रिटेल हब

बंसल प्राइम के निचले तीन स्तरों पर रिटेल हब विकसित किया गया है। यहां फैशन, खानपान और घर से जुड़ी विविध जरूरतों के लिए व्यावसायिक स्थान उपलब्ध हैं। विभिन्न श्रेणियों के प्रतिष्ठानों को एक परिसर में जगह देने की यह अवधारणा ग्राहकों के लिए खरीदारी के कई विकल्प एक साथ उपलब्ध कराने की दिशा में तैयार की गई है। कारोबारियों के लिए भी यह अपने ब्रांड की उपस्थिति बनाने और ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने का अवसर प्रस्तुत करती है। रिटेल हब में शोरूम का क्षेत्रफल 1,750 वर्गफीट से शुरू होता है। उपलब्ध स्थानों में कारोबारी अपने उत्पादों के प्रदर्शन, ग्राहकों की आवाजाही और आंतरिक व्यवस्था के अनुसार विकल्प देख सकते हैं। नए ब्रांड की शुरुआत हो या किसी स्थापित कारोबार का विस्तार, सही स्थान का चयन भविष्य की योजनाओं से जुड़ा होता है।

राजधानी के व्यावसायिक परिदृश्य में जोरदार शुरुआत

दो दिवसीय लांच के दूसरे और अंतिम दिन आज इच्छुक खरीदार बंसल प्राइम पहुंचकर रिटेल तथा कॉर्पोरेट स्पेस के उपलब्ध विकल्प देख सकते हैं। विशेष लॉन्च ऑफर्स का लाभ लेने के लिए भी आज आखिरी अवसर है। पहले दिन शहरवासियों से मिले अभूतपूर्व प्रतिसाद और सैकड़ों क्वेरी के साथ बंसल प्राइम ने राजधानी के व्यावसायिक परिदृश्य में अपनी शुरुआत दर्ज की है।

उत्साहपूर्ण शुरुआत, आज भी अवसर

लांच के पहले दिन प्राप्त सैकड़ों क्वेरी ने बंसल प्राइम के प्रति शहरवासियों की उत्सुकता को सामने रखा। किसी व्यावसायिक स्थान का चयन करते समय उसकी लोकेशन, क्षेत्रफल, पहुंच और उपयोग की संभावनाएं महत्वपूर्ण होती हैं। परियोजना में उपलब्ध विकल्प कारोबारियों को इन्हीं पहलुओं के आधार पर अपनी जरूरतों के अनुसार निर्णय लेने का अवसर देते हैं। जो लोग पहले दिन नहीं पहुंच सके, वे आज परियोजना का अवलोकन कर उपलब्ध स्पेस और लॉन्च ऑफर्स की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



ऐसी है भव्यता



लगातार आ रहीं क्वेरीज



लॉन्चिंग से पहले पूजा

आधुनिक कारोबार के लिए प्रीमियम कॉर्पोरेट स्पेस

परियोजना के चौथे से बारहवें स्तर तक प्रीमियम कॉर्पोरेट कार्यालयों के लिए स्थान उपलब्ध हैं। लगभग 700 वर्गफीट से शुरू होने वाले ये स्पेस अलग-अलग व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यालय स्थापित करने का अवसर देते हैं। उद्यमियों और कंपनियों के लिए कार्यस्थल का चयन केवल क्षेत्रफल तक सीमित नहीं होता। कर्मचारियों और ग्राहकों की पहुंच, कार्यालय का परिवेश तथा भविष्य में विस्तार की जरूरतें भी इस निर्णय में भूमिका निभाती हैं। बंसल प्राइम की लोकेशन, बेहतर दृश्यता और सुगम आवागमन रिटेल व कॉर्पोरेट, दोनों तरह के कारोबारों के लिए महत्वपूर्ण पहलू हैं। रिटेल प्रतिष्ठानों के लिए ग्राहकों का आसानी से पहुंचना आवश्यक है, वहीं कार्यालयों के लिए कर्मचारियों, सहयोगियों और व्यावसायिक आगंतुकों की सुविधा मायने रखती है। आधुनिक सुविधाओं के साथ इन जरूरतों का समन्वय परियोजना को कारोबार स्थापित करने और विस्तार की संभावनाएं तलाश रहे लोगों के लिए एक विकल्प बनाता है।

बिजनेस न्यूज

वीआईटी में आईबीसीडी 2026 का सफल आयोजन स्प्रिंगर प्रकाशन के लिए 46 रिसर्च पेपर स्वीकृत

भोपाल। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में बिजनेस इंटेलिजेंस, कम्प्यूटेशनल मैथमेटिक्स एंड डेटा एनालिटिक्स (आईबीसीडी 2026) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान प्राप्त कुल 262 प्रविष्टियों में से पीयर-रिव्यू प्रक्रिया के बाद 46 शोध पत्रों को स्प्रिंगर प्रकाशन के लिए स्वीकृति मिली। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एडवांस्ड साइंसेज एंड लैंग्वेजेस द्वारा आयोजित इस सम्मेलन को अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा शिक्षा मंत्रालय की पहल इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल का सहयोग प्राप्त हुआ। स्प्रिंगर इस आयोजन का प्रकाशन भागीदार रहा। सम्मेलन में कुल 262 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें 212 शोध पत्रों के सबमिशन तथा अवॉर्ड और केवल मौखिक प्रस्तुति श्रेणी की 50 प्रविष्टियां शामिल थीं। समीक्षा प्रक्रिया के बाद 46 शोध पत्रों को स्प्रिंगर में प्रकाशन के लिए स्वीकृत किया गया। समारोह में डीआरडीओ के डायरेक्टर राज शेखर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं जीएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, इंदौर के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राज शेखर सिंह ने रक्षा क्षेत्र में डेटा एनालिटिक्स और कम्प्यूटेशनल पद्धतियों की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्रो. नीतेश पुरोहित ने भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी इतिहास के अध्ययन के महत्व पर जोर दिया। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने कहा कि विश्वविद्यालय अंतरविषयक सोच, नवाचार और सार्थक अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने वाला शोध वातावरण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन और ट्रस्टी रमणी बालासुन्दरम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



स्कूली बच्चों की आंखों की जांच का कार्यक्रम शुरू

भोपाल। सीबीएम इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से सीहोर जिले में स्कूली बच्चों की आंखों की जांच का कार्यक्रम शुरू किया है। चार महीने तक चलने वाली इस पहल में 6 से 18 वर्ष की उम्र के 10 हजार बच्चों की आंखों की जांच की जाएगी। कार्यक्रम के तहत 900 बच्चों को मुफ्त चश्मे दिए जाएंगे। जिन बच्चों को विशेषज्ञ इलाज की जरूरत होगी, उन्हें आगे की जांच के लिए भेजा जाएगा। करीब 100 शिक्षकों को आंखों की शुरुआती जांच का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन पर हिज होलीनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के प्रतिनिधि यूसुफ जकावी ने कहा कि कमजोर नजर बच्चों की पढ़ाई में बाधा बन सकती है, लेकिन समय पर जांच से इस समस्या को दूर किया जा सकता है। सीबीएम इंडिया ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सोनी थॉमस ने कहा कि बच्चों की नजर का असर उनकी पढ़ाई और कक्षा में भागीदारी पर पड़ता है। इसलिए जांच के साथ उन्हें जरूरी इलाज से जोड़ना भी महत्वपूर्ण है।

गूगल की एआई एजुकेटर सीरीज का चार राज्यों में होगा विस्तार, 80 हजार शिक्षकों को मिली ट्रेनिंग

भोपाल। शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गूगल अपनी एआई एजुकेटर सीरीज का विस्तार करेगा। इसके तहत बिहार, मध्य प्रदेश, सिक्किम और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के साथ नई साझेदारियां की जा रही हैं। कंपनी के अनुसार, मई से अब तक देशभर में 80 हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को जेमिनी और जेमिनी नोटबुक जैसे एआई टूल्स का इस्तेमाल सिखाना है, ताकि वे पाठ योजनाएं तैयार करने, विद्यार्थियों की जरूरत के अनुसार अध्ययन सामग्री बनाने और रोजमर्रा की तैयारी में लगने वाला समय बचा सकें।गूगल इस प्रशिक्षण को मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम के रूप में भी उपलब्ध करा रहा है। शिक्षक अपनी सुविधा के अनुसार इसे पूरा कर सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप तैयार यह पाठ्यक्रम फिलहाल अंग्रेजी में उपलब्ध है। इसे हिंदी, मराठी, तेलुगु, असमिया, ओड़िया और पंजाबी में भी शुरू करने की योजना है। इसके अलावा, गूगल 100 अटल टिंकरिंग लैब्स के शिक्षकों को 'एटीएल साथी' डेस्कटॉप एप्लिकेशन के जरिए सहायता दे रहा है।



स्टेलेंटिस करेगी 4,000 करोड़ का निवेश, जीप और सिट्रोएन के 12 नए प्रोडक्ट होंगे लांच

चेन्नई। ऑटोमोबाइल कंपनी स्टेलेंटिस भारत में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए अगले तीन वर्षों में करीब 4,000 करोड़ रुपए का नया निवेश करेगी। कंपनी की योजना 2030 तक जीप और सिट्रोएन ब्रांड के तहत 12 प्रोडक्ट लांच करने की है। इनमें सात बिल्कुल नए मॉडल और पांच बड़े अपग्रेड वाले प्रोडक्ट शामिल होंगे। नए रोडमैप के तहत पहला प्रोडक्ट 2027 की दूसरी तिमाही में लांच किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक, इस निवेश के बाद भारत में उसका कुल निवेश बढ़कर करीब 15,000 करोड़ रुपए हो जाएगा। स्टेलेंटिस की रणनीति में पेट्रोल-डीजल इंजन के साथ हाइब्रिड, प्लग-इन हाइब्रिड और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया गया है। कंपनी का लक्ष्य भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार विभिन्न तकनीकों के विकल्प उपलब्ध कराना है। स्टेलेंटिस इंडिया के सीईओ शैलेश हजेला के अनुसार, नए निवेश से स्थानीय विनिर्माण, उत्पादों की उपलब्धता और बिक्री एवं सर्विस नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा।



डिजिटल क्रेडिट पर भरोसे की चुनौतीः भोपाल में 79 फीसदी लोग पेमेंट एप से कर्ज लेने को तैयार

भोपाल। डिजिटल भुगतान एप के जरिए कर्ज लेने को लेकर लोगों में रुचि बढ़ रही है। एक सर्वे के अनुसार, भोपाल में 79 प्रतिशत लोग पेमेंट ऐप के माध्यम से कर्ज लेने के लिए तैयार हैं। हालांकि, डिजिटल क्रेडिट को लेकर जागरूकता और वास्तविक इस्तेमाल के बीच अब भी अंतर बना हुआ है। सर्वे में डिजिटल क्रेडिट इंडेक्स 55.85 दर्ज किया गया। इसमें पहुंच का स्कोर 61.24, इस्तेमाल का 57.17 और प्रभाव का स्कोर 49.16 रहा। आंकड़े बताते हैं कि डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ने के बावजूद उनका प्रभाव और उपयोग अभी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंचा है।सर्वे के मुताबिक, 88 प्रतिशत लोगों को डिजिटल क्रेडिट की जानकारी है, लेकिन केवल 31 प्रतिशत ने इसका इस्तेमाल किया है। वहीं, 75 प्रतिशत लोग पेमेंट ऐप के जरिए कम से कम एक वित्तीय उत्पाद का उपयोग करते हैं। डिजिटल कर्ज को लेकर सुरक्षा भी अहम मुद्दा है।



सतर्कता विभाग की महत्वपूर्ण पहल

एनएमडीसी के सतर्कता कार्यक्रम में तीन नई पहलों का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदराबाद

एनएमडीसी के सतर्कता विभाग की ओर से शुक्रवार को हैदराबाद में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में तीन महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया गया। इनमें एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के लिए सतर्कता पोर्टल, कर्मचारी आवास के लिए ऑनलाइन आवास प्रबंधन प्रणाली तथा एनएमडीसी सतर्कता नियमावली, 2026 के दूसरे संस्करण का अनावरण शामिल है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में पारदर्शिता, जवाबदेही और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना था। कार्यक्रम की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सतर्कता आयुक्त प्रवीण वशिष्ठ ने कहा कि सतर्कता संबंधी दिशानिर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ ईमानदार अधिकारियों के संरक्षण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम में एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कंपनी के स्थिरता प्रदर्शन और जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।



एनएमडीसी सतर्कता नियमावली, 2026 के दूसरे संस्करण के अनावरण का अवसर

18 संगठनों के 113 अधिकारियों ने लिया भाग

इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के 18 सरकारी संगठनों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के विद्युत बोर्डों से जुड़े 113 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में शिकायत प्रबंधन की तकनीकों, सतर्कता संबंधी स्वीकृतियों, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) की नई सुविधाओं, साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

प्रिया गोल्ड बिस्कुट की जांच में गंभीर खामियां

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा जांच में सामने आई कमियों ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। प्रियागोल्ड बिस्कुट बनाने वाली कंपनी सूर्या फूड्स एंड एग्रो की फैक्ट्री में कथित तौर पर पशु चारे के लिए चिह्नित चोकर के इस्तेमाल से लेकर साफ-सफाई में खामियां मिलीं। वहीं, डोडला डेयरी के फुल क्रीम दूध के नमूने की जांच में गुणवत्ता संबंधी मानकों के उल्लंघन की बात सामने आई। इसके अलावा ऑर्गेनिक पीली किशमिश में कीटनाशक अवशेष निर्धारित सीमा से अधिक पाए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

Can Fin Homes Ltd
(Sponsor: CANARA BANK)

केनफिन होम्स लिमिटेड
शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

कब्जा नोटिस [नियम 8 (1)] (अचल संपत्ति हेतु)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत केनफिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **03/08/2026** को उधारकर्ताओं - **सुश्री रानी राजपूत, श्रीमती मुन्नीबाई एवं** जमानतदार - **श्री राम सिंह** को मांग सूचना पत्र जारी किया एवं नोटिस में दर्शाई राशि रु. **8,83,491/- (रु. आठ लाख तिरासी हजार चार सौ इक्यानवे मात्र)** एवं उस पर संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक **12-10-2026** को ले लिया है।

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार खाते में वर्णित राशि रु. रु. **8,83,491/- (रु. आठ लाख तिरासी हजार चार सौ इक्यानवे मात्र)** एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों के लिए केनफिन होम्स लिमिटेड के अधीन होगा।

अचल संपत्ति का विवरण

प्लाट नं. 15, गृह प्रवेश नगर, ग्राम- मालीखेड़ी, वार्ड नं. 72, तहसील-हूजूर, जिला - भोपाल म.प्र- 462010 प्लाट क्षेत्रफल- 782 वर्गफिट चतुर्सीमाएँ: उत्तर-प्लाट नं. 14, दक्षिण- प्लाट नं. 16, पूर्व- रोड, पश्चिम- अन्य की भूमि

दिनांक: 12-10-2026
स्थान: मण्डीदीप

(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.

एसआईआर को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब ये भी कहा जाने लगा है कि एसआईआर व ज्ञानेश कुमार तो केवल बहाना है, असली मकसद सत्ता हथियाना है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया में गड़बड़ियां हुई हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। वह मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग भी कर रहा है। वह मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग भी कर रहा है। दूसरी ओर, इस विरोध के बहाने भौंडा प्रदर्शन कर खुद को चर्चा में लाने की युवाओं की कोशिश भी खतरनाक रूप धारण कर रही है। प्रदर्शन के बीच में ही कुछ स्वयंभू पत्रकार भी अपनी रोटियां सेंकते दिख रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सिर्फ एक मोबाइल और माइक लेकर आप पत्रकार बन सकते हैं? प्रशासन के लिए ऐसे लोगों को पहचानना कठिन होता है। दिल्ली में जंतर-मंतर पर कई लोगों ने खुद को मीडिया कर्मी बताकर बदसलूकी के आरोप लगाए हैं। अब समय आ गया है कि जब पत्रकारिता से जुड़े सभी संगठनों और मीडिया घरानों को स्वयं स्पष्ट और पारदर्शी मानक तय करने होंगे। कुल मिलाकर, सरकार, प्रशासन और आंदोलनकारियों सभी पक्षों को अहंकार छोड़कर संवाद की मेज पर आना चाहिए, ताकि देश की लोकतांत्रिक मर्यादा और सामाजिक ताना-बाना अक्षुण्ण बना रहे। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

एसआईआर की आड़ में सत्ता की सियासत



विश्लेषण

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय राजनीति में कई बार किसी आंदोलन की शुरुआत एक मुद्दे से होती है, लेकिन धीरे-धीरे उसका दायरा बढ़ने लगता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चल रहा विवाद भी अब इसी मोड़ पर दिखाई दे रहा है। बीते दिनों वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने यह कहकर राजनीतिक बहस को नया मोड़ दे दिया कि मौजूदा आंदोलन का मकसद केवल मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई या उनके इस्तीफे तक सीमित नहीं है। यह लड़ाई अब 'रिजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन की लड़ाई है। उन्होंने इसे लोकतंत्र में नागरिकों का अधिकार भी बताया। उनके इस बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी को विपक्ष पर हमला करने का एक नया मुद्दा मिल गया।

एसआईआर का मूल उद्देश्य मतदाता सूची को दुरुस्त करना और उसमें मौजूद गलतियों को दूर करना है। सिद्धांत रूप में किसी भी लोकतंत्र में मतदाता सूची का सही होना जरूरी है। इसमें ऐसे लोगों के नाम होने चाहिए जो मतदान के पात्र हैं। जिन लोगों की मृत्यु हो चुकी है या जो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता नहीं रह गए हैं, उनके नामों की समीक्षा भी जरूरी है। लेकिन इस प्रक्रिया का दूसरा पहलू भी है। यदि किसी वास्तविक मतदाता का नाम गलत तरीके से सूची से हट जाता है, तो वह अपने सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित हो सकता है।

इसलिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। किसी का नाम हटाने से पहले उचित जांच होनी चाहिए और प्रभावित व्यक्ति को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया में गड़बड़ियां हुई हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। हालांकि, आरोप लगना और आरोप साबित होना दो अलग-अलग बातें हैं। विपक्ष चाहता है कि चुनाव आयोग अपने फैसलों और कामकाज को लेकर जवाब दे। वह मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग भी कर रहा है।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने यह कहकर राजनीतिक बहस को नया मोड़ दे दिया कि मौजूदा आंदोलन का मकसद केवल मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई या उनके इस्तीफे तक सीमित नहीं है। यह लड़ाई अब 'रिजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन की लड़ाई है। उनके इस बयान के बाद बीजेपी को विपक्ष पर हमला करने का एक नया मुद्दा मिल गया।
एसआईआर का मूल उद्देश्य मतदाता सूची को दुरुस्त करना और उसमें मौजूद गलतियों को दूर करना है। सिद्धांत रूप में किसी भी लोकतंत्र में मतदाता सूची का सही होना जरूरी है। इसमें ऐसे लोगों के नाम होने चाहिए जो मतदान के पात्र हैं। जिन लोगों की मृत्यु हो चुकी है या जो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता नहीं रह गए हैं, उनके नामों की समीक्षा भी जरूरी है।



राजनीतिक लड़ाई की परत

इस विवाद को सीधे सरकार बदलने की लड़ाई बताया जाने लगता है, तो यह समझना जरूरी हो जाता है कि आंदोलन का राजनीतिक लक्ष्य कितना व्यापक हो चुका है। प्रशांत भूषण के बयान का राजनीतिक महत्व इसी बात में है कि उन्होंने सत्ता परिवर्तन की मांग को छिपाने के बजाय सार्वजनिक रूप से उसका बचाव किया। उनके मुताबिक, लोकतंत्र में सरकार बदलने की मांग करना कोई अपराध नहीं है। इस तर्क में अपने आप में कुछ गलत नहीं है।

यहां एक बुनियादी अंतर समझना होगा। चुनाव के जरिए सरकार बदलने की मांग करना और किसी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन चलाना अपने आप में असंवैधानिक नहीं है। असली सवाल आंदोलन के तरीकों, उसके तथ्यों और उसकी मांगों की वैधता का है। प्रशांत भूषण के बयान से इतना जरूर स्पष्ट होता है कि आंदोलन के कुछ प्रमुख चेहरे अब इसे केवल चुनाव आयोग के कामकाज से जुड़ा मामला नहीं मान रहे। वे इसे केंद्र की सरकार के खिलाफ व्यापक राजनीतिक संघर्ष के रूप में देख रहे हैं। विपक्ष की रणनीति को समझने में मदद जरूर मिलती है।

आरोपों की जांच होनी चाहिए

मतदाता सूची का विवाद अब राजनीतिक सत्ता और सरकार की वैधता पर चल रही बड़ी बहस का हिस्सा बन गया है। चुनाव आयोग के हर फैसले को राजनीतिक साजिश बताना भी उचित नहीं है। किसी निर्णय से असहमति होने पर उसके खिलाफ कानूनी और संवैधानिक रास्ते खुले हैं। आरोपों की जांच होनी चाहिए और जहां गलती साबित हो, वहां सुधार भी होना चाहिए। ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का अभियान इसी कसौटी पर परखा जाना चाहिए। क्या शिकायतें दस्तावेजों और तथ्यों से साबित होती हैं? क्या संबंधित अधिकारियों ने नियमों का पालन किया? क्या प्रभावित मतदाताओं को न्याय पाने का पर्याप्त अवसर मिला? इन सवालों के जवाब किसी राजनीतिक नारे से नहीं, बल्कि स्वतंत्र जांच और न्यायिक समीक्षा से मिलने चाहिए। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर से जुड़े कुछ फैसलों को चुनौती देने वाली विपक्षी नेताओं की याचिका पर चुनाव आयोग और संबंधित पदाधिकारियों से जवाब मांगा। यह न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। अदालत में याचिका स्वीकार किए जाने या नोटिस जारी होने का अर्थ यह नहीं है कि आरोप साबित हो गए हैं।

सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य भी नारों में शामिल

चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने के लिए भी ठोस आधार होना चाहिए। खैर, अब यह कहना कठिन है कि आंदोलन केवल ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक सीमित है। सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य भी इसके प्रमुख राजनीतिक नारों में शामिल हो चुका है। एक बात साफ है कि किसी लोकतंत्र में सत्ता बदलने का सबसे मजबूत और स्वीकार्य रास्ता चुनाव ही है। विपक्ष को लगता है कि मौजूदा सरकार को हटाना जरूरी है, तो उसे जनता के बीच जाना चाहिए, अपने तर्क रखने चाहिए और समर्थन जुटाना चाहिए। सरकार को भी अपने कामकाज और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब देना चाहिए।

रणनीति स्पष्ट करने की चुनौती

अब इस विवाद को केवल प्रशांत भूषण के बयान या ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। यह चुनाव आयोग पर भरोसे, मतदाता के अधिकार और विपक्ष की राजनीतिक रणनीति-तीनों की परीक्षा है। एसआईआर और ज्ञानेश कुमार को लेकर चल रहे विवाद के पीछे सत्ता परिवर्तन का लक्ष्य मौजूद है, यह बात साफ है। लेकिन सत्ता परिवर्तन की इच्छा को अपने आप में गलत ठहराना भी लोकतांत्रिक सोच नहीं होगी। पर सत्ता परिवर्तन तो चुनाव के माध्यम से ही होगा। ये बात विपक्ष को समझनी होगी। लोकतंत्र में सत्ता की लड़ाई आखिरकार जनता की अदालत में ही तय होनी चाहिए।

लोकतंत्र का मंच या लाइक्स पाने का प्रपंच



प्रदर्शन

डॉ. पवन कुमार शर्मा

स्वतंत्र पत्रकार

आज का दौर सोशल मीडिया का है, जहां 'अटेंशन इकॉनमी' यानी आपका ध्यान खींचने की अर्थव्यवस्था का बोलबाला है। इस डिजिटल युग में यह कहावत आम है कि 'जो दिखता है, वही बिकता है'। हाल के दिनों में, एसआईआर यानी स्पेशल इंटेसिव रिवीजन के विरोध की आड़ में देश के विभिन्न हिस्सों में जिस प्रकार के भौंडे, उग्र और सनसनीखेज प्रदर्शन देखने को मिले हैं, उन्होंने चिंतकों, समाजशास्त्रियों और नीति-निर्माताओं को गहरी चिंता में डाल दिया है। जब युवा पीढ़ी अपने किसी असंतोष को व्यक्त करने के लिए शालीन लोकतांत्रिक तरीकों को छोड़कर तमाशेबाजी, उपद्रव और रातों-रात सोशल मीडिया पर 'वायरल' होने की सनक का सहारा लेती है, तो यह न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बल्कि खुद उन युवाओं और देश के भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा बन जाता है। आज की युवा पीढ़ी में 'वायरल' होने की भूख है और वह रील्स संस्कृति के मकड़जाल में बुरी तरह उलझती जा रही है। आज के युवा एक ऐसे इंफॉर्मेशन सिस्टम में बड़े हो रहे हैं जहां हर पल खुद को साबित करने और लाइक्स, शेयर्स एवं व्यूज बटोरने का दबाव है। पारंपरिक रूप से विरोध प्रदर्शन वैचारिक स्पष्टता, लंबे संघर्ष, और लोकतांत्रिक बहसों पर आधारित होते थे। इसके विपरीत, आज के भौंडे प्रदर्शनों का मुख्य उद्देश्य वैचारिक विरोध जताना नहीं बल्कि किसी भी तरह कैमरे की नजर में आना और सोशल मीडिया के एल्गोरिदम में ट्रेंड करना होता है। युवा तत्काल संतुष्टि यानी इंस्टेंट ग्रेटिफिकेशन के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जब प्रदर्शनों में शालीनता के स्थान पर अमर्यादित नारेबाजी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और सोशल मीडिया पर सनसनीखेज रील्स बनाने को प्राथमिकता दी जाती है, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि विरोध का वास्तविक मुद्दा पीछे छूट चुका है और व्यक्तिगत ख्याति या अराजकता का आनंद आगे आ गया है। एल्गोरिदम का मनोविज्ञान यह है कि यहां 'सनसनी' और 'उग्रता' ही बिकती है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब (शॉर्ट्स), एक्स (ट्विटर) और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स के एल्गोरिदम का मुख्य उद्देश्य यूजर को अधिक से अधिक समय तक ऐप पर रोके रखना है ताकि विज्ञापन से राजस्व कमाया जा सके। डेटा विज्ञान यह साबित करता है कि मानव मस्तिष्क तटस्थ या न्यूट्रल कंटेंट की तुलना में अत्यधिक उत्तेजक, क्रोधित करने वाली या सनसनीखेज सामग्री पर तेजी से प्रतिक्रिया देता है। जब कोई युवा किसी सामान्य, शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की तस्वीर डालता है तो उसे सीमित 'व्यूज' मिलते हैं। यदि वह कोई उग्र नारेबाजी, पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक, या कोई भौंडा स्टंट करता हुआ वीडियो पोस्ट करता है, तो एल्गोरिदम उसे तेजी से 'बूस्ट' कर देता है। रातों-रात मिलने वाले हजारों लाइक्स और कमेंट्स युवा मस्तिष्क में डोपामाइन (खुशी और उत्साह देने वाला हॉर्मोन) का तेज संचार करते हैं, जिसके कारण उसे इस प्रकार की हरकतों को दोहराने यानी 'वायरलिटी' की लत लग जाती है। डिजिटल युग में युवाओं के बीच 'इंस्टेंट फेम' और 'क्लाउट चेसिंग' यानी हर कीमत पर ऑनलाइन चर्चा में बने रहने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। आधुनिक जीवनशैली में कई युवा खुद को उपेक्षित या गुमनाम महसूस करते हैं। ऐसे में सोशल मीडिया उन्हें एक ऐसा मंच देता है जहां वे खुद को 'हीरो' या किसी बड़े आंदोलन का नायक साबित कर सकते हैं। युवा भूल जाते हैं कि वे जिस मुद्दे के लिए सड़क पर उतरे हैं, उसकी गंभीरता क्या है; उनका पूरा ध्यान इस बात पर होता है कि उनका कैमरा किस एंगल से सबसे नाटकीय दिख रहा है। वहीं सोशल मीडिया के एल्गोरिदम उपयोगकर्ताओं को ऐसी सामग्री से लगातार घेरते रहते हैं जो उनकी पहले से बनी सोच या गुस्से को सही ठहराती है। जब एक युवा लगातार अपनी फीड में उग्र और भड़काऊ वीडियो देखता है तो उसका मस्तिष्क यह मानने लगता है कि चरम कदम उठाना ही एकमात्र और सही रास्ता है। भारत का संविधान अपने नागरिकों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का मौलिक अधिकार देता है। परंतु जब इस अधिकार का दुरुपयोग कर इसे उपद्रव और तमाशे में बदला जाता है तो इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। लोकतंत्र में असहमति का स्वागत है परंतु असहमति जब अनुशासनहीनता और अराजकता का रूप ले ले तो वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं बल्कि सामाजिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार बन जाती है। उग्र प्रदर्शनों में युवा अकसर व्यक्तिगत विवेक खो बैठते हैं और भीड़ का हिस्सा बनकर ऐसा कुछ कर बैठते हैं जो वे सामान्य स्थिति में कभी नहीं करते। यह प्रवृत्ति समाज में कानून के शासन को कमजोर करती है। आज की युवा पीढ़ी में 'शॉर्टकट' की मानसिकता घर कर गई है। विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने वाले युवा अकसर इस बात से अनजान होते हैं कि वे अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। इस बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे केवल युवा अकेले जिम्मेदार नहीं है बल्कि समकालीन समाज और मीडिया का परिवेश भी समान रूप से उत्तरदायी है। कई बार मीडिया उपद्रवी तत्वों को जरूरत से ज्यादा सनसनीखेज कवरेज देते हैं। दूसरी ओर परिवारों और शिक्षण संस्थानों में वैचारिक परिपक्वता, सहनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संवाद में कमी आई है। युवाओं को यह सिखाने की आवश्यकता है कि ऊर्जा का सकारात्मक दोहन किस प्रकार किया जाए।

आज की युवा पीढ़ी में 'वायरल' होने की भूख है और वह रील्स संस्कृति के मकड़जाल में बुरी तरह उलझती जा रही है। आज के युवा एक ऐसे इंफॉर्मेशन सिस्टम में बड़े हो रहे हैं जहां हर पल खुद को साबित करने और लाइक्स, शेयर्स एवं व्यूज बटोरने का दबाव है।

अहंकार छोड़कर संवाद की मेज पर आएं



एसआईआर विवाद

विनीत पाण्डेय

वरिष्ठ पत्रकार

एसआईआर विवाद हाल के दिनों में भारतीय राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी विमर्श का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण तथा संवेदनशील विषय बनकर उभरा है। किसी भी जीवंत और परिपक्व लोकतंत्र में सरकार की नीतियों से असंतोष जताना, सवाल उठाना, शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराना और अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करना नागरिकों का एक मौलिक और संवैधानिक अधिकार है।

जब कोई आंदोलन किसी व्यापक और जटिल विवाद का रूप ले लेता है, तो उस आंदोलन के पीछे के उद्देश्यों, उसमें शामिल घटकों और उस पर शासन व न्यायप्रणाली की प्रतिक्रियाओं का निष्पक्ष, सूक्ष्म और गंभीर विश्लेषण करना अनिवार्य हो जाता है। हालिया प्रदर्शनों के संदर्भ में लगातार इस तरह के आरोप लग रहे हैं कि सत्ताधारी दल या कुछ खास स्वार्थी समूहों से जुड़े लोग जानबूझकर इन प्रदर्शनों में घुसपैठ करते हैं। वहीं दूसरी ओर, कुछ प्रदर्शनकारी या आंदोलन के आयोजक एक विशेष प्रकार की रणनीति या टूलकिट तैयार करते हैं। इसके तहत समर्थकों को खास तरह की वेशभूषा या धार्मिक व सांस्कृतिक प्रतीकों जैसे लाल गमछा पहनना, सिर पर टीका लगाना या विशेष वस्त्र धारण करने का प्रयोग करके प्रदर्शन में शामिल होने का निर्देश दिया जाता है। इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य यह बताया जाता है कि यदि कोई अप्रिय घटना घटे या पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाए, तो इन प्रतीकों के आधार पर सहानुभूति बटोरी जा सके। लेकिन इन तमाम राजनीतिक दावों, रणनीतियों और आरोपों से परे इस बुनियादी पहलू पर ध्यान देना बेहद ज़रूरी है कि विरोध प्रदर्शनों में आने वाले लोग शायद स्वतः स्फूर्त तरीके से सड़कों पर उतर रहे हों। हमारे देश का एक बड़ा वर्ग ऐसा हो सकता है जो किसी राजनीतिक दल के बहकावे, उकसावे या टूलकिट का हिस्सा बने बिना, केवल अपने नागरिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक निष्ठा के कारण बाहर आ रहा हो। जब आम नागरिकों को यह आभास होता है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है, उनकी चिंताओं की उपेक्षा की जा रही है या देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों के साथ कोई समझौता किया जा रहा है, तो वे स्वतः ही एकजुट होकर अपनी आवाज़ उठाने लगते हैं। यह स्वतःस्फूर्त भागीदारी नागरिकों की राजनीतिक जागरूकता और लोकतंत्र में उनके गहरे विश्वास का प्रमाण है। इसलिए, प्रदर्शनकारियों के हर समूह को किसी न किसी राजनीतिक दल का मोहरा मान लेना या उनकी निष्ठा पर सवाल उठाना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद, आंदोलन चाहे कितना भी बड़ा या स्वतःस्फूर्त क्यों न हो, एक बात हमेशा सर्वोपरि रहनी चाहिए कि जो कुछ भी हो रहा है, वह पूरी तरह से कानून-सम्मत और संविधान के दायरे में ही होना चाहिए। कई बार देखा गया है कि जनता के वास्तविक आक्रोश और असंतोष का इस्तेमाल कुछ महत्वाकांक्षी लोग अपने निजी फायदे के लिए करते हैं। यदि कोई आंदोलन किसी संकीर्ण स्वार्थ के तहत संचालित हो रहा है, तो वह अंततः समाज में विभाजन और अस्थिरता ही पैदा करता है। वर्तमान डिजिटल और सोशल मीडिया के दौर में किसी भी आंदोलन के दौरान उग्रता या हिंसा के छोटे-छोटे वीडियो क्लिप्स तेजी से वायरल हो जाते हैं। इन वीडियो के आधार पर अक्सर तुरंत यह धारणा बना ली जाती है कि पूरा का पूरा आंदोलन ही हिंसक और उग्र है। परंतु हमारी न्याय प्रणाली और विधि व्यवस्था इस बात पर विशेष जोर देती है कि जब तक ठोस और प्रामाणिक साक्ष्य न मिल जाएं, तब तक केवल सोशल मीडिया पर तैर रहे किसी वीडियो या अधूरी क्लिप को अंतिम सत्य मानकर किसी अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। इसके साथ ही, लोकतंत्र में यदि किसी मुद्दे, नीति या कानून के विरोध में लोग सड़कों पर आएंगे, तो उस नीति या कानून के समर्थन में भी कुछ लोग जरूर खड़े होंगे। लोकतंत्र विचारों की विविधता का नाम है, जहां समर्थन और विरोध दोनों के लिए समान स्थान होता है। लेकिन विरोध या समर्थन का अधिकार किसी को भी हिंसा करने या कानून हाथ में लेने की छूट नहीं देता। सरकार, प्रशासन और आंदोलनकारियों सभी पक्षों को अहंकार छोड़कर संवाद की मेज पर आना चाहिए, ताकि देश की लोकतांत्रिक मर्यादा और सामाजिक ताना-बाना अक्षुण्ण बना रहे।



प्रदर्शनकारियों के हर समूह को किसी न किसी राजनीतिक दल का मोहरा मान लेना या उनकी निष्ठा पर सवाल उठाना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। इसके बावजूद, एक बात हमेशा सर्वोपरि रहनी चाहिए कि जो कुछ भी हो रहा है, वह पूरी तरह से कानून-सम्मत और संविधान के दायरे में ही होना चाहिए।

पत्रकारिता की प्रतिष्ठा पर गहराता संकट



चौथा स्तंभ

चरण जीत

स्वतंत्र स्तंभकार

किसी भी देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए मुख्यतः चार स्तम्भों की चर्चा की जाती है। लोकतंत्र के चार स्तम्भों के रूप में प्रायः विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया का उल्लेख किया जाता है। वैसे तो सभी स्तम्भ महत्पूर्ण हैं, लेकिन मीडिया को इसलिए सबसे मत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि प्रेस की स्वतंत्रता के अभाव में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सत्ता के अनुचित दबाव का खतरा बढ़ जाता है। जिस देश का मीडिया स्वतंत्र नहीं होता, वहां सरकारें अपनी मनमानी करती हैं। इसी बिंदु पर एक दूसरा प्रश्न उठता है। क्या मीडिया की स्वतंत्रता के साथ कुछ क़ानूनी और नैतिक जिम्मेदारियां भी नहीं जुड़ी होनी चाहिए? यदि पत्रकारिता के नाम पर कुछ लोग पेशेवर मर्यादाओं का उल्लंघन करने लगें तो पुरे मीडिया संस्थान और पत्रकारिता के पेशे की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगते हैं।

हाल के दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में, खासकर दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले आन्दोलनों से कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिनमें पत्रकारिता का दावा करने वाले लोगों का व्यवहार सवालों के घेरे में है। जुलाई में होने वाले नीट आंदोलन से लेकर एसआईआर विवाद में कुछ ऐसे लोग सामने आए हैं, जो स्वयं को पत्रकार बताते हैं लेकिन वो पत्रकारों की अपेक्षा किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं जैसे अधिक प्रतीत होते हैं। हाथ में मोबाइल और कॉलर पर एक माइक लगा कर घूमते युवक-युवतियां जिस तरह से प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के सामने अकड़कर खड़े होते हैं, वह व्यवहार कई बार विवाद का कारण बनता है। अनावश्यक और असंगत प्रश्न करते हैं। जवाब न मिलने या फटकार दिए जाने पर स्वयं को पीड़ित बताने लगते हैं। ऐसी घटनाओं से पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं और पूरे समुदाय की छवि धूमिल होती है। डिजिटल क्रांति के इस दौर में आम नागरिकों तक पहुंचने वाले संचार माध्यम अनियंत्रित हो जाएं, सही और सटीक तथ्य पहुंचाने की बजाय भ्रामक सूचनाएं फैलाने लगें तो लोकतांत्रिक व्यवस्था और मीडिया की जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठेंगे। क्योंकि अधूरी या भ्रामक जानकारी समाज तनाव, भ्रम और टकराव पैदा कर सकती है। नागरिक पत्रकारिता की अवधारणा इस विचार के साथ विकसित हुई कि देश के दूर-दराज इलाकों में मौजूद समस्याएं सरकार और प्रशासन तक पहुंच सकें। जिन स्थानों पर मुख्यधारा के पत्रकार नहीं पहुंच पाते, वहां की ज़मीनी सच्चाई भी देश के सामने आनी चाहिए। लेकिन पत्रकारिता के इस पेशे की अपनी मर्यादाएं, नैतिक मानक, और जिम्मेदारियां भी हैं। इसीलिए एक पत्रकार के लिए औपचारिक प्रशिक्षण, सम्पादकीय निगरानी तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके विपरीत आज डिजिटल माध्यमों के कारण कोई भी व्यक्ति फ़ोन और माइक की मदद से समाचार संबंधी सामग्री तैयार कर सकता है। अधिक से अधिक व्यूज़ पाने की कोशिश में इनमें से कुछ लोग न केबल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि एक सनसनीखेज थंबनेल के साथ वीडियो अपलोड करते हैं। हाथ में मोबाइल और माइक पकड़े हुए कोई व्यक्ति वास्तव में पेशेवर पत्रकार है या किसी जिम्मेदार मीडिया संस्थान का प्रतिनिधि है या स्वतंत्र कॉन्टेंट क्रिएटर है, यह स्पष्ट होना चाहिए। उसकी भूमिका और संबद्धता के बारे में पारदर्शिता होनी चाहिए। एसआईआर विवाद के बाद समूचे मीडिया जगत के सामने यह चुनौती है कि पत्रकारिता की शाख कैसे बचाई जाए? अब समय आ गया है कि जब पत्रकारिता से जुड़े सभी संगठनों और मीडिया घरानों को स्वयं स्पष्ट और पारदर्शी मानक तय करने होंगे। स्वयं ही आत्म-नियमन और आत्म-सुधार की पहल करनी होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लागू नियमों और सम्बन्धित आचार संहिताओं का पालन सुनिश्चित करते हुए या स्पष्ट होना चाहिए कि व्यक्ति किसी मीडिया संस्थान से जुड़ा है या स्वतंत्र रूप से सामग्री तैयार करता है। अन्यथा निश्चित मर्यादाओं के अभाव में यह अनुमान लगाना कठिन होगा कि अनियंत्रित और गैर-जिम्मेदाराना सूचना प्रसार से कब गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए आत्म-सुधार और जवाबदेही की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए।



एसआईआर विवाद के बाद समूचे मीडिया जगत के सामने यह चुनौती है कि पत्रकारिता की शाख कैसे बचाई जाए? अब समय आ गया है कि जब पत्रकारिता से जुड़े सभी संगठनों और मीडिया घरानों को स्वयं स्पष्ट और पारदर्शी मानक तय करने होंगे। स्वयं ही आत्म-नियमन और आत्म-सुधार की पहल करनी होगी।

कनॉट प्लेस में सीजेपी के 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन पर कार्रवाई

शांति बांड का उल्लंघन करने के आरोप में किया गया था गिरफ्तार, दीपके को कार्यकारी मजिस्ट्रेट कोर्ट से मिली सशर्त जमानत, फिर बांड भी भरवाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके को शनिवार को सशर्त जमानत दे दी गई और उनसे शांति बनाए रखने संबंधी बांड पर हस्ताक्षर करने को कहा गया। दीपके को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया था। शुक्रवार को कनॉट प्लेस में सीजेपी के 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली के झंडेवालान स्थित घर से बाहर निकलते ही दीपके को हिरासत में ले लिया गया था। उन्हें 10 अक्टूबर को दिए गए शांति बांड का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शांति बांड में दिए गए आश्वासन के आधार पर उन्हें छोड़ दिया गया। हम आगे की जानकारी के लिए लिखित आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

दीपके को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया था। कनॉट प्लेस में सीजेपी के 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली के झंडेवालान स्थित घर से बाहर निकलते ही दीपके को हिरासत में ले लिया गया था।

सीजेपी प्रदर्शन को लेकर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की कई एफआईआर

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर किए थे विरोध प्रदर्शन

शांति बांड में दिए गए आश्वासन के आधार पर उन्हें छोड़ दिया गया



रिहा होने के बाद सीजेपी प्रमुख दीपके ऐसे दिखे

दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के लहरा दो तिरंगा मार्च को लेकर शुक्रवार को कई एफआईआर दर्ज किए हैं। यह विरोध प्रदर्शन कनॉट प्लेस पर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर किए गए थे। पुलिस ने बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा के कथित उल्लंघन और लोक सेवकों को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने के आरोप लगाए हैं। हालांकि एफआईआर के सटीक संख्या या मामलों में लागू सभी प्रावधानों का खुलासा नहीं किया है। ये विरोध प्रदर्शन के मामले सीजेपी और अन्य विपक्षी पार्टियों द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी के विरोध में आयोजित प्रदर्शनों से जुड़े हैं। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को सेंट्रल पार्क और पालिका बाजार के आसपास भीड़ जमा होने पर 150 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया है।



यूट्यूबर राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी

दिल्ली की साकेत कोर्ट ने शनिवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ 2018 के मानहानि मामले में जमानती वारंट जारी किया है। यह मामला विकास संस्कृत्यायन की शिकायत से जुड़ा है। आरोप है कि ध्रुव राठी ने 'बीजेपी इट सेल पार्ट-2' नाम से एक वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया। वीडियो में उनके खिलाफ कई झूठे और मानहानि करने वाले आरोप लगाए गए थे।

दीपावली से पहले भरेगी हुंकार, 1 नवंबर को करेगी विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस को मिली रामलीला मैदान में प्रदर्शन की परमिशन



जंतर-मंतर को अधिकृत प्रोटेस्ट साइट से हटाए जाने के बाद रामलीला मैदान अब नया आंदोलन स्थल बनने जा रहा है। केंद्र सरकार ने रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी मैदान को प्रोटेस्ट साइट के लिए अधिकृत किया है। अब दिवाली से पहले कांग्रेस रामलीला मैदान में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। दरअसल कांग्रेस को रामलीला मैदान में प्रदर्शन की परमिशन मिल गई है। दिल्ली सेंट्रल पुलिस के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अब रामलीला मैदान, सीबीडी ग्राउंड और बुराड़ी ग्राउंड को प्रदर्शन स्थलों के रूप में तय किया गया है। इसी सिलसिले में कांग्रेस ने जगह की उपलब्धता जानने के लिए एमसीडी से संपर्क किया है। एमसीडी ने बताया कि यह जगह 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी।

कांग्रेस को एनओसी मिला एमसीडी जाएंगे

डीसीपी ने बताया कि उनसे बातचीत करने और सुरक्षा इंतजामों को समझने के बाद हमने कांग्रेस को 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' देने का फैसला किया। हमने आज यह सर्टिफिकेट जारी कर दिया है। अब वे इसे लेकर एमसीडी के पास जाएंगे, जो इस जमीन की मालिक एजेंसी है और फिर तैयारियां शुरू करेंगे।

पुलिस ने शेयर किया वीडियो

लहरा दो तिरंगा' मार्च में महिला ने मिलिट्री जवान को जड़ा थप्पड़

दिल्ली में 'लहरा दो तिरंगा' मार्च के दौरान हंगामे का एक वीडियो सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को वीडियो जारी किया। इसमें शुक्रवार शाम पालिका बाजार के पास प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ कथित मारपीट की घटना दिखाई गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक राजीव चौक मेट्रो स्टेशन



के गेट नंबर 6 के पास एक महिला ने अर्धसैनिक बल के जवान को थप्पड़ मारा। बताया जा रहा है कि महिला खुद को यूट्यूबर बता रही थी। यह मार्च सीजेपी ने अपने दो सदस्यों की गिरफ्तारी के विरोध में बुलाया था। अब दिल्ली पुलिस वीडियो फुटेज की जांच कर रही है और घटना में शामिल लोगों की पहचान करने की कोशिश में जुटी है।

रिहा होने के बाद बोली नेहा

कृपया... भारत के लोगों को बख्श दीजिए



ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने हिरासत से रिहा कर दिया है। पुलिस ने नेहा बोरा को शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया था। रिहा होने के बाद नेहा बोरा ने दिल्ली पुलिस और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था की हर तरह से धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आम नागरिकों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, जैसे वे कोई शातिर अपराधी हों। इस देश में लंबे समय से ऐसा होता आया है। बोरा ने कहा कि पुलिस पूरे देश में अराजकता और अव्यवस्था फैला रहे हैं। कृपया भारत के लोगों को बख्श दीजिए।

खबर संक्षेप

शिमला जिले में 4.1 तीव्रता का भूकंप

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में शनिवार तड़के 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के



झटके राज्य की राजधानी शिमला से लगभग 130 किलोमीटर दूर रामपुर क्षेत्र में महसूस किए गए। तड़के करीब 4. 36 बजे पर कुछ सेकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

कर्नाटक महिला कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

बेंगलुरु। कर्नाटक प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सौम्या रेड्डी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने



महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा को पत्र लिखकर इस्तीफा स्वीकार करने का अनुरोध किया। 20 अगस्त को पत्र में सौम्या ने कहा कि उन्होंने यह जिम्मेदारी 2 साल के लिए स्वीकार की थी। कार्यकाल को सम्मान बताया।

ओडिशा छात्रसंघ चुनाव में भी एबीवीपी का डंका

भुवनेश्वर। ओडिशा में 8साल बाद हुए छात्र संघ चुनावों में एबीवीपी ने कई प्रमुख पदों पर बड़ी संख्या में



जीत दर्ज की है। राज्य के 346 कॉलेजों में अध्यक्ष पद पर 208, उपाध्यक्ष पद पर 214, महासचिव पद पर 221 और सहायक महासचिव पद पर 199 एबीवीपी उम्मीदवार जीते हैं। इस जीत के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एबीवीपी को बधाई दी है।

गांधीनगर में प्लास्टिक फैक्टरी में भीषण आग

गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर जिले के कलोल तालुका में शनिवार सुबह एक प्लास्टिक



बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग बुझाने का अभियान 8घंटे से अधिक समय तक जारी रहा, लेकिन काबू नहीं पाया जा सका था। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक किसी के घायल होने या जान जाने की सूचना नहीं है।

सीजेआई ने बेंगलुरु में कॉन्वोकेशन में स्टूडेंट को किया संबोधित

अनिश्चितता के बीच बाहरी ताकतों की वजह से लगा यह 'मौका' शायद न आए

संस्थान में उथल पुथल चल रही थी

सीजेआई सूर्यकांत की यह टिप्पणी हाल के हफ्तों में संस्थान के आस-पास चल रही उथल-पुथल के बीच आई है। लेकिन, ऊहापोह के बावजूद 34वां सालाना कॉन्वोकेशन तय समय पर हुआ।



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

सीजेआई और नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) के चांसलर, जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि कुछ बाहरी ताकतों की वजह से अनजाने और दुर्भाग्यपूर्ण हालात ने 34वें सालाना कॉन्वोकेशन को लेकर अनिश्चितता पैदा कर दी थी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि यह मौका शायद वैसा न हो जैसा हमने उम्मीद की थी। बेंगलुरु में कॉन्वोकेशन में ग्रेजुएट हो रहे स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि कुछ बाहरी ताकतों की वजह से कुछ अनचाही और दुर्भाग्यपूर्ण हालात अपने साथ अनिश्चितता की भावना लेकर आए और कुछ समय के लिए ऐसा लगा कि यह मौका शायद वैसा न हो जैसा हमने उम्मीद की थी। सीजेआई की यह टिप्पणी हाल के हफ्तों में संस्थान के आस-पास चल रही उथल-पुथल के बीच आई है। अनिश्चितता के बावजूद 34वां सालाना कॉन्वोकेशन तय समय पर हुआ। फैकल्टी मेंबर्स, जाने-माने लोगों और ग्रेजुएट्स के परिवारों की मौजूदगी में डिग्री दी।

फैकल्टी मेंबर्स और ग्रेजुएट्स के परिवारों की मौजूदगी में डिग्री दी



कार्यक्रम के पहले राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ सीजेआई

आपके फैसले न्याय के बड़े ढांचे में योगदान देंगे

उन्होंने कहा कि कानून, जैसा कि आप जल्द ही अपने जीते-जागते रूप में देखेंगे, रुका हुआ नहीं है। यह सांस लेता है, और इसे मानने वालों के दिमाग और कामों से विकसित होता है। आप जिन मामलों में बहस करते हैं, जो कॉन्ट्रैक्ट आप बनाते हैं, जो सलाह आप देते हैं और जो फैसले आप लिखते हैं, वे सभी हमारे देश में न्याय के बड़े ढांचे में योगदान देंगे।

दिल्ली हाईकोर्ट के पास सड़कों की खराब हालत पर भड़के सुप्रीम कोर्ट के जज

तो हम धरने पर बैठ जाएंगे, जब तक काम नहीं होगा...

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के पास सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसा। कोर्ट ने अधिकारियों की फटकार लगाई। अल्टीमेटम दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर 25 नवंबर तक ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हम खुद हाई कोर्ट के मुख्य गेट के पास धरने पर बैठ जाएंगे।

काम पूरा होने तक धरने पर बैठेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों की फटकार लगाते हुए कहा कि अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो हम दोनों (जेबी पारदीवाला और केवी विनोद चंद्रन) दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य गेट पर बैठ जाएंगे और तब तक घर नहीं जाएंगे, जब तक आप काम पूरा नहीं कर लेते। यह भी पक्का है हम आपकों भी घर नहीं जाने देंगे।

लॉ के छात्रों से सीजेआई ने कहा

कानूनी पेशा कमजोर दिल वालों के लिए नहीं, समाज के लिए भी काम करें

सीजेआई ने छात्रों से न्याय कायम रखने, स्वतंत्रता की रक्षा करने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे में साहस, ईमानदारी और उन लोगों की बात सुनने की क्षमता जरूरी है, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है। सीजेआई ने कहा कि कानूनी शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसका उद्देश्य छात्रों को अलग-अलग विचारों और नजरियों को समझने तथा समाज की सेवा करने के लिए तैयार करना भी है।

न्याय के लिए साहस और संवेदनशीलता जरूरी

कानूनी पेशे की जिम्मेदारियों पर जोर देते हुए सीजेआई ने कहा कि इसके लिए कानूनों और अदालती फैसलों की जानकारी होना ही पर्याप्त नहीं है। न्याय के पक्ष में खड़े होने का साहस और उन लोगों की चिंताओं को समझने की विनम्रता भी जरूरी है, जिनकी बातों पर ध्यान नहीं होता।

किरेन रिजिजू ने की तारीफ

ओवैसी ने साफ कर दिया 'भारत-विरोधी गिरोह कौन?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में बयान देते हुए एलन मस्क को लेकर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने टिप्पणी की। इस पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ओवैसी की तारीफ करते हुए कहा कि ओवैसी भारत के राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर समझदारी बातें करते हैं, हालांकि हम उनकी कट्टर मुस्लिम-केंद्रित नीतियों का विरोध करते हैं। अगर विपक्ष के कुछ नेता हमारी बात नहीं सुनना चाहते तो उन्हें ओवैसी से सीखना चाहिए।

देश और संवैधानिक पद का अपमान बर्दाश्त नहीं: ओवैसी

ओवैसी ने मस्क के बयान पर कहा कि कोई गोरा हमें हुक्म नहीं दे सकता। नरेंद्र मोदी से मेरी 100 मतभेद हो सकती हैं, लेकिन मैं देश



और संवैधानिक पद का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। हमें दुनिया में सबसे सस्ता डेटा मिल रहा है। जब मस्क ने सवाल उठाया, तो ओवैसी ने किसी विदेशी व्यवसायी को देश में शर्तें तय करने देने के बीच का फर्क समझा दिया। ओवैसी का यह रुख राहुल गांधी के रुख से एकदम अलग था।

एसआईआर पर स्टालिन का कांग्रेस पर हमला

बिहार विवाद और सोरेन के अलग होने की दिलाई याद

चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और डीएमके के प्रमुख एमके स्टालिन ने एसआईआर के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों का खुलकर समर्थन



किया है। हालांकि, उन्होंने न केवल चुनाव आयोग को आड़े हाथों लिया, बल्कि कांग्रेस पर भी जोरदार राजनीतिक हमला बोला है। डीएमके ने एसआईआर मुद्दे पर कांग्रेस के रवैए को दोहरा करार दिया है और विपक्षी गठबंधन के अंदर मौजूद खींचतान को एक बार फिर बाहर ला दिया है। चेन्नई में आयोजित डीएमके संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्टालिन ने पार्टी के रुख को स्पष्ट किया। इस बैठक में 4 प्रमुख प्रस्ताव पारित किए।

महाराष्ट्र एफडीए ने की बड़ी कार्रवाई

48 लाख का एक्सपायर्ड खाद्य समान जब्त, 10 पर मामला दर्ज



एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक्सपायर हो चुके खाद्य उत्पादों की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 48 लाख रमूल्य का खाद्य स्टॉक जब्त किया है। पुलिस ने रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, रिलायंस रिटेल, ब्लिंकइट और जोमैटो के हाइपरप्योर के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह जानकारी शनिवार को सामने आई।

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स रिटेल, जोमैटो ब्लिंकइट शामिल

ठाणे के शांति नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में 10 लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, रिलायंस रिटेल, ब्लिंकइट और जोमैटो हाइपरप्योर से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही डिस्पोजल एजेंसी चलाने वाले और स्थानीय सप्लायर शामिल हैं। यह एफआईआर 'खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006' और 'भारतीय न्याय संहिता, 2023' की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज की गई है।

शिवराज ने की 'खेत बचाओ अभियान' की तैयारियों की समीक्षा

यह औपचारिकता न बने, किसानों तक पहुंचे वास्तविक लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आगामी 'खेत बचाओ अभियान' की तैयारियों को लेकर विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। यह अभियान 22 अक्टूबर से 30 नवंबरतक आयोजित किया जाएगा। बैठक में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, उत्तराखंड, राजस्थान, असम, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, बिहार और महाराष्ट्र के कृषि मंत्रियों ने भाग लिया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव शअतिश चंद्रा तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट भी थे।

खास बातें

- 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगा अभियान
- सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का किया आह्वान
- हर स्तर पर नियुक्त किए जाएं नोडल अधिकारी

बैठक में लक्ष्यों पर चर्चा की



बैठक में अभियान के उद्देश्यों, प्रमुख गतिविधियों, कार्यान्वयन की रणनीति और जनभागीदारी से जुड़े लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। अभियान का उद्देश्य किसानों के बीच उन्नत कृषि पद्धतियों, संसाधनों के कुशल उपयोग, टिकाऊ खेती तथा केंद्र सरकार की विभिन्न किसान-केंद्रित योजनाओं के संबंध में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। जमीनी स्तर पर व्यापक जनसंपर्क सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

समयबद्ध कार्यान्वयन की व्यवस्था करें

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभियान की शुरुआत प्रभावी ढंग से होनी चाहिए और इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने जिला कलेक्टरों को भी अभियान के सुचारु आयोजन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश देने का आह्वान किया।

प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया से किसानों को जोड़ें

उन्होंने कहा कि जो लोग प्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकते, उन्हें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान से जोड़ने के प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सुनिश्चित हो। अभियान में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करने की गतिविधियां की जाएंगी।

'भारत माता की जय', 'मोदी- मोदी' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए

लंदन में प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी के समर्थन में निकाली रैली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंदन में प्रवासी भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने तिरंगा लहराया और प्रधानमंत्री के पक्ष में नारे लगाए। 'भारत माता की जय', 'मोदी- मोदी' और 'जय श्री राम' नारे लगा प्रधानमंत्री और भारत सरकार के प्रति अपना समर्थन जताया। मौजूद लोगों ने कहा कि वो विदेशों में भारत की छवि बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। उनका मानना है कि कुछ प्रदर्शन ऐसे हैं, जिनका मकसद देश की साख को नुकसान पहुंचाना है। लंदन में रहने वाले एक भारतीय न्यूज़ एजेंसी से बातचीत में बताया कि इस सभा का उद्देश्य उन कोशिशों का विरोध करना था, जिन्हें वे भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की कोशिश मानते हैं।

लंदन में प्रवासी भारतीयों ने कहा कि वो विदेशों में भारत की छवि बचाने के लिए इकट्ठा हुए हैं। उनका मानना है कि कुछ प्रदर्शन ऐसे हैं, जिनका मकसद देश की साख को नुकसान पहुंचाना है



लंदन में भारतीय दूतावास के बाहर मोदी के समर्थन में प्रदर्शन करते प्रवासी भारतीय

पेशी से पहले यूट्यूबर ध्रुव राठी निकल गए लंदन



गुरुग्राम। यूट्यूबर ध्रुव राठी से जुड़े वर्ष 2018 के आपराधिक मानहानि मामले में शनिवार को दिल्ली की साकेत कोर्ट में सुनवाई हुई। ध्रुव राठी की ओर से अधिवक्ता अदालत में पेश हुए। उन्होंने बताया कि राठी लंदन चला गया है, इस कारण वह व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश नहीं हो सकता। आपराधिक मानहानि मामले में शनिवार को साकेत कोर्ट ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। दो दिन पहले कोर्ट ने राठी को समन जारी कर व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था।

लोकतंत्र में शिकायतों का समाधान संवैधानिक तरीकों से होना चाहिए

भारत सरकार का विरोध करने वालों के तरीके पर सवाल उठाते हुए, वहां मौजूद एक व्यक्ति ने कहा कि लोकतंत्र में शिकायतों का समाधान कानूनी और संवैधानिक तरीकों से होना चाहिए, न कि ऐसे प्रदर्शनों से, जिनसे विदेशों में देश की छवि खराब हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, "आप असल में किस बात का विरोध कर रहे हैं? भारत एक लोकतांत्रिक देश है। अगर आपको कोई शिकायत है, तो आप अदालतों, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं और कानूनी व्यवस्था के जरिए न्याय पा सकते हैं। आपके पास सबूत कहां हैं? ऐसा लगता है कि आपका विरोध इसलिए है क्योंकि आप प्रधानमंत्री मोदी, उनके नेतृत्व और भारत की तरक्की को पसंद नहीं करते हैं।"भारतीय समुदाय के एक अन्य सदस्य ने बताया कि यह सभा प्रधानमंत्री और सरकार के समर्थन में आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि चूंकि सरकार एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए चुनी गई है, इसलिए उसे देश चलाने का जनादेश प्राप्त है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, "हम यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के समर्थन में इकट्ठा हुए हैं, क्योंकि उन्हें भारत की जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से चुना है और उनके पास सत्ता में बने रहने का पूरा अधिकार है। प्रधानमंत्री मोदी के पास जनता का जनादेश है। जहां एक तरफ लोग गरीबी की बात करते हैं, वहीं पीएम मोदी सरकार की यह उपलब्धि काबिले तारीफ है कि उन्होंने गरीबों के 30 करोड़ (300 मिलियन) बैंक खाते खुलवाए हैं। प्रदर्शन में शामिल अन्य शख्स ने कहा, आज हम यहाँ भारत के समर्थन में और पीएम मोदी के साथ खड़े होने के लिए आए हैं। अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना और भारत को बदनाम करना, ये दोनों अलग-अलग बातें हैं। आप अपनी चिंताएं जाहिर कर सकते हैं, लेकिन ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे विदेशों में देश की छवि खराब हो।

खबर संक्षेप

ट्रंप की नई प्रेस सेक्रेटरी केटी जकारिया की छुट्टी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सेक्रेटरी केटी



जकारिया को पद संभालने के 4 दिन के अंदर हटा दिया गया है। उनके शुरुआती कामकाज के दौरान योग्यता को लेकर सवाल उठे थे। साथ ही मीडिया के सामने उनकी प्रस्तुतियों की भी आलोचना हुई थी। जकारिया को पद से हटा दिया गया है। उनकी अचानक विदाई ऐसे समय हुई है, जब अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में दो हफ्ते से कुछ ज्यादा समय बचा है।

अवैध मतदान के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

वॉशिंगटन। अमेरिका के मिनेसोटा में 2024 के आम चुनाव में



गैरकानूनी रूप से मतदान करने और खुद को अमेरिकी नागरिक बताने के आरोप में भारतीय नागरिक मुकेश कुमार सोमाभाई चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। चौधरी पर गलत जानकारी देकर मतदान करने का गंभीर आरोप है। दोषी साबित होने पर उन्हें प्रत्येक आरोप में अधिकतम पांच साल की जेल हो सकती है।

भारत से मदद मांगेंगे नेपाली पीएम शाह

काठमांडू। नेपाल के विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने



बताया कि प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की नई दिल्ली की प्रस्तावित यात्रा के दौरान, नेपाल भारत से एक बड़े सहायता पैकेज की मांग कर रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि शाह 22 या 23 नवंबर को नई दिल्ली जा सकते हैं।

समुद्र में मिली 9000 साल पहले डूबी बस्ती

कैनबरा। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तट पर पानी के नीचे मिले पत्थर के



औजारों से एक्सपर्ट को अहम जानकारी मिली है। रिसर्च से पता चलता है कि यहां कभी मीठे पानी का झरना था और यह जगह शायद आदिवासी समुदायों के इकट्ठा होने के लिए थी। यह जगह 9,000 साल पहले समुद्र में डूब गई थी। कई एक्सपर्ट का मानना है कि यहां मिली वस्तुएं उससे भी ज्यादा पुरानी हो सकती हैं। ये खोज उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के मुरुजुगा में हुई हैं।

राजनाथ की चेतावनी से तिलमिलाया पाकिस्तान

इस्लामाबाद। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से सीमा पार



आतंकवाद की किसी भी नई घटना पर जवाब की चेतावनी से पाकिस्तान तिलमिलाया है। उसके एक शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा है कि किसी भी 'मिस कैलकुलेशन' का जवाब ऐसा होगा, जिसकी कल्पना नहीं की गई होगी। इस बयान को दोनों देशों के बीच बढ़ते बयानबाजी के तनाव के संदर्भ में देखा जा रहा है।

रूसी तेल खरीद में राहत का रूस ने किया स्वागत

रूसी राष्ट्रपति को खुश करने में यूक्रेन भूल गए ट्रंप, अब जी-20 में बिछाएंगे रेड कार्पेट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि क्या पुतिन जी 20 बैठक में शामिल होने वाले हैं। इस पर ट्रंप ने कहा, नहीं, उन्होंने सिर्फ शामिल होने इच्छा जताई है। मुझे नहीं पता कि पुतिन खुद आएंगे या नहीं लेकिन अगर वे आते हैं तो मैं जरूर उनका स्वागत करूंगा। ईंधन की कीमतों से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने खुद जी 20 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जी 20 बैठकों में रूस के प्रतिनिधि पहले भी शामिल होते रहे हैं। अमेरिका 2026 जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो 30 और 31 अक्टूबर को जॉर्जिया के अटलांटा में जी 20 विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे। इसके बाद 14 और 15 दिसंबर को ट्रंप फ्लोरिडा के मियामी स्थित ट्रंप नेशनल डोरल में जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह चीन और रूस दोनों के साथ परमाणु समझौता करना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने माना कि उन्हें नहीं लगता कि ऐसा इस साल हो पाएगा। वहीं, यूक्रेन युद्ध को लेकर जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह भूल गए हैं कि युद्ध की शुरुआत पुतिन ने की थी, तो उन्होंने कहा, देखिए, मुझे सभी बातें पता हैं।

अमेरिका वर्ष 2026 में जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है। नेताओं का मुख्य शिखर सम्मेलन 14 और 15 दिसंबर 2026 को फ्लोरिडा के मियामी स्थित 'ट्रंप नेशनल डोराल' में आयोजित किया जाएगा

रूस ने अमेरिका के इस फैसले को बताया ऐतिहासिक कदम



मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यही कि युद्ध खत्म होना चाहिए...

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह युद्ध खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा, औसतन हर महीने करीब 25,000 सैनिक मारे जा रहे हैं। पिछले महीने यह संख्या 32,000 थी। मैं दोनों पक्षों से बात करता हूं। मुझे लगता है कि दोनों इस युद्ध को खत्म करना चाहते हैं और मेरा पूरा ध्यान इसी पर है कि यह युद्ध समाप्त हो। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या अमेरिका ने यूक्रेन की ओर से 'स्टारशील्ड' के इस्तेमाल पर कोई प्रतिबंध लगाया है, तो उन्होंने साफ कहा, नहीं, हमने ऐसा बिल्कुल नहीं किया है।

बढ़ रही रूस और अमेरिका की नजदीकी

यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की आलोचना करने और रूस के साथ नजदीकी बढ़ने के दौरान ट्रंप का ये आदेश सामने आया है। इधर, कुछ दिनों से अमेरिका और रूस की नजदीकी देखी जा रही है। अमेरिकी राष्टपति ट्रंप रूस और यूक्रेन दोनों के ही राष्ट्राध्यक्षों से युद्ध रोकने की अपील कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने दोनों ही देशों पर कई तरह से दबाव डाला, लेकिन अब तक वे युद्ध रोकने में नाकाम ही रहे हैं।

ट्रंप ने हटाया टैरिफ तो गदगद हो गए पुतिन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों के पैकेज को लागू न करने का फैसला लिया है। जिसकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष दूत किरिल दिमित्रिएव ने सराहना की है। उन्होंने ट्रंप के इस फैसले को ऐतिहासिक क्षण करार दिया है। दिमित्रिएव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स इस संबंध में एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने पोस्ट में कहा, ट्रंप प्रशासन की तरफ से ग्राहम एक्ट को सस्पेंड करना एक महत्वपूर्ण और देखा जाए तो यह असल में ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, प्रतिबंधों और टकराव के बजाय हमें बातचीत, पारस्परिक रूप से फायदेमंद सहयोग और वैश्विक स्थिरता के लिए साझा जिम्मेदारी की जरूरत है।

भावुक हुए अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति

बंदूक जाम हो गई, मेरा परिवार बच निकला...



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में भारतीय समुदाय को निशाना बनाकर सामूहिक गोलीबारी करने की साजिश को याद करते हुए अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि इलिनॉय के औरोरा स्थित हिंदू मंदिर में जब हमले की कोशिश हुई, तब उनका परिवार भी वहां मौजूद था।

कृष्णमूर्ति ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि हमलावर की बंदूक कैसे जाम हुई और उनका परिवार समेत दूसरे लोग कैसे बच निकले। उन्होंने इस घटना को नफरत के खिलाफ आवाज उठाने के अपने जीवन के उद्देश्य से भी जोड़ा।

19 साल के युवक पर हमले की साजिश रचने का आरोप: इस मामले में 19 वर्षीय अलेक्जेंड्रोस पापोराकिस को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से हथियार रखने के आरोप लगाए गए हैं।

धमकियों को नजरअंदाज नहीं कर सकते...

कृष्णमूर्ति ने इस कथित साजिश को बेहद परेशान करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि औरोरा के हिंदू मंदिर में भारतीय अमेरिकियों को निशाना बनाकर सामूहिक गोलीबारी की कोशिश किए जाने से वह स्तब्ध हैं। उन्होंने बताया कि घटना के समय उनका परिवार भी मंदिर में मौजूद था। यह हमला पिछले रविवार को करने की कोशिश की गई थी। सांसद ने आरोपी के सहकर्मियों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों की भी सराहना की। उन्होंने चेतावनी दी कि नफरत से प्रेरित हिंसा की धमकियों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

अमेरिकी सांसदों ने की कार्रवाई की मांग

अमेरिकी इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना और रिच मैककॉर्मिक ने भी सामूहिक गोलीबारी की कथित साजिश की निंदा की। दोनों सांसदों ने अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजी) और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) से मामले में कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिंदू अमेरिकियों और भारतीय अमेरिकियों के खिलाफ बढ़ती धमकियों और नफरत को गंभीरता से लेने की जरूरत है। दोनों सांसदों ने मांग की कि मामले की संभावित संघीय घृणा अपराध के तौर पर जांच की जाए और सबूतों के आधार पर सभी जरूरी आरोप लगाए जाएं।

बांग्लादेश में बड़ा हादसा

समुद्र तटीय रिसॉर्ट में आग लगने से 10 की मौत व 9 लोग घायल

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी जिले कॉक्स बाजार में शनिवार सुबह एक समुद्र तटीय रिसॉर्ट में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। आग सुबह करीब 6:30 बजे इनानी इलाके में स्थित टुपटुप रेस्टो एंड रिसॉर्ट में लगी। यह रिसॉर्ट मरीन ड्राइव पर पटुआरटेक बीच के पास है। दमकल विभाग के प्रवक्ता तल्हा बिन जासिम ने दोपहर करीब 1:30 बजे मृतकों की संख्या की पुष्टि की।

रिसॉर्ट में करीब 30 लोग मौजूद थे

आग लगने के समय रिसॉर्ट में करीब 30 लोग मौजूद थे। इनमें से चार से पांच लोग किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे। हालांकि, बाकी लोगों के ठिकाने और उनकी स्थिति के बारे में तत्काल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। ऐसे में हादसे में प्रभावित लोगों की पूरी स्थिति जानने के लिए अधिकारियों की जांच अहम है।



बांग्लादेश में कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा पूजा का आयोजन

33,851 पंडालों में विराजी मां इस बार 1500 की हुई बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय का सबसे बड़ा वार्षिक त्योहार दुर्गा पूजा व्यापक सुरक्षा इंतजामों के बीच मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री तारिक रहमान और राष्ट्रपति मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने हिंदू समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए धार्मिक सद्भाव, समान अधिकारों और सभी नागरिकों की सुरक्षा पर जोर दिया।

सरकार ने पूजा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ त्योहार की छुट्टियां भी बढ़ाई हैं। बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के



अनुसार, इस साल देशभर में कुल 33,851 दुर्गा पूजा पंडाल बनाए गए हैं। इनमें राजधानी ढाका के 258 पंडाल शामिल हैं।

पिछले साल की तुलना में इस बार पंडालों की संख्या में करीब 1,500 की बढ़ोतरी हुई है। दुर्गा पूजा बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय का सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक आयोजन है।

यूक्रेनी सेना के युद्ध अभियान पर पड़ा असर

यूक्रेन में स्टारलिंक की स्पीड घटाने से भड़क गए राष्ट्रपति जेलेंस्की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलन मस्क की कंपनी अपनी सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को भारत में लॉन्च करने के लिए काफी दिलचस्पी दिखा रही है। यही कारण है कि मस्क ने मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो को लेकर कई विवादित बयान दिए।

रिलायंस ने भी पलटवार किया। अंबानी की कंपनी ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा से नहीं डरती है बल्कि सभी का स्वागत करती है। इसके बाद एलन मस्क के तेवर नरम पड़े और उन्होंने आभार प्रकट किया। दोनों ही कंपनियों के बीच फिलहाल झगड़ा खत्म हो गया है। हालांकि,



रूस-यूक्रेन युद्ध में स्टारलिंक की भूमिका पर सवाल खड़े होने लगे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स द्वारा संचालित स्टारलिंक नेटवर्क ने अचानक ड्रोन उड़ानों की इंटरनेट कनेक्टिविटी स्पीड पर रोक लगा दी। इसका सबसे ज्यादा असर यूक्रेन की सेना के युद्ध अभियान पर देखने को मिला है।

जेलेंस्की के आरोपों पर मस्क ने दी सफाई

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने इस कदम पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे केवल तकनीकी खराबी मानने से इनकार किया। दूसरी तरफ एलन मस्क ने एक्स पर सफाई देते हुए कहा कि सैन्य-ग्रेड सेवा स्टारशील्ड का नियंत्रण सीधे अमेरिकी रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रपति के हाथों में है। उन्होंने कहा कि स्टारलिंक का उपयोग व्यावसायिक और रक्षात्मक कार्यों तक ही सीमित है। इसका उपयोग आक्रामक सैन्य कार्रवाइयों के लिए नहीं किया जा सकता है।

देश के संविधान से प्रत्येक नागरिक को मिले हैं सभी जरूरी अधिकार

बोले अनुज स्वरूप, तथ्यों से परे सिर्फ सुनी-सुनाई बातों के आधार पर लगाए जा रहे बेबुनियाद आरोप बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

सीजेपी के प्रदर्शनों पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट को भारत ने किया सिरे से खारिज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शनों में मामले की गूंज अमेरिका के बाद अब संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भी सुनाई पड़ी है। जिसमें दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र के रूप में भारत की सराहना करने के बजाय उस पर उलजुलूल आरोप लगाए गए हैं। मामला बेहद गंभीर होने के साथ ही देश की वैश्विक मंच पर गढ़ी जा रही छवि से जुड़ा था। इसलिए बिना किसी देरी के यूएन में भारत के प्रथम सचिव अनुज स्वरूप ने कमान संभाली और



जोरदार अंदाज में सभी आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि बिना किसी आधिकारिक पुष्टि वाले अनाम बयानों यानी सिर्फ और सिर्फ सुनी सुनाई बातों के आधार पर हम पर लांछन लगाने की किसी भी कोशिश को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। सीजेपी का मुख्य उद्देश्य सीजेआई को हटाना है।

युवाओं से छीना प्रदर्शन का अधिकार

यूएन महासभा की तीसरी समिति के 81वें सत्र के दौरान विशेष प्रतिवेदक (स्पेशल रैपोर्टियर) जीना रोमेरो ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर नई दिल्ली पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भारत में दरअसल युवाओं को किसी मुद्दे पर प्रदर्शन करने का भी अधिकार नहीं है। अगर वो ऐसा कुछ करने की सोचते भी हैं तो उन्हें इससे वंचित किया जा रहा है। जबकि हकीकत ये है कि युवा लोकतंत्र और जवाबदेही जैसे मामलों पर अपना पक्ष देश के सामने रखना चाहते हैं। लेकिन भारत की सरकार कानूनी पाबंदियों का उपयोग कर उन्हें आंदोलन स्थलों से बाहर रख रही है। रोमेरो के मुताबिक, बात यही पर खत्म नहीं होती है, भारत में प्रदर्शन में शामिल लोगों को डिजिटल निगरानी की मार भी झेलनी पड़ रही है। यह रिपोर्ट शांतिपूर्ण सभा और संगठन की स्वतंत्रता के अधिकार पर आधारित थी। जिसमें उन्होंने ये भी कहा कि भारत में जब युवा मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिग समानता जैसे जरूरी विषयों पर विचार-विमर्श के साथ संवाद करते हैं तो उन्हें बदले की कार्रवाई तथा सामाजिक प्रताड़ना से दो चार होना पड़ता है।

भारतीय संविधान को ध्यान से पढ़ें

स्वरूप ने रोमेरो को दो टूक अंदाज में कहा कि भारत के संविधान की धारा-19 देश के प्रत्येक नागरिक को समान रूप से जरूरी अधिकार प्रदान करती है। जिसमें वे किसी संगठन का गठन करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐतिहासिक आंदोलन, प्रदर्शन इसकी पुष्टि करते हैं। नागरिकों को सुरक्षा व संरक्षा प्रदान करने की गारंटी एक स्वतंत्र न्यायपालिका, प्रेस और एक सशक्त राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रदान की जाती है।

अमेरिकी सांसदों पर भड़के पूर्व विदेश सचिव

जहर उगलने वाले ये हाशिए के नेता, सिर्फ शोर मचा रहेः कंवल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन को लेकर अमेरिका के 6 सांसदों की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो को लिखी गई चिट्ठी पर भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पहल को महज शोर-शराबा बताते हुए कहा कि इससे भारत में अमेरिका के प्रति नकारात्मक धारणा बनेगी। सिब्बल ने अमेरिकी सांसदों की आलोचना करते हुए कहा कि इस याचिका का कोई खास महत्व नहीं है।

6 अमेरिकी सांसदों ने मार्को रुबियो को लिखी चिट्ठी



अमेरिका के 6 सांसदों ने भारत में चल रहे विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए मानवाधिकारों को लेकर चिंता जताई है। इस संबंध में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखी गई है। इस पर प्रमिला जयपाल, जेम्स पी. मैकगवर्न, जीसस जी. चुई गार्सिया, रशीदा तलीब, एलेनोर होम्स नॉर्टन और इल्हान उमर ने हस्ताक्षर किए हैं। सांसदों ने अपनी चिट्ठी में भारत में विरोध प्रदर्शन और मानवाधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चिंता जाहिर की है।

वार्ड-15 के टीला जमालपूरा हनुमान मंदिर के पास 'मेरा वार्ड-मेरी बात' का आयोजन

पार्षद का दावाः रोड, पानी के साथ बारिश में नाला, नाली की समस्याओं का निराकरण किया

पार्षद ने गिनाईं विकास की उपलब्धियां, रहवासियों ने पानी, सीवेज और स्कूल-अस्पताल की कमी बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि समाचार पत्र की ओर से वार्ड-15 के टीला जमालपूरा हनुमान मंदिर के पास 'मेरा वार्ड-मेरी बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बड़ी में संख्या में क्षेत्रीय रहवासी शामिल हुए और उन्होंने वार्ड से जुड़ी समस्याओं को साझा किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद शैलेंद्र साहू ने लोगों समस्याओं को सुना और विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए समाधान और आगामी कार्य योजना की जानकारी दी। पार्षद- शैलेंद्र साहू ने कहा कि उनके वार्ड में रोड, पानी के साथ बारिश में नाला, नाली की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करवाया गया है। वार्ड के विकास के लिए 1 करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। इसमें से 80 फीसदी विकास कार्यों में खर्च किए गए हैं, जबकि बची हुई राशि से विकास की योजनाएं तैयार हैं। मंजूरी मिलते ही काम जल्द शुरू हो जाएंगे। साथ ही दो करोड़ से भूमिपूजन आगामी कार्यो के लिए किया गया है।



पार्षद साहू ने समस्याओं के समाधान आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी

हरिभूमि समाचार पत्र की ओर से वार्ड-15 में 'मेरा वार्ड-मेरी बात' कार्यक्रम का आयोजन

रहवासी बोले- नाले-नालियों की समस्याओं से लोग परेशान है

आज शाम आईएनएच न्यूज चैनल पर प्रसारण



गाड़ियां समय पर नहीं आती...

रहवासी संदीप यादव ने कहा कि कचरे की गाड़ियां समय पर नहीं आती हैं, यह एक समस्या है। बाकी, स्कूल, अस्पताल हो जाए तो सभी कुछ बढ़िया हो जाएगा। अन्य रहवासियों से भी सुविधाओं का मुद्दा उठाया।

पिछले 4 साल में अपने पूरे वार्ड का विकास किया

वार्ड -15 पार्षद- शैलेन्द्र साहू ने कहा कि हमने पिछले 4 सालों में अपने पूरे वार्ड का विकास किया है सबसे ज्यादा गलियों का चाहे कोई भी गली वार्ड 15 को उसमें जाकर आप खुद देख सकते हैं सीमेंटेड गलियां नारियों को ढकवा के सीवर साथ ही पतली गलियों में हमने लाइट की व्यवस्था करवाई है साथी दो सत्संग हॉल को भी हमने बनवाया है इस तरह आने वाले समय में हम स्कूल की व्यवस्था भी करेंगे, साथ विकास के लिए दो करोड़ का भूमि किया गया है जल्दी इस पर विकास कार्य किया जायेगा।



अभी भी पानी की कुछ समस्याएं बनी हुई हैं

पूर्व समिति मंडल,अध्यक्ष मनोहर आर्य ने कहा कि सभी काम अच्छे किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी पानी की कुछ समस्याएं बनी हुई है और स्कूल की व्यवस्था नहीं है साथ ही यहां पर कोई भी अस्पताल नहीं है। अगर वार्ड में कोई भी समस्या होती है तो तत्काल उसका निवारण किया जाता है।



सफाई के लिए बड़ी दिक्कत...

कांग्रेस नेता, समाज सेवी, सलीम खान ने कहा कि अंडर ग्राउंड सीवेज जाम हो जाता है तो सफाई के लिए बड़ी दिक्कत होती है जिसके कारण सीवेज का पानी गलियों के ऊपर तक तैरने लगता है, जहां से निकालने में काफी दिक्कत होती है अगर साफ पानी की बात करें तो पाइप लाइन से कभी-कभी गंदा पानी आता है।



मस्जिद के पास थोड़ी बहुत समस्या...

रहवासी, बाबू खान की मस्जिद के पास थोड़ी बहुत समस्या आती है वहां बारिश का पानी रुका रहता है नाली जाम होने पर गली में पानी लग जाता है। अगर उसको बना दिया जाए तो सबसे बेहतर व्यवस्था हो सकती है।



खबर संक्षेप

कृष्ण तिवारी का निधन

औबेदुल्लागंज। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित संतोष तिवारी शास्त्री, चित्रकूट धाम के पुत्र कृष्ण तिवारी का 25 वर्ष की अल्पायु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से औबेदुल्लागंज सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष्ण तिवारी को ब्रेन हैमरेज होने के बाद भोपाल के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। शनिवार को औबेदुल्लागंज स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। कृष्ण तिवारी के असामयिक निधन पर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा, रामकिशोर शर्मा, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुदामा तिवारी, जेपी शर्मा, आरती यादव, रतन मेघानी, नीरज चावला, बच्चन सिंह लोधी, ऋषभ जैन, पंचू पांडे, राकेश तिवारी, पूर्व पार्षद पदम सिंह चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, राहुल प्रजापति सहित गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।



दुकानों से कपड़े भी चुराकर भाग निकले चोर

कार शोरूम समेत तीन दुकानों में चोरी, 9.41 लाख ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र के 11 मील स्थित एक कार शोरूम समेत तीन दुकानों में एक ही रात में चोरी की तीन वारदात से सनसनी फैल गई।

गुरुवार- शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश कार शोरूम के कार्यालय का ताला तोड़कर लॉकर में रखे 9 लाख 36 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। इसके अलावा पास की दो दुकानों के ताले तोड़कर नकदी और कपड़े भी चोरी कर लिए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

11 मील स्थित तीन दुकानों में एक ही रात में बदमाशों ने चोरी की 3 वारदात की



दूसरी दुकान से पांच हजार रुपए चुराए

पुलिस के अनुसार सतलापुरा जिला रायसेन निवासी नीलेश चौकसे (29) का 11 मील मिसरोद में न्यू कृष्णा कार शोरूम है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर की रात करीब 8:30 बजे वह शोरूम में ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन 16 अक्टूबर की सुबह करीब 10:30 बजे शोरूम पहुंचे तो पीछे स्थित कार्यालय के गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो लॉकर के दरवाजे भी टूटे हुए थे और उसमें रखे 9 लाख 36 हजार रुपए गायब थे।

चोरों ने शोरूम के पास स्थित ओम साईं ट्रेडर्स को भी निशाना बनाया। दुकान संचालक वैभव गुप्ता की दुकान से करीब 5 से 6 हजार रुपए चोरी कर लिए। इसके अलावा कस्टम जर्सी दुकान का ताला तोड़कर चोर 8 से 10 टी-शर्ट ले गए।

मेमू ट्रेन में 10 लाख रुपए से भरा बैग चोरी, आरोपी गिरफ्तार

जीआरपी विदिशा ने मेमो ट्रेन में 10 लाख रुपए से भरे बैग चोरी का खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से 9 लाख 36 हजार रुपए की नगदी, एक मोबाइल, बैग और मोबाइल चार्जर सहित लगभग 9 लाख 43 हजार रुपए का माल जब्त किया। जीआरपी के अनुसार 6 अक्टूबर को फरियादी ने बीना स्थित एक प्लायवुड दुकान से 10 लाख रुपए की राशि लेकर अपने काले रंग के पिट्ठू बैग में रखीं और बीना से भोपाल जाने वाली मेमो ट्रेन में सवार हुआ। गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में भीड़ अधिक होने के कारण उसने बैग को सीट के ऊपर लगी सामान रखने वाली बर्थ पर रख दिया। इसके बाद उसे नींद लग गई। विदिशा रेलवे स्टेशन पर नींद खुली तो उसका बैग चोरी हो चुका था। फरियादी ने जीआरपी थाना विदिशा में शिकायत दर्ज कराई। इस पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल अंकित जायसवाल के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने वारदात स्वीकार की। पुलिस ने बैग, 9 लाख 36 हजार रुपए नगद, फरियादी का मोबाइल चार्जर तथा चोरी की रकम से खरीदा मोबाइल जब्त किया।

21 किलो 729 ग्राम गांजा, साढ़े 19 हजार की नगदी बरामद

टीबी अस्पताल और जिला कोर्ट के पीछे तस्कर पकड़ाए , लाखों का मादक पदार्थ किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित टीबी अस्पताल के पीछे बंजारा बस्ती से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 21 किलो 729 ग्राम गांजा (जिसकी किमत लगभग 5 लाख 20 हजार) जब्त किया है। इसके अलावा गांजा बेचकर कमाए गए साढ़े 19 हजार रुपए जब्त किए गए। पुलिस आरोपी तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गांजे से जुड़ी चेन के बार में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली टीबी अस्पताल के पीछे बंजारा झुग्गी बस्ती में एक युवक घर से गांजा बेचता है। पुलिस ने उसकी रैकी की। नजर रखने पर मुखबिर की सूचना सही निकली। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी के घर दबिश दी। इस दौरान आरोपी के पास से 21 किलो 729 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में उसकी पहचान रितिक जाटव (26) निवासी 18 क्वार्टर टीबी अस्पताल के पीछे बंजारा बस्ती, शाहजहांनाबाद बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी रितिक ने घर के पीछे गांजा छिपाकर रखा था। इसके अलावा गांजा बेचने से मिले साढ़े 19 हजार रुपए भी उसने छिपाकर रखे थे। जब्त गांजे की कीमत सवा पांच लाख रुपए बताई जा रही है।

क्राइम ब्रांच ने 4 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक को दबोचा

क्राइम ब्रांच की टीम ने जिला कोर्ट के पीछे एमडी ड्रग्स के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चार ग्राम एमडी जब्त की गई। क्राइम ब्रांच एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर एमडी के बारे में पूछताछ कर रही है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि वह तीन हजार रुपए प्रतिग्राम के हिसाब से एमडी ड्रग्स बेचने की फिराक में था। इसके बदले उसे पांच हजार रुपए का कमीशन मिलता। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि जिला कोर्ट के पीछे वाली रोड पर एक संदिग्ध खड़ा है और उसके पास मादक पदार्थ एमडी है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके की घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चार ग्राम एमडी ड्रग्स मिला। आरोपी की पहचान मुकुल धौलपुरे पिता कमलेश धौलपुरे (25) मकान नंबर-15, बरखेड़ी, जहांगीराबाद बताया। क्राइम ब्रांच ने उसे वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त की है। मुकुल धौलपुरे ने बताया कि उक्त एमडी ड्रग्स को वह तीन हजार रुपए प्रति ग्राम के हिसाब से बेचना चाहता था। इसके बदले उसे पांच हजार रुपए का कमीशन मिलता। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि ड्रग्स के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य सप्लायर्स और नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

शासकीय जमीन घोटाला पर जताई चिंता

नप के कामकाज से उपाध्यक्ष नमिता दुखी, बोलीं- जनता के हित में नहीं हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज में इन दिनों सामने आ रहे विभिन्न मामलों को लेकर नगर परिषद की उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता नमिता बागीश अग्रवाल ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने हरिभूमि प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए कहा कि नगर परिषद में वर्तमान में जो कुछ चल रहा है, वह जनता के हित में नहीं है। शासकीय जमीन घोटाला प्रकरण, स्वच्छता अभियान में कथित अनियमितताएं, बनी हुई सड़कों पर दोबारा सड़क निर्माण और नगर परिषद की महत्वपूर्ण फाइलों व दस्तावेजों के गायब होने जैसे मामले गंभीर चिंता का विषय हैं। नमिता अग्रवाल ने कहा कि इन घटनाओं से नगर परिषद के पार्षदों को दुख पहुंचा है। जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी जनता के विश्वास पर खरा उतरने की होती है, लेकिन नगर परिषद में सामने आ रहे मामलों के कारण जनता के बीच गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने मौजूदा कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर परिषद में अनुशासन और जवाबदेही का पालन होना चाहिए। यदि कहीं अनियमितताएं हुई हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के कामकाज को लेकर नगर में चर्चाएं हो रही हैं और सोशल मीडिया पर भी विभिन्न प्रकार की बातें सामने आ रही हैं। ऐसी स्थिति में तथ्यों की सही जानकारी सामने आना जरूरी है। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि कुछ बातें बढ़ा-चढ़ाकर विधायक तक पहुंचाई जाती हैं, जिससे आपसी गलतफहमियां बढ़ती हैं।



विधायक पटवा के संदेश का किया उल्लेख

नमिता अग्रवाल ने भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के व्यक्तित्व और कार्यशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि वे सरल, सहज और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि हैं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक पटवा का संदेश स्पष्ट है कि छल-कपट से दूर रहकर सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ काम करना चाहिए। क्षेत्र में एकता बनाए रखना और भाजपा संगठन को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में सभी को मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों और नगर परिषद से जुड़ी चर्चाओं के कारण भाजपा के वरिष्ठ नेता भी चिंतित और परेशान हैं। ऐसे समय में जरूरी है कि आपसी मतभेदों को दूर कर जनता के हितों को प्राथमिकता दी जाए।

जनता के विश्वास पर खरा उतरना जरूरी

नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए नमिता अग्रवाल ने संकेत दिया कि नगर में सामने आ रहे मामलों की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए पारदर्शिता, अनुशासन और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ काम करना चाहिए। नगर परिषद से जुड़े मामलों में सच्चाई सामने आने और व्यवस्था में सुधार होने से ही जनता का भरोसा कायम रह सकेगा।

पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज ने दिए प्रवचन

औबेदुल्लागंज में 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन, हुई आराधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में जैन समाज के तत्वावधान में पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को विधान के सातवें दिन सरिता-संजय जैन, निवासी बुधनी परिवार को सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विधानाचार्य पंडित प्रकाश जैन, भोपाल के निर्देशन में संगीतमय पूजन संपन्न कराया गया। प्रातः भगवान की शांति धारा करने का सौभाग्य संजय जैन, बुधनी परिवार एवं पंडित लक्ष्मीचंद जैन इजारेदार परिवार को प्राप्त हुआ। आयोजन में औबेदुल्लागंज जैन समाज के सदस्यों के साथ बुधनी से ज्योति-सजल जैन सहित इंद्र तरुण जैन, संभव जैन, प्रदीप शिरोमणि जैन, आशारानी जैन, सुनील समता वर्धमान, संजय-संगीता जैन एवं तमोट से सुनील-मीना जैन सहित समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज ने शांति विधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शांति विधान के माध्यम से धर्म आराधना करने से कर्मों की निर्जरा होती है तथा आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान की पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ प्राप्त किया।



सातवें दिन सरिता-संजय जैन परिवार को मिला सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य

हजारों लोग पर प्रसाद ग्रहण कर रहे

प्रतिदिन श्रद्धालुओं को बांट रहे प्रसाद... पटवा ने प्रशंसा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नवरात्रि के पावन पर्व पर सेंगर परिवार द्वारा श्रद्धा और सेवा भाव के साथ प्रतिदिन प्रसादी वितरण किया जा रहा है। परिवार के सदस्य धन के साथ अपना पूरा समय और मेहनत लगाकर इस पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं। माता रानी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को साबूदाने की खिचड़ी, खीर सहित फल वितरित किए जा रहे हैं। इस सेवा कार्य में शउमा सेंगर, रश्मि सेंगर, प्रदीप सेंगर, परिवार के सदस्य पूरे समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वहीं, कई सामाजिक कार्यकर्ता भी श्रमदान करने पहुंच रहे हैं और प्रसादी वितरण में सहयोग कर रहे हैं। नवरात्रि के दौरान चल रही यह सेवा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना का भी संदेश दे रही है। सेंगर परिवार की इस पहल से श्रद्धालुओं को प्रसादी मिल रही है, वहीं समाज के अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरणा मिल रही है। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा, भारत पैट्रोलियम अधिकारीयों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की।



पुरानी दुकानों को तोड़ते समय दीवार मजदूर पर गिरी, मौत

भोपाल। परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित होंडा शोरूम के पास शनिवार सुबह पुरानी दुकान की दीवार गिरने से मजदूर दब गया। उसे साथी मजदूर दीवार के मलबे से निकालकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही मजदूर को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार रतनलाल सिसोदिया पिता मांगीलाल सिसोदिया (45) गांव झिरनिया, कालापाठा, थाना परवलिया सड़क में रहता था और मजदूरी करता था। इन दिनों उसका काम होंडा शोरूम परवलिया में चल रहा था। शोरूम संचालक ने पास की पुरानी दुकान खरीदी हैं। दुकान तोड़कर वहां से गार्डन का रास्ता बनाया जा रहा है। दुकानों में तोड़फोड़ और निर्माण के लिए मजदूर काम कर रहे थे। शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास साथी मजदूर सिमेंट लेने चले गए। सीमेंट लेकर लौटे तो उन्हें रतनलाल दीवार के मलबे में दबा मिला। वह उसे मलबे से निकालकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। एएसआई मनीराम ने बताया कि दुकानें काफी पुरानी थीं। दुकान की चादरें निकाल ली गई थी और कुछ दुकान तोड़ दी गई थी। दीवार कमजोर होने के कारण तोड़ते समय रतननलाल पर गिर गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ परवलिया सड़क के होंडा शोरूम के पास घटना

जेथर रोड और ईकलबाड़ा रोड पर प्लॉट काटकर बेचने के आरोप

तामोट में अतिक्रमण का बढ़ा दायरा, तालाब से लेकर मुख्य बाजार तक कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामोट

तामोट में कथित अतिक्रमण का मुद्दा इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव के तालाब से लेकर मुख्य सड़क और बाजार तक अतिक्रमण की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तामोट में जिधर नजर दौड़ाओ, उधर ही अतिक्रमण दिखाई देता है। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आने पर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

जेथर और ईकलबाड़ा रोड पर प्लॉट बनाकर बेचे जाने की चर्चा

तामोट में जेथर रोड और ईकलबाड़ा रोड पर जमीन के प्लॉट बनाकर बेचे जाने का मामला भी चर्चा में है। आरोप हैं कि कुछ लोगों द्वारा ऐसी जमीनों पर प्लॉट तैयार कर बेचे जा रहे हैं, जिन पर अतिक्रमण होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि ओबेदुल्लागंज के कुछ लोगों ने भी इन जमीनों पर प्लॉट खरीदे हैं। हालांकि, इन जमीनों की वास्तविक स्थिति, स्वामित्व और कथित अतिक्रमण की पुष्टि राजस्व रिकॉर्ड एवं प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकेगी।

तालाब, मुख्य सड़क और बाजार तक की जमीन पर लगाए जा रहे अतिक्रमण के आरोप

तामोट के तालाब की जमीन पर अतिक्रमण होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं, मुख्य सड़क और बाजार क्षेत्र में भी अतिक्रमण की समस्या को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सार्वजनिक उपयोग की जगहों पर कथित कब्जों को लेकर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि आखिर इन पर कार्रवाई कब होगी?

पंचायत से लेकर राजस्व विभाग तक पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधियों और क्षेत्र के नेताओं के सामने भी अतिक्रमण का मामला है, लेकिन इस दिशा में ठोस कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही है। वहीं, पटवारी स्तर पर भी उचित कार्रवाई नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि सार्वजनिक और शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण हो रहा है, तो संबंधित अधिकारी इसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं?

ग्रामीणों और किसानों के बीच चर्चा

आखिर प्रशासन कहां है? तामोट में अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों और किसानों के बीच चर्चाएं तेज हैं। लोगों के मन में सवाल है कि जब तालाब, मुख्य सड़क, बाजार और अन्य जमीनों पर कथित अतिक्रमण की शिकायतें सामने आ रही हैं, तो प्रशासन इस मामले को गंभीरता से कब लेगा? अब देखना यह होगा कि संबंधित राजस्व विभाग, ग्राम पंचायत और प्रशासन इन शिकायतों की जांच कर क्या कदम उठाते हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है— क्या तामोट में कथित अतिक्रमण के मामलों की निष्पक्ष जांच होगी और यदि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे पाए जाते हैं, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी?

जैकेट का शेष

कहा- हर दृष्टि ...

दिशा में हो रहे कार्यों की जानकारी दी। उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा में मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश की व्यापक संभावनाओं और अनुकूल औद्योगिक वातावरण का लाभ सभी पक्षों को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की 25 निवेश प्रोत्साहन की सरलीकृत नीतियां विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आने में सहायक बन रही हैं। मध्यप्रदेश में धार जिले में पीएम मित्र पार्क और ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग इकाई के महत्वपूर्ण निवेश की पहल अब क्रियान्वयन की ओर है। हाल ही में जबलपुर-इंदौर औद्योगिक कॉरिडोर की योजना तैयार की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विजयवाड़ा प्रवास के दौरान अभिनेता विजय देवरकोंडा एवं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की भी भेंट हुई। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि मप्र फिल्म शूटिंग के क्षेत्र में देश में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। प्रदेश की फिल्म-फ्रेंडली नीतियां, फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने में सफल हुई हैं।

रिटायरमेंट से 4 ...

फैसले का लाभ करीब 70 लाख कर्मचारियों को मिलेगा। सराकर के इस कदम का उद्देश्य रिटायरमेंट के वक्त कर्मचारियों से अचानक होने वाली रिकवरी और कानूनी विवादों पर लगाम लगाना है। अगर इस मामले में कोई गलती होती है तो संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

सर्टिफिकेट के बाद....

सर्टिफिकेट के बाद भी पे-फिक्सेशन में गड़बड़ी मिलने पर नुकसान की भरपाई मंजूरी देने वाले अधिकारियों से होगी।

भारत को कैसे ....

पर निर्भर करता कि शुल्क किन उत्पादों पर और किस दर से लागू किए जाते।

एक्सप्रेस-वे से ....

उपचार न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में, जबकि सात घायलों का उपचार एमबीएस अस्पताल कोटा में चल रहा है। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में मृतकों के बीच भी बैतूल जिले और मुलताई क्षेत्र के लोगों के नाम सामने आने की जानकारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन की ओर से भोपाल एवं बैतूल जिले के निवासी मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के साथ हर संभव सहयोग प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

पीड़ित परिजनों के ...

दी। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिलकर कुशलक्षेम जानी और प्रशासनिक एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। बिड़ला का स्टॉफ भी अस्पताल में पीड़ितों की मदद कर रहा है।

त्रयोदशीः रसगुल्ले ..

विभाग की टीम ने शनिवार दोपहर गांव में शिविर लगाकर बीमार लोगों का उपचार किया। गांव निवासी तिलक सिंह यादव के बुजुर्ग पिता एदल सिंह पटेल का बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनके निधन के बाद 15 अक्टूबर को त्रयोदशी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रसगुल्लों में इस्तेमाल किया गया खोया खराब था। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कुछ मरीजों की हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल, इंदरगढ़ और भांडेर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में शिविर लगाकर अन्य बीमार लोगों का उपचार किया।

रात को नूडल्स ...

और ननद पर मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक परिवार में करीब 10 बीघा जमीन और रिहायशी मकान को बेटियों के नाम किए जाने को लेकर विवाद चल रहा था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक आरोपों की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान महेश (37), उनकी पत्नी ललिता (35), बेटे लड्डू (11) और दो बेटियों मिष्टी (7) व साक्षात (3) के रूप में हुई है। शनिवार सुबह परिवार के लोगों के नहीं उठने और दरवाजा नहीं खुलने पर ग्रामीणों को शक हुआ। दरवाजा खोलकर देखा गया तो पांचों बिस्तर पर मृत मिले। शुरुआती जानकारी में परिवार के पांचों सदस्यों की मौत को फूड प्वॉइजनिंग की आशंका से भी जोड़कर देखा गया था। बताया गया कि परिवार ने शुक्रवार रात करीब 10 बजे मैगी खाने के बाद सोने गया था।

गोवंश से भरी ...

बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंडी में खड़ी पिकअप अचानक आगे-पीछे होने लगी। दूसरी गाड़ी से टकराने के बाद चालक ने वाहन तेज रफ्तार में दौड़ा दिया और लोगों को टक्कर मारते हुए निकल गया। पिकअप रेखा के ऊपर से भी गुजर गई। इसके बाद चालक कस्बे की गलियों में भागा और रास्ते में खड़े वाहनों व घरों के ओटलों को टक्कर मारते हुए रावला क्षेत्र में बिजली के खंभे से जा भिड़ा। इसके बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें भीड़भाड़ वाली सब्जी मंडी में पिकअप लोगों को टक्कर मारते हुए दिखाई दे रही है। फरार चालक की तलाश और गोवंश के स्रोत की जांच की जा रही है।

जियो आईपीओ को...

ओर खुदरा निवेशकों के लिए भी कई ब्रोकरेज मंचों पर प्री-बुकिंग यानी प्री-अप्लाई की सुविधा शुरू हो गई है। इससे निवेशक आईपीओ खुलने से पहले ही अपना आवेदन दर्ज कर सकते हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों की बोली 19 अक्टूबर को निर्धारित है। इसके बाद आईपीओ 21 अक्टूबर को खुलेगा और 23 अक्टूबर को बंद होगा। जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ में दिलचस्पी दिखाने वाले संस्थागत निवेशकों में विदेशी दीर्घकालिक निवेश कोष, सरकारी संपत्ति कोष, बड़े म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियां शामिल हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ में आवेदन करने के इच्छुक खुदरा निवेशकों के लिए कई ब्रोकरेज मंचों पर प्री-अप्लाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत निवेशक आईपीओ खुलने से पहले अपना आवेदन दर्ज कर सकते हैं, जिसे निर्गम खुलने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ाया जाता है।

विदेशी टूलकिट गैंग ...

संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और कुम्हरार के विधायक संजय गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नवीन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। वैश्विक संकट के बावजूद भारत विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन कुछ ताकतों को देश की प्रगति पसंद नहीं आ रही है। राहुल गांधी और उनकी टीम ऐसी ताकतों के टूलकिट के रूप में काम कर रही है।

चुनाव आयोग पर

बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) तैनात किए थे। इसके बावजूद, उनके अनुसार, आरओ, जिला या राज्य निर्वाचन आयोग के स्तर पर किसी विपक्षी दल ने कोई प्रमाणिक शिकायत दर्ज नहीं कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में चुनाव हारने के बाद विपक्ष अपनी हार का दोष चुनाव आयोग पर मढ़ रहा है। नवीन ने कहा कि जब विपक्षी दल हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु या केरल में चुनाव जीतते हैं, तब उन्हें चुनाव आयोग पर आपत्ति नहीं होती, लेकिन बिहार और बंगाल में हारने के बाद आयोग पर सवाल उठाए जाते हैं।

इंटरनेट हर ....

समझ है जिसकी रक्षा की जानी चाहिए, और न ही उन्हें अपनी बात कहने की कोई ऐसी स्वतंत्रता है जिसे व्यक्त किया जाना चाहिए। यह देखते हुए कि कानून द्वारा मना किए जाने के बावजूद बच्चे इंटरनेट का इस्तेमाल करना बंद नहीं करते, सर्वोच्च न्यायालय ने बच्चों को ऑनलाइन यौन शोषण सामग्री से बचाने के लिए एक सख्त फ्रेमवर्क बनाने का प्रस्ताव दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी चंद्रन ने यह टिप्पणी की।

सोशल मीडिया कंपनियों ...

हमें यह देखकर बहुत दुख हुआ है कि आवेदकों द्वारा पेश की गई खबरों में सोशल मीडिया पर रीडायरेक्ट लिंक और वेबसाइटों के जरिए बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के पेड प्रमोशन का जिक्र है। अदालत ने आगे कहा कि एक समय ऐसा आता है जब हमें खुद से पूछना चाहिए कि ऐसे हानिकारक कंटेंट से और कितने बच्चों को पीड़ित होना पड़ेगा, तब जाकर हमारी अंतरात्मा जागेगी।

पेज एक का शेष

18 लोगों की मौत...

के बाहर निकलने की कोशिश के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। देखते ही देखते भगदड़ जैसे हालात बन गए। भीड़ के दबाव में कई लोग गिर पड़े और उनके ऊपर दूसरे लोग भी गिरते चले गए। इससे कई लोग बेहोश हो गए और उन्हें बाहर निकालने में परेशानी हुई।

कई बड़े पूजा पंडालों में दर्शन बंद : चोरबागान पंडाल के प्रवेश द्वार का क्षतिग्रस्त हिस्सा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। एहतियात के तौर पर कोलकाता के कुछ अन्य प्रमुख दुर्गा पूजा पंडालों में भी दर्शनार्थियों का प्रवेश रोक दिया गया। चोरबागान का यह दुर्गा पूजा पंडाल करीब 91 साल से आयोजित हो रहा है। हर साल यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस बार भी भारी भीड़ के बीच हुई घटना ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शाह ने अस्पताल जाने के लिए कार्यक्रम स्थगित किए : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात की है और घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। शाह ने अगले दिन अस्पताल जाकर घायलों से मिलने के लिए अपने निर्धारित कार्यक्रम स्थगित करने की घोषणा की। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भी घटना पर दुख जताया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, प्रतीक कनकने पुत्र राजकुमार कनकने, आयु वयस्क, निवासी ए-07, बी.डी.ए. कॉलोनी, तुलसी नगर, 1250, नियर मयूर पार्क, हुजूर, टी टी नगर, हुजूर, भोपाल म.प्र. मेरी पुत्री कृषि कनकने (Krishi Kankane) जिसके समस्त दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम कृषि कनकने (Krishi Kankane) अंकित है, जो कि सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के पासपोर्ट में उसका नाम प्रिशा कनकने (Prisha Kankane) अंकित हो गया है एवं मैं स्वयं की जिम्मेदारी पर कृषि कनकने (Krishi Kankane) नाम अंकित कराना चाहता हूँ। यदि भविष्य में कोई वाद-विवाद होता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

।। चतुर्थ ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ।।

क्रं. / 1471 / लो.क.वि. / न.पा. / 2026 कुम्हारी, दिनांक 16/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	अनु.ला. (लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
202111	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Kumhari, Chhattisgarh	112.45	28.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय-1
पर्यावास भवन, भोपाल

निविदा द्वारा अचल संपत्ति की ई-नीलामी सूचना

ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को जैसे है जहाँ है के आधार पर ऑन लाईन ई-नीलामी द्वारा विक्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति संबंधित शाखा द्वारा वित्त पोषित वाहन खरीदने हेतु प्रस्ताव के साथ निम्न वर्णित तालिका में वर्णित बयाना जमा राशि, जो कि नेफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से खाता सं. **209272434** केनरा बैंक, संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो, संलग्न होना चाहिए। बैंक, किसी एक या सभी प्रस्तावों को, बिना कोई कारण बताएं, निरस्त करने का अधिकार रखता हैं। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **30-10-2026** शाम 5.00 बजे तक हैं। विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है।

ऋणी का नाम	मॉडल/मेक/पंजीयन क्र./ इंजिन नं./चेसिस नं.	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि
बैरसिया रोड मुख्य शाखा, भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0000360		
ऋणी- कयूम	ATUL AUTO RICKSHAW MP04YL8306 Eng. No. CMS24C15977 Chasis No.: MCG68A3CMC2413097	₹ 174241/- / ₹ 17425/- / ₹ 2000/-
ऋणी- दीपक सतवानी	E-SCOOTY TWO WHEELER MP04UK5458 Eng. No. BLHSM1-00412 Chasis No.: MD9B1AUMJ20429392	₹ 17200/- / ₹ 1720/- / ₹ 2000/-
ऋणी- मोहम्मद समीम	BAJAJ AUTO MAXIMA Z CNG MP04RB5672 Eng. No. AZXWMJ88462 Chasis No.: MD2B17AX5MWJ17404	₹ 93376/- / ₹ 9337/- / ₹ 2000/-
ऋणी- राजबाबू पुत्र प्रभुलाल शाक्य	BAXY EXPRESS CNG LM5 MP04RB8388 Eng. No. A2G1540605 Chasis No.: MCS3G2P35PAG42137	₹ 73260/- / ₹ 7326/- / ₹ 2000/-
ऋणी- अयूब बेग c/o अतीक	TVS KING ZD 225 LC FI BS IV S CNG MP04RB5022 Eng. No. LF4LM4800135 Chasis No.: MD6M1LCF6M4L00116	₹ 109750/- / ₹ 10975/- / ₹ 2000/-
ऋणी- मोहम्मद जुनेद c/o मोहम्मद यूनुस	TVS KING ZD 225 LC FI (DURAMAX) MP04ZG6430 Eng. No. LF4AP4001361 Chasis No.: MD6M1LCF1P4A00295	₹ 148852/- / ₹ 14885/- / ₹ 2000/-

ई-नीलामी दिनांक 31.10.2026, को सुबह 12.00 बजे से 1.00 बजे तक

ईएमडी एवं केवायसी दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक: 30.10.2026 शाम 5.00 बजे तक

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय-1, वसूली विभाग, भोपाल ब्लाक नं. 3, पाँचवीं मंजिल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 फोन नं. **8871888343** या केनरा बैंक की वेबसाइट **https://baanknet.com** या सर्विस प्रदाता की वेबसाइट पर संपर्क करें।

दिनांक- 15-10-2026, स्थान-भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

अयोध्या बायपास शाखा
अयोध्या बायपास रोड, भोपाल (म.प्र.) फोन : 0755-4222897

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम (3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **30-07-2026** को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को डिमांड नोटिस जारी किया तथा नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ता/जमानतदार ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** दिनांक **15.10.2026** को ले लिया है। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है। उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा अयोध्या बायपास शाखा, भोपाल** के अधीन होगा।

ऋणी / जमानतदार एवं खाते का नाम	कब्जा की गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
ऋणी - **श्री पंधारी पानसे पुत्र श्री चिंधू जी पानसे** सहऋणी- **श्रीमती पूनम पानसे पत्नी पंधारी पानसे** पता 1 : मकान नं. 71-बी राज सम्राट कॉलोनी, अयोध्या बाईपास रोड, भोपाल 462041 पता 2 : मकान नं. ईडब्ल्यूएस-158,फेस-5, भाग 2 (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी) अयोध्या नगर वार्ड क्रमांक 68, दामखेड़ा, भोपाल- 462024, पता 3 : C/o शंकर राव जी बाघमारे, गोविंद कॉलोनी, रताड़ा रोड, आमला जिला बैतूल, म.प्र.-460551 जमानतदार- **श्री मनोज पानसे पुत्र चिंधू जी पांसे**	बंधक संपत्ति स्थित मकान नंबर **EWS-158, फेज V, भाग-II, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अयोध्या नगर, वार्ड नंबर 68, दामखेड़ा, भोपाल, म.प्र. प्लॉट का क्षेत्रफल 441.16 वर्गफुट,** संपत्ति मालिकः श्री पंढरी पानसे पुत्र श्री चिंधु जी पानसे और श्रीमती पूनम पानसे (पत्नीः पंढरी पानसे चर्तुसीमाएंः उत्तरः 6 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिणः EWS-181, पूर्वः EWS-159, पश्चिमः EWS-157	दिनांक **20.02.2026** को ₹ **6,51,509.05/-** +देय ब्याज एवं अन्य खर्च

दिनांक : 15.10.2026, स्थानः भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड, आर.एस.एस. मार्केट, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी.- 27, द्वितीय तल मण्डल द्वारा श्रीमती हेमा जोशी पत्नी स्व. श्री ईश्वर दत्त जोशी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन दिनांक 26-6-85 को किया गया है। श्रीमती हेमा जोशी का स्वर्गवास दिनांक 08/01/1993 को एवं श्री ईश्वरी दत्त जोशी का स्वर्गवास दिनांक 13/08/1974 को हो गया है। उनकी एक पुत्री तृप्ति जोशी का स्वर्गवास दिनांक 25/06/2016 को हो गया है। आवेदक आवंटी के पुत्र श्री हिमांशु जोशी आत्मज श्री ईश्वरी दत्त जोशी द्वारा आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल





आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक







कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

नि.आ.सू. क्रमांक/14/व.ले.लि./2026-27 ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना डिण्डौरी दिनांक 14.10.2026

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो०नि०वि० (भ/स) संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो की ऑनलाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण बेबसाईट पर देखा जा सकता है :-

ई-टेंडर नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र (रुपए में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा खोले जाने का स्थान
2026_PWDRB_543176	घानाघाट से कोहका मार्ग लं. 2.60 किमी., गाडासरई-बच्छरगांव-झिंझरी बौना मार्ग लं. 4.90 किमी., जोगीटिकरिया-मुडकी-घानामार मार्ग लं. 1.00 किमी., पडरियाकला से अनूपपुर जिला सीमा मार्ग लं. 3.25 किमी., हर्रा से लदवानी मार्ग लं. 2.60 किमी., किरंगी से नर्मदा नदी मार्ग लं. 2.30 किमी. एवं हर्राटोला से नर्मदा नदी मार्ग लं. 1.60 किमी. कुल लम्बाई 18.25 किमी. का बी.टी. नवीनीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण)।	206.61	206700.00	15000.00	04 माह वर्षाऋतु सहित	कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर
2026_PWDRB_543178	मोहनी से सिलठार मार्ग लं. 2.20 किमी., विक्रमपुर कन्या छात्रावास पहुंच मार्ग लं. 1.80 किमी. एवं दल्का बांधा से बिलगढ़ा मार्ग लं. 1.18 किमी. कुल लम्बाई 5.18 किमी. का बी.टी. नवीनीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण)।	61.91	62000.00	10000.00	03 माह वर्षाऋतु सहित	कार्या. मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर

निविदा की तिथि एवं शर्तें :-

(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 15.10.2026 से 04.11.2026 सायं 5.30 बजे तक है।
(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 04.11.2026 सायं 5.30 बजे तक है। (टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जावेंगे)।
(3) निविदा दिनांक 06.11.2026 से खोली जावेगी।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

(मोहपत सिंह धुर्वे)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग डिण्डौरी

जी- 20207/26 स्वच्छता ही सेवा

राशिफल

मेष वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

मिथुन माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

कर्क आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

कन्या स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

तुला वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


धनु कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

मकर कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कुंभ कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

शब्द पहेली - 6381



बाएँ से दाए-
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

ऊपर से नीचे
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

शब्द पहेली -6380 का हल

का	म	या	ब	■	र	■	श	ब	न	म
■	■	म्मी	■	र	फू	च	क्क	र	■	र्म
आ	■	मा	स	■	ना	■	मा	ह	■	प्र
स	ह	ला	ना	■	का	■	ना	रा	य	ण
■	थ	■	■	■	र	■	■	■	ज्ञो	■
ह	क	ब	का	ना	■	अ	प	ना	प	न
■	र	■	■	■	ख	■	■	■	वी	■
मे	घा	ल	य	■	ल	■	क	म	त	र
घ	■	त	म	■	ना	■	ल	त	■	क्षा
■	यं	■	रा	सा	य	नि	क	■	कै	■
म	हा	रा	ज	■	क	■	ल	म्बो	द	र

सूडोकु नवताल - 6391

सरल

5	9			3			8	7

खबर संक्षेप



सफाई मित्रों का सम्मान

भोपाल। राज्य क्षय हॉस्पिटल ईदगाह हिल्स में सत्य साईं संगठन भोपाल द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। भगवान बाबा कहते है दीन दुखियों की मदद करो तेरा साईं प्रसन्न होगा। भगवान बाबा के असीम अनुग्रह से स्वच्छता से दिव्यता तक अभियान जो कि 2 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक पूरे भारत वर्ष में साईं संगठन में चलाया जाता है। ज्ञात है कि 20 अक्टूबर भगवान बाबा का अवतार घोषणा दिवस है। इसी के तहत आज साईं प्रोटीन सेवा राज्य क्षय हॉस्पिटल ईदगाह हिल्स में संपन्न हुई। इस सेवा में लगभग 30 किलो साईं प्रोटीन जिसे सत्य साईं संगठन शांतिवन भोपाल की मातृशक्ति द्वारा शुद्धता के साथ बनाया गया है को हॉस्पिटल में भर्ती 82 मरीजों के मध्य वितरित किया गया। प्रोटीन वितरण के अलावा प्रत्येक मरीज के साथ कुछ पल बिताए गए, उन्हें स्वच्छता एवं खान पान संबंधी बाते भी बताने का कार्य किया गया।

स्वदेशी मेले के लिए भूमिपूजन आज

भोपाल। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वदेशी मेला भोपाल-2026 के आयोजन के लिए आज रविवार को भूमि पूजन कार्यक्रम किया जाएगा। आयोजन शाम 4 बजे एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में होगा। मेला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच सतीश विश्वकर्मा ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा, मध्य भारत प्रांत के संघचालक अशोक पांडेय तथा महापौर महापौर मालती राय उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर सह संयोजक रमन तिवारी, दीपक वर्मा, विजय सोनी, मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं को महाकाल और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए किया आमंत्रित

हमारी सांस्कृतिक कलाएं और परंपराएं जीवन में भर देती हैं उत्साह और उमंग : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सांस्कृतिक कलाएं और परंपराएं जीवन में उत्साह और उमंग भर देती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार देर शाम आंध्र प्रदेश में आयोजित विजयवाड़ा उत्सव में सहभागिता कर रहे थे। कार्यक्रम में 'दक्षिण का वैभव' थीम पर कलाकारों के विभिन्न समूहों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आंध्र प्रदेश सरकार और टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया।

विजयवाड़ा उत्सव में शामिल हुए सीएम डॉ. मोहन यादव

विलुप्त हो चुके चीते फिर दिख रहे मध्यप्रदेश में



मप्र-आंध्र प्रदेश में प्राचीन संबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माँ कनक दुर्गा और भगवान मल्लिकार्जुन स्वामी के चरणों में नमन करते हुए कहा कि विजयवाड़ा उत्सव का यह द्वितीय वर्ष है। नवरात्रि पर्व चल रहा है। मां दुर्गा हमें सुख और समृद्धि का आशीर्वाद देती है। विजयवाड़ा उत्सव का वैभव ऐसा है कि आज भगवान इंद्र भी इसे आशीर्वाद दे रहे हैं। बारिश की बूंदें उत्सव के आनंद और उमंग को बढ़ा देती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ कृष्णा नदी के किनारे स्थित विजयवाड़ा विजय की धरती है। मध्यप्रदेशवासियों की ओर से हर कार्य में आपकी विजय की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेशवासियों की ओर से आंध्र प्रदेश के नागरिकों को विजयदशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

...यहीं से निकला था कोहिनूर हीरा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विविधता से भरी भारतीय संस्कृति में दक्षिण की संस्कृति और परंपराएं हम सभी को रोमांचित करती हैं। देशभर में विजयवाड़ा उत्सव का वैभव बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजयवाड़ा उत्सव के आयोजकों को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विजयवाड़ा उत्सव में 4 से 5 हजार कलाकार अपने विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य और कलाओं की प्रस्तुति दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां कृष्णा नदी के किनारे स्थित यह पर्वतीय क्षेत्र हीरा खनन के लिए भी प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि यहीं से प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा निकला था, जो तत्कालीन ब्रिटिश शासकों के हाथों में चला गया। भारत सरकार प्रसिद्ध कोहिनूर हीरे को वापस भारत लाने के लिए प्रयास कर रही है। विजयवाड़ा का मैंगो मार्केट देशभर में प्रसिद्ध है। मध्यप्रदेश और आंध्र प्रदेश का संबंध हजारों सालों से रहा है। दोनों राज्य ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और परंपराओं को समृद्ध करते हुए परस्पर सहयोग करते रहेंगे।

प्रदान किए पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजयवाड़ा उत्सव में उपस्थित सभी दर्शकों और श्रद्धालुओं को उज्जैन में बाबा महाकाल और ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने सभी को किसी समय लुप्त हुए चीतों को मध्यप्रदेश में तीन स्थानों पर बसाने और प्रदेश की समृद्ध वन्य प्राणी सम्पदा के दर्शन के लिए भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजयवाड़ा उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

जब्त गांजे की कीमत 4 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक

धार वन क्षेत्र में लहरा रही थी गांजे की फसल... साढ़े तीन टन माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस द्वारा प्रदेश में मादक पदार्थों की अवैध खेती, उत्पादन और तस्करी पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में धार जिले के राजगढ़ थाना पुलिस ने ग्राम चौबारा के वन क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही गांजे की खेती का पर्दाफाश करते हुए 3 हजार 345 गांजे के पौधे, कुल 3 हजार 695 किलोग्राम गाजा जब्त किया है। जब्त पौधों की अनुमानित कीमत 4 करोड़ 43 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में संचालित नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा के मार्गदर्शन में थाना राजगढ़ पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

तीन हजार 345 गांजे के पौधे किए जब्तत | **गांजे का वजन तीन हजार 695 किलोग्राम**



लगातार दो दिनों तक दिन-रातद चली सिर्चंग

पुलिस के अनुसार 13 अक्टूबर को ग्राम चौबारा के वन क्षेत्र में अवैध गांजे की खेती की सूचना मिलने पर राजगढ़ थाना पुलिस टीम ने धार-झाबुआ जिले के सीमावर्ती वन क्षेत्र में लगातार दो दिनों तक दिन-रात सर्चिंग कर अवैध रूप से उगाए गए गांजे के पौधों की पहचान कर उन्हें जब्त किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वन क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर कपास एवं तुवर की फसल के बीच तथा निचले स्थानों पर गांजे के पौधे उगाए गए थे।


एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

वन क्षेत्र में अतिक्रमण कर अवैध खेती किए जाने की आशंका सहित अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा अवैध खेती में संभावित रूप से संलिप्त अन्य व्यक्तियों, सहयोगियों तथा मादक पदार्थों के उत्पादन एवं तस्करी से जुड़े नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आमजन से अपील करती है कि मादक पदार्थों की अवैध खेती, उत्पादन एवं तस्करी से संबंधित जानकारी तत्काल पुलिस को दें और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग करें।

किसानों ने मास्टर प्लान की जलाई प्रतियां

बड़े तालाब से लगे 78 गांवों में निर्माण पर लगेगी रोक

फंदा क्षेत्र के सबसे ज्यादा गांव हो रहे प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बड़े तालाब के प्रभाव क्षेत्र-2 में आने फंदा जनपद के 78 गांवों में निर्माण की परमिशन नहीं मिलने से किसानों की जमीन अनुपयोगी हो जाएगी। ऐसे में किसान अपनी जमीनों पर मकान बनाकर भी नहीं रह सकेंगे। मास्टर प्लॉन में इन गांवों को भोजताल प्रभाव क्षेत्र-2 में रखा गया है। शनिवार को संयुक्त किसाना मार्चो ने फंदा चौराहे पर बैठक रखी, जिसके बाद किसानों ने मास्टर प्लॉन की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। किसानों का कहना है कि आपत्तियों के लिए 3 महीने का समय दिया जाना चाहिए। इसके साथ गांवों में जाकर किसानों को मास्टर प्लॉन के बारे में विस्तार से समझाया जाए। किसान यूनियन के मनोहर ठाकुर और संयुक्त किसान मोर्चा के सजल जैन ने बताया कि कृषि भूमि से प्रभाव क्षेत्र-2 हटाया जाए।

चौड़ी सड़कें और दुकानें बनाने की मिले छूट

किसानों ने सरकार से मांग रखते हुए कहा कि उन्हें जमीन पर परिवार के लिए मकान बनाने, चौड़ी सड़कें बनाने के साथ मुख्य मार्गों पर दुकान और व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति दी जाए। पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों के आवास, रोजगार और आजीविका के अधिकार दिए जाने चाहिए।

42 घी ब्रांड असुरक्षित वापस होगा स्टॉक

भोपाल। प्रदेश भर में 42 घी के ब्रांड असुरक्षित निकले हैं, जिसको लेकर घी के ब्रांड को बाजार से रीकॉल किया जा रहा है। जिससे दुकानों पर रखे स्टॉक को वापस बुलाया जाएगा। इधर इन ब्रांड के घी बेचने पर भी रोक लगा दी है। इसके साथ आठ मसालों के सैंपल भी अनसेफ मिले हैं, जिससे उनके सेवन से आम लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। यह ब्रांड इंदौर, छिंदवाड़ा, धार, नर्मदापुरम, उज्जैन, दमोह, कटनी और दतिया सहित अन्य जिलों में सप्लाई किए गए थे। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सैंपल जांच के लिए भेजे थे।

इन ब्रांड का घी खरीदने से बचें : अनिक घी, श्रीमूल एगमार्क शुद्ध घी, वास्तु एगमार्क देशी घी, गउसंत प्रीमियम काउ घी, गुमर प्योर काउ घी, श्री शुद्ध एगमार्क प्योर घी, पीवर इंदौरी लाल मिर्च पाउडर, सात्विक फ्रेश देसी घी, एसआरएमआई मिल्क क्रीम एगमार्क काउ घी, अमृत शुद्ध घी, नंद कृष्णा घी, मधुसूदन देशी घी, संगाथ काउ घी, ब्रजवासी काठ देशी घी, पतंजलि काउ घी, डेयरी सरस घी, जेबीएस ओर्गी ब्रांड गाय का घी और मधुसूदन देसी घी के सैंपल अनसेफ निकले हैं।

भोपाल-जोधपुर 19 तक संत नगर से चलेगी

4 मेमू ट्रेनें 9 दिन तक निरस्त 11 एक्सप्रेस के बदले रास्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेल मंडल के बीना स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग का काम पूरा होने के बाद भी यात्रियों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। लाइन और प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होने के कारण रेलवे ने यात्री ट्रेनों के संचालन में फिर अस्थायी बदलाव किया है। इसके चलते 4 मेमू ट्रेनें 25 अक्टूबर तक निरस्त रहेंगी, जबकि 11 एक्सप्रेस ट्रेनों को बदले हुए मार्ग से चलाया जाएगा। वहीं, 14 ट्रेनों का सफर बीना के बजाय दूसरे स्टेशनों पर समाप्त होगा या वहीं से शुरू होगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर बीना से आसपास के शहरों और कस्बों तक आने-जाने वाले यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ेगा। रेलवे के अनुसार, बीना स्टेशन पर लाइन और प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण यह व्यवस्था लागू की गई है।

9 दिन तक नहीं चलेंगी 4 मेमू ट्रेनें

बीना-रूठियाई मेमू (61611), रूठियाई-बीना मेमू (61612), बीना-रूठियाई मेमू (61625) और रूठियाई-बीना मेमू (61626) को 17 से 25 अक्टूबर तक निरस्त किया गया है। इन ट्रेनों के कुल 9-9 फेरे रद्द रहेंगे। इनसे नियमित सफर करने वाले यात्रियों को आने-जाने के लिए दूसरे विकल्प तलाशने होंगे।

11 एक्सप्रेस ट्रेनों के बदले रास्ते

बीना को बायपास करते हुए फ्लाईओवर मार्ग से 11 एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें बांद्रा टर्मिनस-मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर-सूरत, गोरखपुर-ओखा, ओखा-गोरखपुर, अहमदाबाद-दरभंगा, दरभंगा-अहमदाबाद, अहमदाबाद-बनारस सिटी, बनारस सिटी-अहमदाबाद, भोपाल-जोधपुर, जोधपुर-भोपाल और तिरुचिरापल्ली-भगत की कोठी एक्सप्रेस शामिल हैं। भोपाल-जोधपुर और जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 19 अक्टूबर तक संत हिरदाराम नगर, मक्सी और रूठियाई होकर चलेंगी।

डॉक्टरों की टीम ने बचाई जान

महिला ने जटिल प्रसव के बाद दिया जुड़वां बच्चों को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राम कृष्ण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, भोपाल में एक जटिल प्रसव के बाद महिला मरीज का सफल उपचार किया गया। आईवीएफ तकनीक से गर्भधारण करने वाली महिला को सिजेरियन प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला ने ऑपरेशन के माध्यम से जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। जन्म के बाद दोनों नवजात शिशुओं को आवश्यक देखभाल के लिए एनआईसीयू में रखा गया, जहां उनकी स्थिति स्वस्थ बताई गई है। अस्पताल में भर्ती होने से पहले ही महिला सर्दी खांसी और कमजोरी की शिकायत से परेशान थी। सिजेरियन प्रसव के बाद महिला की स्थिति बिगड़ने लगी और उसका ऑक्सीजन स्तर कम हो गया। चिकित्सकों ने तत्काल आवश्यक जांच करवाई। छाती के एक्स-रे में फेफड़ों में संक्रमण के संकेत मिले। इसके अतिरिक्त, रक्त संबंधी जांच में हृदय संबंधित बीमारी के संकेत भी सामने आए। चिकित्सकीय जांच के बाद महिला में पोस्टपार्टम कार्डियोमायोपैथी (प्रसव के बाद हृदय की मांसपेशियों को प्रभावित करने वाली गंभीर दुर्लभ बीमारी) और फेफड़ों के संक्रमण का उपचार किया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती कर वेंटिलेटर की सहायता से उपचार प्रदान किया गया। चिकित्सकों की सतत निगरानी और समन्वित उपचार के बाद महिला की स्थिति में सुधार हुआ। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वरुणा पाठक एवं डॉ. सुश्रुता श्रीवास्तव, आईसीयू एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. रोहित शर्मा एवं डॉ. सिवा सैमी, डॉ सीमा सहित पूरी मेडिकल टीम ने समन्वय के साथ उपचार किया। कार्डियोलॉजिस्ट की विशेष सलाह और आईसीयू टीम की सतत निगरानी से महिला को समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सकी।

दुर्गा विसर्जन चल समारोह में नहीं लगेंगे स्वागत मंच

भोपाल। पुराने शहर में श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में निकलने वाले दुर्गा विसर्जन चल समारोह में इस बार स्वागत मंच नहीं लगाए जाएंगे। शनिवार को इतवारे स्थित कृष्णा होटल में मंच संचालकों की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। एडवोकेट दीपेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंच संचालकों का आरोप है कि पुलिस और जिला प्रशासन मंचों के आकार व ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर परेशान करता है। वहीं, झांकियों को मंच के सामने रोककर पूजा-अर्चना, सम्मान और पुरस्कार वितरण भी नहीं करने दिया जाता। संचालकों ने आरोप लगाया कि इन मामलों में श्री हिंदू उत्सव समिति का भी सहयोग नहीं मिलता। इसी के चलते सभी ने स्वागत मंच नहीं लगाने का फैसला किया। बैठक में विभिन्न मंचों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रायसेन रोड स्थित सैम कॉलेज का मामला

गरबा के दौरान विवाद, फिल्मी गानों पर डांस को लेकर विवाद

पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बिलखिरिया थाना क्षेत्र में रायसेन रोड स्थित सैम कॉलेज में गरबा आयोजन के दौरान दो पक्षों में विवाद का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। बताया जा रहा है कि विवाद गरबा आयोजन के दौरान बाहरी लोगों के प्रवेश को लेकर शुरू हुआ। इस दौरान मौके पर मौजूद सामाजिक संगठन के कुछ लोगों की एक युवक से कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया। युवक द्वारा संगठन, कॉलेज प्रबंधन और वहां मौजूद लोगों पर मारपीट के आरोप लगाए गए हैं। इधर थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि मामले में तीन लोगों को पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। हालांकि मामले को लेकर कॉलेज प्रबंधन की ओर से कोई जबाव नहीं आया है।

फिल्मी गानों पर डांस से हुआ विवाद

बताया जा रहा है कि कॉलेज में गरबा आयोजन के दौरान विवाद फिल्मी गानों पर डांस को लेकर शुरू हुआ था। संगठन ने आरोप लगाया है कि कॉलेज में फिल्मी गानों पर डांस हो रहा था और बाहरी युवकों को प्रवेश दिया गया था। इस दौरान विरोध करने पहुंचे सामाजिक संगठन के साथ वहां मौजूद युवक द्वारा विवाद किया गया। सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि नवरात्रि के दौरान गरबा आयोजन धार्मिक आस्था से जुड़ा पर्व है। ऐसे आयोजनों में फिल्मी और अश्लील गाने नहीं बजने चाहिए।

'मातृछाया' द्वारा इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा

भोपाल। हर साल की तरह इस बार भी मातृछाया दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक आयोजन समिति द्वारा विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन एकतापुरी सेमरा दशहरा मैदान पर होगा। जहां रावण के 110फिट पुतले का दहन व देवी जागरण का आयोजन होगा।

मातृछाया द्वारा लगातार पिछले 11 वर्षों से रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन का यह सफलतम 12वां वर्ष है। समिति के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने बताया कि इस बार दशहरा का योजन प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप किया जाएगा। हालांकि आयोजन को भव्यता में कोई कमी नहीं आएंगे। हर साल की तरह इस साल भी भगवान राम की मनोरम झांकी शाम 7:30 बजे से निकाली जाएगी।जिसके प्रभारी शौर्य सिंह सोलंकी संचालित करेंगे साथ ही देवी जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान रावण के विशाल पुतले का दहन आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया जाएगा।

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने मां अंबे की आरती से किया शुभारंभ

गरबा प्रशिक्षण के बाद पुलिस परिवार ने दिखाया उत्साह

पुलिस लाइन में दो दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन 1100 से ज्यादा महिला प्रतिभागियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस परिवार के मनोरंजन, उत्साह एवं आपसी सौहार्द को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन, नेहरू नगर, भोपाल में आयोजित दो दिवसीय मध्यप्रदेश पुलिस गरबा महोत्सव का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। महोत्सव के दूसरे दिवस का शुभारंभ मकवाणा ने मां अंबे की आरती से किया। जिला पुलिस बल भोपाल, 7वीं, 23वीं एवं 25वीं वाहिनी की पुलिस परिवार की महिलाओं और बालिकाओं सहित 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न धार्मिक एवं फिल्मी धुनों पर मनमोहक गरबा प्रस्तुतियां दीं। पुलिस परिवार और उपस्थित दर्शकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन से प्रसन्न पुलिस परिजन ने इस पहल के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।



गरबा समारोह में डीजीपी मकवाणा ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए और सभी को बधाई दी। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कल्याण शाखा और आयोजन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। इस आयोजन के लिए पुलिस परिवार ने पुलिस महानिदेशक को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया। आयोजन से पूर्व पुलिस लाइन और संबंधित वाहिनियों में गरबा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने सामूहिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों और आयोजन में सहयोग देने वाले पुलिस परिवार को प्रोत्साहित किया गया।

वर्ष 2022 में सुधीर सक्सेना ने की थी शुरुआत



मप्र पुलिस गरबा महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2022 में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना की धर्मपत्नी प्रियंवदा सक्सेना की परिकल्पना से हुई थी। पुलिस परिवारों के सांस्कृतिक जुड़ाव, आपसी सहयोग और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाली यह पहल अब वार्षिक आयोजन बन चुकी है। पुलिस अधिकारी और कर्मचारी कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा जनसेवा की जिम्मेदारियों के कारण त्योहारों में भी ड्यूटी पर रहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महोत्सव के माध्यम से पुलिस परिवारों को सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने और साथ समय बिताने का अवसर दिया जाता है। यह आयोजन पुलिस बल और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा पुलिस परिवारों में अपनत्व, सामंजस्य और सकारात्मक वातावरण को मजबूत करता है।

Govt. of Bihar

Civil Aviation Department

Airport Road, Patna – 800014.

TEL. No:- 0612-2225659, 2224423, Fax 0612 2224614, e-mail-cadbihar@bihar.gov.in

Letter. No: सि०वि०वि० (योजना) 09–17 / 2026 **- 1474 Patna, Dated :-16.10.2026**

Corrigendum for RFP

(PR - 012895 (Civil Aviation) 2026-27)

Subject: Corrigendum for "Selection of Consultants for Joint Measurement Survey, Title Verification, Direct Land Purchase Facilitation, Registration, Mutation and Digital Land Bank Services for Proposed Greenfield Airports at Sonpur (Saran) and Ajgaibinath Dham (Bhagalpur) in Bihar, India"

This Corrigendum is issued in continuation of Request For Proposal (RFP) documents published vide Letter No-1360 Dt. 29.09.2026 for the **Selection of Consultant for Selection of Consultants for Joint Measurement Survey, Title Verification, Direct Land Purchase Facilitation, Registration, Mutation and Digital Land Bank Services for Proposed Greenfield Airports at Sonpur (Saran) and Ajgaibinath Dham (Bhagalpur) in Bihar, India.**

Revised Date of Events as Follows :-

Sr No.	Event Description	Date as per Published RFP	Revised Date
1	**Last date for submission of Bid (Proposal Due date)**	22.10.2026 up to 03:00 pm	12.11.2026, up to 03:00 pm
2	**Opening of Technical Bid (Envelope 1)**	23.10.2026, at 03:00 pm at the office of Civil Aviation Department.	13.11.2026, at 03:00 pm at the office of Civil Aviation Department (Tentative).

- Opening of Financial Proposals (Envelope 2) - To be intimated to technically qualified bidders

Note : For detail corrigendum, kindly visit the following website; www.state.bihar.gov.in/cad

Secretary

PR. No.014073 (Civil Aviation) 2026-27 **Civil Aviation Department**

This information is available on website **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** also

संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र में आएँ, निःशुल्क एच.आईवी. व यौन जनित रोग जाँच एवं उपचार पाएँ।

भोपाल क्रिएटर्स समिट का चौथा संस्करण 24 को, 1000 से अधिक क्रिएटर्स होंगे शामिल

ताज लेकफ्रंट में आयोजित होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य भारत के सबसे बड़े क्रिएटर सम्मेलनों में शामिल भोपाल क्रिएटर्स समिट का चौथा संस्करण 24 अक्टूबर को ताज लेकफ्रंट में आयोजित किया जाएगा।

जिसमें देशभर से 1000 से अधिक क्रिएटर्स, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स, फिल्ममेकर्स, फोटोग्राफर्स और मनोरंजन जगत से जुड़े प्रतिभाशाली लोग एक मंच पर जुटेंगे।

समिट का उद्देश्य देश के क्रिएटर इकोसिस्टम को मजबूत करना, उभरती प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और मप्र को कला, संस्कृति एवं डिजिटल क्रिएटिविटी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।


भोपाल क्रिएटर सबमिट की फाइल फोटो।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होगा क्रिएटर्स अवॉर्ड शो

इस वर्ष के समिट का प्रमुख आकर्षण क्रिएटर्स अवॉर्ड शो होगा, जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री क्रिएटर्स को सम्मानित करने के साथ उनसे संवाद भी करेंगे। इस सिलसिले में शहर के निजी रेस्त्रां में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के जाने माने कंटेंट क्रिएटर्स भी शामिल हुए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपनी जर्नी साझा की।

सुबह 9 से गुलाब उद्यान बरखेड़ा में तो 11 बजे से लिंक रोड 1 पर आयोजन

गुलाब के पौधों की कांट-छांट पर निःशुल्क कार्यशाला आज

भोपाल। मप्र रोज सोसायटी एवं संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश वासियों के लिए गुलाब के पौधों की कांट-छांट पर निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन रविवार को नेहरू गुलाब उद्यान, बरखेड़ा में सुबह 9 से 10:30 बजे तक एवं शासकीय गुलाब उद्यान, लिंक रोड नंबर-1 में सुबह 11 से 12:30 बजे किया जाएगा।

28 एवं 29 नवंबर को गुलदाउदी, 8 से 10 जनवरी को गुलाब प्रदर्शनी

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुलदाउदी प्रदर्शनी एवं गुलाब प्रदर्शनी हेतु तिथियां निर्धारित की गई हैं। 28 एवं 29 नवंबर को गुलदाउदी एवं 46वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 8 से 10 जनवरी 2027 तक शासकीय गुलाब उद्यान, तुलसी नगर में किया जाएगा।

खबर संक्षेप



माधवी चतुर्वेदी बनीं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसो. एक्जीक्यूटिव मेंबर

भोपाल। भोपाल निवासी अधिवक्ता माधवी चतुर्वेदी नायक मप्र हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जबलपुर की एक्जीक्यूटिव मेंबर निर्वाचित हुई हैं। हाल ही में संपन्न चुनाव में उन्होंने कुल 442 मतों में से 405 मत प्राप्त करजीत दर्ज की। उनकी यह सफलता अधिवक्ता सदस्यों के बीच उनके प्रति विश्वास और समर्थन को दर्शाती है। माधवी पिछले 10 वर्षों से वकालत कर रही हैं।

पौष्टिक आहार ही स्वस्थ जीवन, रचनात्मक विचारों और सक्रियता का आधार

भोपाल। एसोसिएशन ऑफ फूड साइंटिस्ट एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स (इंडिया) के भोपाल चैप्टर द्वारा नूतन कॉलेज में विश्व खाद्य दिवस पर पौष्टिक आहार, स्वस्थ जीवन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ पुनीत चन्द्र ने उपस्थित सभी आयु वर्ग समूह विशेषकर छात्राओं को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर विस्तारित प्रकाश डाला तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े एसोसिएशन के उद्देश्यों तथा गतिविधियों की जानकारी भी दी। इस महत्वपूर्ण विषय पर महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. प्रमिला यादव ने भोजन और पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने कहा कि हमें ऋतु के अनुसार भोजन करना चाहिए जोकि अत्यंत लाभदायक होता है। इस कार्यक्रम में कॉलेज की 150 से अधिक छात्राएं सम्मिलित हुई।

हिन्दी भवन में विमर्श: संस्कृति की जीवंत पहचान भी है भाषा

भोपाल। भाषा के बिना संस्कृति नहीं है। भाषा है तो वाद-विवाद और संवाद संभव है। इस तरह के विचार शनिवार को हिन्दी भवन में सुनाई दिये। अवसर था मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की मासिक श्रृंखला 'वरिष्ठ विमर्श' का। हर माह के तीसरे शनिवार को होने वाले इस विमर्श कार्यक्रम में इस बार 'भाषा संस्कृति की संवाहक है' विषय पर विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रशासनिक अधिकारी केके सेठी ने कहा कि भाषा के बिना संस्कृति संभव ही नहीं है। समिति के सहमंत्री डॉ. संजय सक्सेना ने कहा कि भाषा ने ही हमारी सनातन संस्कृति को बचाकर रखा है।

रवींद्र भवन में स्टोरी टेलिंग, राम लेखन कार्यशाला, चित्रकला शिविर से सजी श्रीरामलीला

पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक मुखौटों से छऊ कलाकारों ने साकार किए श्रीरामकथा के प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' का छठवां दिवस

श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, मप्र शासन द्वारा रवीन्द्र भवन में आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के छठवें दिन शनिवार को लीला प्रदर्शन के साथ विभिन्न अनुषांगिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। लीला प्रदर्शन के अंतर्गत छऊ केन्द्र, झारखंड के कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य शैली में मेघनाद वध एवं श्रीराम-लक्ष्मण हरण प्रसंगों को जीवंत किया गया। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक मुखौटों, शारीरिक मुद्राओं और लयबद्ध पदसंचालन के माध्यम से श्रीरामकथा के प्रसंगों को मंच पर साकार किया।






कौशलेय की वन गमन यात्रा पर स्टोरी टेलिंग सेशन

लीला प्रदर्शन के साथ ही कौशलेय की वन गमन यात्रा स्टोरी टेलिंग सेशन, राम लेखन कार्यशाला (टाइपोग्राफी), राघव के रंग चित्रकला शिविर एवं विविध कला प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया।इस सत्र में श्री सोहनी ने श्रीरामपथ गमन के श्रृंगवेरपुर धाम (केवट प्रसंग स्थल), सरभंग ऋषि आश्रम, सिद्धा पर्वत एवं अगस्त्य ऋषि आश्रम की यात्राओं के अनुभव साझा किए। उन्होंने एक अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब हम श्रृंगवेरपुर पहुंचे और गंगा नदी को पार करने के लिए एक नाव की, तब नाव में सवार कुछ लोगों ने हमसे हमारी यात्रा के संबंध में पूछा।



श्रीराम का स्मरण कर मेघनाद का वध करते हैं लक्ष्मण

छऊ केन्द्र, झारखंड के कलाकारों द्वारा लीला प्रसंग में श्रीरामचरितमानस के लंकाकांड का प्रमुख प्रसंग मेघनाद वध धर्म और अधर्म के संघर्ष को दर्शाया। इसमें दिखाया कि विभीषण से निकुंभला देवी के गुप्त यज्ञ की जानकारी मिलने पर लक्ष्मण जी वानर सेना के साथ वहां पहुंचकर यज्ञ विध्वंस करते हैं। इसके बाद लक्ष्मण और मेघनाद के बीच भीषण युद्ध होता है। अंततः प्रभु श्रीराम का स्मरण कर लक्ष्मण अपने बाण से मेघनाद का वध करते हैं।





धर्म को संकट में डाला जा सकता, पराजित नहीं किया जा सकता

मेघनाद वध के बाद श्रीराम-लक्ष्मण हरण प्रसंग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में दिखाया गया कि जब रावण, श्रीराम और लक्ष्मण को पराजित करने में सफल नहीं होता, तब पाताल लोक का राजा अहिरावण छलपूर्वक दोनों भाइयों का हरण कर उन्हें पाताल लोक ले जाता है। संकट की इस घड़ी में हनुमान जी अपने आराध्य की रक्षा के लिए अदम्य साहस, सूझबूझ और अटूट भक्ति का परिचय देते हैं।



अभिव्यक्ति साहित्य संस्था ने किया 17 लेखक-साहित्यकारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अभिव्यक्ति साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था द्वारा हिंदी सेवी नमामि सम्मान के अंतर्गत 17 लेखक साहित्यकारों को दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डॉ राधेश्याम मिश्रा मुख्य अतिथि रहे और पद्मश्री डॉ नारायण व्यास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मयंक श्रीवास्तव, महेश अग्रवाल, राजेंद्र गट्टानी , बलराम गुमास्ता, महेश प्रताप सिंह, सुनील चतुवेर्दी, सहित 17 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

विज्ञान पत्रकारिता को सशक्त बनाने पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न



भोपाल। सेज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विद्यालय द्वारा मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से दो दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला 'विज्ञान का संचारः ज्ञान-आधारित समाज के लिए वैज्ञानिक पत्रकारिता को सशक्त बनाना' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेज विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. संजीव अग्रवाल, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, विशेष अतिथि एवं मानद कुलपति डॉ. विजय एम. तिवारी, विज्ञान संपादक एवं वरिष्ठ विज्ञान पत्रकार डॉ. पल्लव बागला ने किया।

आज भी जीवित है 'विभाजन की मानसिकता'

सप्रे संग्रहालय में वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया की पुस्तक 'सबसे बड़ा गुनाहः मुकम्मल बंटवारा न हुआ' का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिस मानसिकता ने भारत का विभाजन कराया था, वह आज भी जीवित है। अनेक अवसरों पर वह हमारे सामने आती रहती है। इतिहास को हम भूल नहीं सकते अपितु उससे सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के सह-कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध ने वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया की पुस्तक 'सबसे बड़ा गुनाह : मुकम्मल बंटवारा न हुआ' के विमोचन प्रसंग पर कहीं।

सप्रे संग्रहालय में आयोतक विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुक्तिबोध ने कहा कि दुनिया में वे ही ताकतें आपस में संघर्ष कर रही हैं, जो 'ही' की विचारधारा में विश्वास करती हैं। भारत का विचार 'भी' में विश्वास करता है। इसलिए भारत में सबके लिए सम्मानपूर्वक स्थान हैं।

विशिष्ट अतिथि एवं मप्र के पूर्व अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि इस पुस्तक में सत्ता से निर्भीकतापूर्वक सवाल पूछे गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार गिरीश उपाध्याय ने कहा कि यह पुस्तक उस गंभीर लेखन परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है, जो दैनिक पत्रकारिता की आपाधापी से आगे बढ़कर विचारों की दीर्घकालिक प्रासंगिकता को रेखांकित करती है।

विभाजन के ठोस आधार होने चाहिए थे: एलिया

पुस्तक के लेखक वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया ने कहा कि वर्ष 1947 में देश का विभाजन नहीं होना चाहिए था, और यदि विभाजन हुआ भी, तो उसके पीछे ठोस एवं स्पष्ट आधार होने चाहिए थे। समारोह में प्रकाशक 'सृजन बिंब' की ओर से मनोज जैन ने लेखक का अभिनंदन किया और मंचासीन अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने किया।

जनजातीय संग्रहालय, टीआईटी और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में लयबद्ध संगीत के साथ हुई देवी की आराधना

गरबा-डांडिया की थाप पर झूमे दर्शक, लोक संस्कृति के रंगों से सजा संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' गतिविधि के अंतर्गत 17 और 18 अक्टूबर को गरबा एवं डांडिया रास की रंगारंग प्रस्तुतियों ने उत्सव का माहौल बना दिया। गुजरात की कलाकार मीनल उदय सेवक ने पारंपरिक लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। संगीत, लय और ताल के संग पर्यटकों एवं दर्शकों ने भी गरबा-डांडिया में शामिल होकर उत्सव के उल्लास को साझा किया। इस पहल का उद्देश्य लोककलाओं से दर्शकों को जोड़ते हुए पारंपरिक नृत्य शैलियों के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना है।





पारंपरिक परिधानों में विद्यार्थियों ने गरबा प्रस्तुत कर बांधा समां

टीआईटी के दो दिनी गरबा महोत्सव में दिया 'उत्साह ही जीवन है' का संदेश

भोपाल। टीआईटी में दो दिनी गरबा महोत्सव का आयोजन 'उत्साह ही जीवन है' की प्रेरणादायी थीम पर किया गया। इस सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य के माध्यम से भक्ति, उमंग और भारतीय संस्कृति की सुंदर छटा बिखेरी। शुभारंभ देवी मां की महाआरती के साथ हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। ढोल की थाप, संगीत की मधुर लय और भक्तिमय वातावरण ने महोत्सव को विशेष बना दिया। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष साधना करसोलिया ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति का संगम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है।



750 प्रतिभागियों के गरबा से गूंजा एसजीएसयू परिसर, संस्कृति के रंगों में रंगे विद्यार्थी

भोपाल। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) में आयोजित गरबा महोत्सव-2026 में 750 से अधिक प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेशभूषा, संगीत और गरबा की थाप के बीच भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया।



विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सामूहिक सहभागिता ने परिसर को उल्लास और उमंग से भर दिया। मुख्य अतिथि आईसेक्ट इंडिया एवं आरएनटीयू के अध्यक्ष डॉ. संतोष चौबे ने कहा कि गरबा जैसे आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ सामूहिकता और सहयोग की भावना विकसित करते हैं। वहीं, एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। आयोजन ने सांस्कृतिक एकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया।

विशेषः विजय दशमी, 20 अक्टूबर



विजय दशमी का पर्व आततायी रावण पर श्रीराम की विजय के उल्लास में मनाया जाता है। लेकिन श्रीराम का विराट चरित्र केवल रावण का वध करने की वजह से ही हमारे लिए पूजनीय नहीं है। वे अगर युगों से आज भी भारतीय जनमानस में आदर्श पुरुषोत्तम के रूप में प्रतिष्ठित हैं, तो इसकी वजह है कि उन्होंने संपूर्ण मनुष्यता के लिए मर्यादा स्थापित की। इसीलिए अनेक भाषाओं, संस्कृति और सभ्यताओं में वे प्रतिष्ठित हैं।

भारत के जन-मन में युगों से विराजमान हैं श्रीराम

आवरण कथा
लोकमित्र गौतम

सदियों से विजय दशमी की रात रावण का पुतला दहन किया जाता है। आतिशबाजी थमती है। भीड़ लौट जाती है और मैदान में बच जाती है कुछ राख। लेकिन श्रीराम की कथा यहीं नहीं खत्म होती। अगले दिन भी श्रीराम मौजूद रहते हैं, अगले वर्ष भी और अगली पीढ़ी में भी। यही श्रीराम की सबसे बड़ी विशेषता है। वे किसी एक कथा के नायक नहीं हैं, समूची भारतीय सभ्यता के अविराम नायक हैं। 'अविराम' यानी जिसके प्रवाह में कोई विराम न हो। राम का यही स्वरूप उन्हें दूसरे महान चरित्रों से अलग एक विशिष्ट प्रतिष्ठा प्रदान करता है। वे किसी एक ग्रंथ में बंद नहीं हैं, किसी एक भाषा के नहीं हैं और न ही किसी एक युग भर की जरूरत हैं। वे जितने वाल्मीकि के हैं, उतने ही तुलसी के हैं। जितने संस्कृत के हैं, उतने ही अवधी के हैं। वह जितने तमिल, तेलुगू, बांग्ला, उड़िया, मराठी, मलयालम के हैं, उतने ही असंख्य लोकभाषाओं के भी हैं। वह जितने ग्रंथों में हैं, उससे कहीं ज्यादा लोकस्मृति और लोकचेतना में भी व्याप्त हैं।

आत्मसंयम की विराट चेतना

श्रीराम की पहली विराट साहित्यिक छवि हमें वाल्मीकि के रामायण में मिलती है। यहां श्रीराम का नायकत्व केवल उनके शौर्य में नहीं है, वे एक ऐसे महापुरुष के रूप में सामने आते हैं, जिसके सामने जीवन लगातार अपने कठिन से कठिन निर्णय रखता है। राजपाट छोड़ना, वन गमन, प्रिय का वियोग सहना, मित्र बनाना, युद्ध करना और विजय के बाद अयोध्या लौटना। श्रीराम की यात्रा दरअसल, बाहरी युद्ध से कहीं अधिक अंतर्संघर्ष की यात्रा है। यही कारण है कि श्रीराम के नायकत्व को आत्मसंयम की विराट चेतना माना जाता है। भारतीय सभ्यता ने उन्हें केवल पूजा नहीं, उन्हें बार-बार इसलिए पुनर्सृजित किया है कि कोई भी युग बिना श्रीराम के आदर्श नायकत्व के अधूरा है।

रामकथा का भौगोलिक विस्तार

तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' के माध्यम से राम को लोकभाषा और भक्ति की एक ऐसी धारा में उतारा है, जिसने उन्हें राजमहलों और विद्वानों के संसार से निकालकर आमजन के जीवन का अभिन्न हिस्सा बना दिया। रामलीलाओं ने उन्हें जनमानस में प्रतिष्ठित किया, लोकगीतों ने उन्हें गांव-गांव तक पहुंचाया, चित्रकला ने उनके अनेक रूप गढ़े, मंदिरों ने उनके लिए असंख्य स्थापत्य रचे और श्रीराम की वर्षों तक चली यात्राओं ने रामकथा को भौगोलिक विस्तार प्रदान किया। अयोध्या से चित्रकूट, पंचवटी से रामेश्वरम तक फैला भूगोल आज भी एक ऐसी सांस्कृतिक स्मृति का विस्तार है, जिसमें रामकथा और उनके साक्षी रहे अनेक स्थल एक-दूसरे में घुल-मिल जाते हैं, यही राम की सभ्यतागत महाशक्ति है।







स्थापित किया मर्यादा का आदर्श

भारतीय जनमानस में श्रीराम के साथ ही श्रीकृष्ण और शिव भी युगों से आराध्य हैं। श्रीकृष्ण भारतीय चेतना में जटिल परिस्थितियों के बीच, विवेक, रणनीति और जीवन की बहुरंगी लीला के नायक हैं, जबकि शिव विराग, तप, संहार और पुनर्सृजन का प्रतिनिधित्व करते हैं। श्रीराम का विराट स्वरूप ऐसा है कि वे संसार से दूर नहीं जाते और न ही हर परिस्थिति को अपनी इच्छा के मुताबिक मोड़ते हैं। वे संसार के भीतर रहकर मर्यादा का अर्थ खोजते हैं। श्रीकृष्ण हमें बताते हैं कि जटिल संसार में धर्म को कैसे पहचाना जाए? शिव हमें चेताते हैं कि आसक्ति से परे उठना क्या होता है? लेकिन राम अपने जीवन से संदेश देते हैं कि मनुष्य होकर अपनी शक्ति, इच्छा और अधिकार को मर्यादा में कैसे रखा जाए? इसलिए श्रीराम का चरित्र भारतीय सभ्यता के लिए केवल धार्मिक आदर्श नहीं है, उनके जीवन से आदर्श सामाजिक संरचना का भी एक आधार रूप निर्मित होता है।

सामाजिक सहभागिता के पोषक

श्रीराम की कथा में एक और महत्वपूर्ण बात निहित है। उनकी विजय अकेले उनकी विजय नहीं है। राम जब वन में जाते हैं तो निषादराज उनके साथ मित्रवत खड़े दिखाई देते हैं। सुग्रीव और वानर समुदाय उनके संघर्ष में सहभागी बनते हैं। हनुमान, उनकी शक्ति का विस्तार बनते हैं, तो विभीषण शत्रु पक्ष से निकलकर उनके साथ आते हैं। कहने का मतलब रामकथा एक ऐसे नायक की कथा भी है, जो विविध समुदायों को साथ लेकर अपनी लोकयात्रा पूरी करता है। इस दृष्टि से भी श्रीराम भारतीय सभ्यता की बहुलतावादी स्मृति के नायक हैं।

प्रशस्त करते हैं आदर्श जीवन की राह

श्रीराम मर्यादित आदर्श जीवन की राह भी बताते हैं- शक्ति मिलने के बाद मनुष्य कैसा रहे? अधिकार मिलने के बाद उसका आचरण कैसा हो? निजी सुख और सार्वजनिक दायित्व में टकराव हो तो क्या चुना जाए? विजय के बाद अहंकार से कैसे बचा जाए और सबसे कठिन प्रश्न- क्या महान होना केवल दूसरों पर विजय पाना है या स्वयं पर नियंत्रण रखना भी महानता है? शायद इसी कारण श्रीराम की सबसे बड़ी विजय लंका पर विजय नहीं है, उनकी सबसे बड़ी विजय उस निरंतर मानवीय प्रयास में है, जिसमें मनुष्य शक्ति के बावजूद मर्यादा, संकट के बावजूद धैर्य और विजय के बावजूद आत्मसंयम बनाने की कोशिश करता है। *

विश्वव्यापी हैं श्रीराम

श्रीराम की कथा भारत की भौगोलिक सीमाओं तक ही नहीं सिमटती है। दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया की अनेक सांस्कृतिक परंपराओं में रामायण के अलग-अलग रूप मिलते हैं। कहीं श्रीराम आदर्श राजा हैं, कहीं राम नायक हैं, कहीं सांस्कृतिक पूर्वज और कहीं लोककथा के पात्र हैं। अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में कथा बदलती रही, पात्रों के नाम और अर्थ भी बदलते रहे, लेकिन श्रीराम की उपस्थिति निरंतर बनी रही। वास्तव में यही उनके अविराम होने का अर्थ है। श्रीराम, हर युग में एक जैसे नहीं रहे और शायद उन्हें एक जैसा रहना भी नहीं था। किसी युग ने उनमें मर्यादा देखी, किसी ने लोकमंगल, किसी ने आदर्श शासक, किसी ने त्याग, किसी ने करुणा और किसी ने मनुष्य के नैतिक संघर्ष का नायक।



दशहरे के पर्व से कई पौराणिक मान्यताएं और कथाएं जुड़ी हुई हैं। इनमें सबसे प्रमुख श्रीराम कथा, महिषासुर मर्दिनी दुर्गाजी की कथा और शमी वृक्ष शस्त्र पूजन कथा हैं। इन कथाओं में क्या निहितार्थ हैं और इनकी पूजन परंपरा के बारे में जानिए।

धर्म-सत्य-आत्मविजय का प्रतीक पर्व है दशहरा

निहितार्थ / वीरेंद्र बहादुर सिंह

दशहरा यानी विजय दशमी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। यह दिन बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है। हिंदू परंपरा में इस पर्व से भगवान श्रीराम द्वारा रावण के वध और देवी दुर्गा द्वारा महिषासुर के संहार की कथाएं जुड़ी हैं। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में इसे अपनी-अपनी परंपराओं और मान्यताओं के अनुसार मनाया जाता है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व का धार्मिक महत्व तो है ही, इसके साथ शस्त्र पूजन, शमी पूजन और नए कार्यों के शुभारंभ जैसी परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं।

रावण पर श्रीराम की विजयः दशहरे की सबसे प्रसिद्ध कथा रामायण से जुड़ी है। सीता हरण के बाद श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध हुआ। अंततः श्रीराम ने रावण का वध किया। इसी स्मृति में दशहरे पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाता है। इसका संदेश केवल किसी पुतले को जलाने तक सीमित नहीं है। यह अपने भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ और अन्याय जैसी प्रवृत्तियों को समाप्त करने के संकल्प का भी प्रतीक माना जाता है।



महिषासुर मर्दन की कथाः विजय दशमी का संबंध देवी दुर्गा और महिषासुर की कथा से भी है। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित मान्यता के अनुसार महिषासुर को ऐसा वरदान प्राप्त था कि कोई पुरुष उसका वध नहीं कर सकता था। वरदान के कारण उसका अहंकार बढ़ गया और उसने तीनों लोकों में उत्पात मचा दिया। देवताओं की शक्तियों के समन्वय से देवी दुर्गा का प्राकट्य हुआ। देवी ने महिषासुर से नौ दिनों तक युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध किया। इसी कारण विजय दशमी को शक्ति और अनिष्ट पर विजय का प्रतीक माना जाता है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित कई क्षेत्रों में यह दिन विशेष उत्साह से मनाया जाता है।

श्रीराम-दुर्गा पूजनः दशहरे के दिन भगवान श्रीराम और देवी दुर्गा की पूजा करने की परंपरा है। पूजा के लिए घर के स्वच्छ स्थान को तैयार कर वहां भगवान राम अथवा देवी दुर्गा का चित्र या मूर्ति स्थापित की जाती है। स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूजा स्थल को साफ करें और श्रद्धानुसार कलश स्थापित करें। कलश में जल, आम के पत्ते और नारियल रखने की परंपरा है। इसके बाद भगवान श्री गणेश का पूजन करें। उन्हें फूल, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें। फिर श्रीराम और देवी दुर्गा को रोली, अक्षत, पुष्प अर्पित करें। फल और मिठाई का भोग लगाएं। 'ॐ दुर्गायै नमः' या 'श्री रामाय नमः' मंत्र का जाप करें। अंत में आरती करें।

पांडवों और शमी वृक्ष की परंपराः दशहरे से महाभारत की एक घटना भी जोड़ी जाती है। मान्यता है कि पांडवों ने अपने 12 वर्ष के वनवास और एक वर्ष के अज्ञातवास के दौरान अपने शस्त्र शमी के वृक्ष पर छिपा दिए थे। अज्ञातवास पूरा होने के बाद उन्होंने विजय दशमी के दिन अपने शस्त्र वापस प्राप्त किए। इसी परंपरा के कारण दशहरे पर शस्त्रपूजन और शमी पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। प्राचीन समय में योद्धा और सैनिक विजय दशमी पर अपने शस्त्रों की पूजा करते थे। आज इस परंपरा का विस्तार हो गया है। व्यापारी अपने प्रतिष्ठान, कारीगर अपने औजार, किसान कृषि उपकरण, चालक वाहन और दूसरे पेशे से जुड़े लोग अपने कार्य में उपयोग होने वाली वस्तुओं का पूजन करते हैं। पूजा के लिए उपकरणों को साफ करके स्वच्छ स्थान पर रखें। रोली, अक्षत और पुष्प अर्पित करें। दीप जलाकर अपने कार्य में सफलता, सुरक्षा और सद्बुद्धि की प्रार्थना करें। इस परंपरा का आधुनिक अर्थ यह भी हो सकता है कि हम उन साधनों का सम्मान करें, जिनसे हमारी आजीविका चलती है और उनका जिम्मेदारी से उपयोग करें। दशहरे की शाम श्रद्धालु शमी वृक्ष के पास जाकर जल, अक्षत और कुमकुम अर्पित करते हैं। इन धार्मिक विधियों का पालन अपनी पारिवारिक और क्षेत्रीय परंपरा के अनुसार किया जा सकता है।

दशहरे का संदेशः दशहरे का महत्व केवल रावण दहन या पूजा तक सीमित नहीं है। आज के समय में इसका सबसे उपयोगी संदेश आत्मचिंतन और आत्मसंयम से जुड़ा है। हम अपने भीतर के अहंकार को कैसे मिटा सकते हैं? क्रोध पर कितना नियंत्रण रख सकते हैं? दूसरों के अधिकार और सम्मान का कितना ध्यान रखते हैं? अपने काम में ईमानदारी और जिम्मेदारी कितनी निभाते हैं? ये प्रश्न विजय दशमी के अवसर पर स्वयं से पूछकर आत्मविवेचन करना चाहिए। रावण का पुतला जलाने के साथ यदि हम अपने भीतर की किसी एक नकारात्मक आदत को छोड़ने का संकल्प भी लें, तो पर्व का संदेश हमारे दैनिक जीवन से जुड़ सकता है। विजय दशमी का पर्व हमें याद दिलाता है कि वास्तविक विजय केवल किसी बाहरी शत्रु पर नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और अन्याय पर नियंत्रण पाने में भी है। यही दशहरे की परंपरा को वर्तमान जीवन में सार्थक बनाने का उचित मार्ग है। *



दोहे
प्रो. शरद नारायण खरे


विजया दशमी के दोहे

विजया दशमी पर्व तो, कहे यही हर बार।
नीति, सत्य, सत्कर्म से, पलता है उजियार।।
अहंकार से हो सदा, इंसां की तो हार।
विनत भाव से हो सतत, मानव का सत्कार।।
मर्यादा का आचरण, करे विजय-उद्घोष।
कितना भी सामर्थ्य पर, खोना ना तुम होश।।
लंकापति मद में भरा, करता था अभिमान।
तभी हुआ संपूर्ण कुल, का देखो अवसान।।
विजया दशमी पर्व नित, देता यह संदेश।
विनत भाव से जो रहे, उससे हार क्लेश।।
निज गरिमा को त्यागकर, रावण बना असंत।
इसीलिए असमय हुआ, उस पापी का अंत।।
पुतला रावण का नहीं, जलता पाप-अधर्म।
समझ-बूझ लें आप सब, यही पर्व का मर्म।।
विजय राम की कह रही, सम्मानित हर नार।
नारी के सम्मान से, ही सुखमय संसार।।
उजियारा सबने किया, हुई राम की जीत।
आओ हम गरिमा रखें, बनें सत्य के मीत।।
कहे दशहरा मारना, अंतर का अंधियार।
भीतर जो रावण रहे, उस पर करना वार।।
बुरे कर्म ना पोसना, वरना तय अवसान।
निरभिमान की भावना, लाती है उत्थान।।

व्यंग्य / सूर्य कुमार पांडेय

यूं तो एक पुस्तक लिखकर भी कालजयी लेखक हुआ जा सकता है, तिस पर प्रकाश जी की तेरह पुस्तकें छप चुकी हैं। वह काल से परे हो चुके हैं। प्रकाश जी की विशेषता है कि वे फुटकर में नहीं लिखते। जब भी लिखते हैं, मोटा ग्रंथ ही लिखते हैं।

सम्मान की शॉलें और बेनतीजा बहसें



एक हैं प्रकाश जी, दूसरे हैं परीक्षित जी। एक ही शहर में रहते हैं। दोनों में कुल जमा दो बातों को छोड़कर और कुछ भी उभयनिष्ठ नहीं है। वो ये है कि दोनों स्वयं की दृष्टि में व्यंग्य के बड़े लेखक और प्राध्यापक हैं। दूसरी बात, दोनों के नाम के आगे 'डॉक्टर' और पीछे 'जी' लगा हुआ है। ये दोनों जहां पर भी आमंत्रित होते हैं, अपने सम्मान की शॉलें घर से ओढ़कर जाते हैं। प्रकाश जी कहते हैं, 'घर पर ऐसी ही पचास शॉलें रखी हुई हैं।' परीक्षित जी कहते हैं, 'अपने पास तो इतनी शॉलें हैं कि एक ठीक-ठाक दुकान खुल सकती है।'

प्रकाश जी की विशेषता है कि वे फुटकर में नहीं लिखते। जब भी लिखते हैं, मोटा ग्रंथ ही लिखते हैं। उनकी एक पुस्तक तीन-चार साल में प्रकाशित होती है। उसकी सरकारी खरीद हो जाती है। वह पुस्तक सार्वजनिक पुस्तकालयों में संरक्षित हो जाती है। इस तरह प्रकाशित बीस प्रतिशत पुस्तकें, प्रकाशक उनको रॉयल्टी के बदले सौंप देते हैं। इसका कुछ भाग पत्र-पत्रिकाओं में समीक्षा के नाम पर भेंट चढ़ जाता है। यथा आवश्यकता प्रकाश जी खुद ही समीक्षा लिखते हैं और अपने घनिष्ठ मित्रों के नाम से छपाने का जुगाड़ बिठाते हैं। बच गई बाकी पुस्तकों को वे सुपात्रों को 'सप्रेम भेंट' कर देते हैं। इस तरह वे सतत चर्चा में बने रहते हैं। आखिर मुफ्त की भेंट की चर्चा सभी करते हैं।

यूं तो एक पुस्तक लिखकर भी कालजयी लेखक हुआ जा सकता है, तिस पर प्रकाश जी की तेरह पुस्तकें छप चुकी हैं तो वे काल से परे हो चुके हैं। प्रकाश जी खुद भी मानते हैं कि इतने सृजन के पश्चात साहित्य में जिसे अमर होना कहा जाता है, वह वे हो चुके हैं। दूसरे लेखक उन्हें अमर मानें न मानें, वे इसकी परवाह नहीं करते। उनकी मान्यता है कि अंतरात्मा की आवाज ही सच्ची होती है और उनकी अंतरात्मा से सतत अमर होने की ध्वनि आती रहती है।

परीक्षित जी कुछ अलग किस्म के जीव हैं। व्यवस्थित लिखाड़ हैं। प्रकाश जी कलम से लिखते हैं तो परीक्षित जी लैपटॉप में। परीक्षित जी फुटकर में लेखन करते हैं। वे पुस्तकों को घास का गट्ठर बांधना कहते हैं। उनका दावा है कि अगर वे अपने व्यंग्य लेखों को संकलित कर छपवा दें तो बीस-बाइस गट्ठर तैयार हो सकते हैं। परीक्षित जी कम-से-कम बीस समाचार पत्रों में नियमित स्तंभ लिखते हैं। वे व्यंग्य लेखन को नित्य कर्म की तरह करते हैं। कभी-कभी तो बाथरूम में भी लैपटॉप लेकर बैठ जाते हैं। अखबारों के पाठक उनके लेखों से ज्यादा परीक्षित जी के नाम से परिचित हैं, इसलिए परीक्षित जी एक सुपरिचित लेखक कहे जाते हैं।

प्रकाश जी और परीक्षित जी के खेमे अलग-अलग हैं। शाश्वत लेखन और तात्कालिक लेखन की पारस्परिक श्रेष्ठता को लेकर दोनों के खेमे लगभग हर माह संगोष्ठियों के बंदनवार सजा देते हैं। कभी इस शहर में तो कभी उस शहर में पताकाएं फहरती रहती हैं। एक जैसी और बेनतीजा समाप्त होने वाली इन संगोष्ठियों से सिर्फ इतना होता है कि कभी प्रकाश जी की शॉलों की संख्या बढ़ जाती है तो कभी परीक्षित जी की।

बहरहाल, दोनों ही आश्वस्त हैं कि उनके चलते व्यंग्य लेखकों में राजनीति, गुटबाजी, मस्काबाजी, पुरस्कार के जोड़-तोड़ और फिजूल बहसबाजी की पुरातन परंपरा आज भी बदस्तूर जारी है। *


लघुकथा / बालकृष्ण गुप्ता 'गुरु'

कमी पूरी हो गई

जैसे ही महेंद्र वहां पहुंचा, एक युवक ने प्रशंसात्मक भाव से कहा, 'आप जिन सधे कदमों से अंदर आए वह आपके व्यक्तित्व को बताता है। आप यहां बैठिए।' उसने बगल में खाली कुर्सी की ओर इशारा किया।

उसे आश्चर्यमिश्रित प्रसन्नता हुई और बैठते हुए उसके मुंह से निकला, 'धन्यवाद।' इस बीच एक अन्य युवक कमरे में दाखिल हुआ। वह उसके बाजू वाली कुर्सी पर आकर बैठा ही था कि उसके चेहरे पर नजर पड़ते ही बोल उठा, 'आपकी हेयरस्टाइल बहुत बढ़िया है, आपके चेहरे पर जंच रही है।'

महेंद्र फूलकर कुप्पा हो गया और बोला, 'शुक्रिया।' उसके स्वर में आत्मविश्वास झलक रहा था। इंटरव्यू प्रारंभ होने वाला था। इस बीच सामने वाली कुर्सी पर बैठा युवक कुछ देर उसे ध्यान से देखता रहा, फिर कहने लगा, 'आपके कपड़ों की फिटिंग और आपकी कलर चॉइस लाजवाब है। मैं भी कुछ इसी तरह से पसंद करता हूं।' फिर उसने पूछा, 'आप कपड़े कहां से सिलवाते हैं?'



महेंद्र ने मुस्कराते हुए उसे टेलर का नाम बताया, फिर कुछ खुलकर कहा, 'तारीफ के लिए धन्यवाद। जानकर खुशी हुई कि आपकी पसंद भी मेरी तरह है।' तभी महेंद्र का नाम पुकारा गया। वह साक्षात्कार कक्ष की ओर बढ़ा तो महसूस हुआ कि उसकी चाल कुछ सधी हुई है। वह अनुमति लेकर साक्षात्कारकर्ताओं के सामने की कुर्सी पर धीरे से बैठ गया। उसके होंठों पर सहज स्मित थी। उसने पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास के साथ दिए। हालांकि इक्का-दुक्का सवालों के सटीक जवाब वह नहीं जानता था, फिर भी हड़बड़ाया या हकलाया नहीं। बाहर निकला तो सोचा कि तारीफ करने वालों का एक बार फिर आभार व्यक्त कर दूं, किंतु उनमें से कोई चेहरा नजर नहीं आया।


महेंद्र को आश्चर्य तो हुआ कि वे लोग इंटरव्यू के बिना ही कैसे चले गए, पर उसने इस बारे में ज्यादा सोचा नहीं। एक महीने बाद अंतिम परिणाम घोषित हुआ तो महेंद्र अच्छी रैंक के साथ चयनित हो गया था। उसे आठ अलग-अलग प्रयासों के बाद अंततः नवीं कोशिश में नौकरी मिल गई थी। जब वह पिता का आशीर्वाद लेने पहुंचा तो दिल में उमड़ता प्रश्न होंठों पर आ ही गया, 'पापा, पता नहीं क्यों मैं पहले इंटरव्यू के दौरान हताश हो जाता था, परंतु इस बार तो जैसे चमत्कार हो गया। मुझे थोड़ी-सी भी झिझक या भय महसूस नहीं हुआ।' पिता उसे गले लगाते हुए बोले, 'बेटा, तुम्हारी समझ और जानकारी कभी कम नहीं थी। कमी थी तो सिर्फ आत्मविश्वास की। यह कमी मेरे भेजे लोगों ने पूरी कर दी।'

सहसा महेंद्र की आंखों के सामने वे तारीफ करने वाले चेहरे उभर आए। *


पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

काव्यचेतना का उद्घोष

वरिष्ठ कवि उद्भ्रांत अनेक विधाओं में करीब छह दशकों से निरंतर सक्रिय हैं। काव्य सृजन के क्षेत्र में उनकी रचनाशीलता ने नए आयाम स्थापित किए हैं। लगभग पांच दशक बाद उनके चर्चित कविता संग्रह 'नाटकतंत्र तथा अन्य कविताएं' का पुनर्प्रकाशन हुआ है। इस संग्रह में कुल बारह कविताएं हैं। इनमें ग्यारह छोटी और एक बड़ी कविता शामिल है। 'कविता के विरुद्ध' कविता की पंक्तियां 'यह आग किसी को जला देती है/ और किसी को तपा देती है।' न केवल अपने रचे जाने के दौर में बल्कि आज के समय में भी कविता की सामर्थ्य और उसकी विवशता का आख्यान प्रस्तुत करती हैं। 'इनके गुस्से को शांत करें' कविता की ये पंक्तियां, 'सन्नाटे का शोर/इसलिए बढ़ रहा है/क्योंकि इनका पारा/सातवें आसमान पर चढ़ रहा है।' आज से पांच दशक पहले की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थिति का सटीक चित्रण प्रस्तुत करती हैं। दशकों बाद भी इन कविताओं की प्रासंगिकता बनी हुई है। *



पुस्तकः नाटकतंत्र तथा अन्य कविताएं, **लेखकः** उद्भ्रांत, **मूल्यः** 225 रुपए, **प्रकाशकः** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली



दिल्ली की तंग गलियों में सुलझाएंगे जुर्म की गुत्थी

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही निर्देशक ईशान शर्मा की पहली फिल्म 'कबूतर' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसका निर्माण निखिल चौधरी कर रहे हैं, जिसमें फ्रांस और नॉर्वे के निर्माता भी शामिल हैं। दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित इस क्राइम-ड्रामा फिल्म की शूटिंग साल 2027 की शुरुआत में दिल्ली में शुरू होगी, जहां नवाजुद्दीन एक अनोखे गली-मोहल्ले के अनोखे जासूस के रूप में जुर्म की गुत्थी सुलझाएंगे। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, पुरानी दिल्ली की जर्जर इमारतों के बीच रची गई 'कबूतर' की कहानी महबूब नाम के एक गली-मोहल्ले के जासूस महबूब के इर्द-गिर्द घूमती है।

लाइफ Style

यामी

नई नवेली ने जीता दिल या किया निराश?

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम की नई फिल्म 'नई नवेली' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसके साथ ही फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने वाले दर्शकों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।

एक्स पर कोई फिल्म की कहानी और यामी के अभिनय को परखता नजर आ रहा है तो कोई इसके स्क्रीनप्ले और निर्देशन पर बात कर रहा है। कुल मिलाकर 'नई नवेली' को लेकर सोशल मीडिया पर दर्शकों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। 'नई नवेली' को एक यूजर ने 2.5 स्टार देते हुए लिखा कि यामी और आदिनाथ कोठारे की एक्टिंग तो अच्छी है, लेकिन हॉरर, कॉमेडी और धार्मिक बैकड्रॉप का मेल फिल्म को कमजोर बना देता है। एक अन्य यूजर ने इसे 1.5 स्टार देकर लिखा कि लोककथा और ड्रामा का यह कांसेप्ट दर्शकों को डराने और हंसाने में नाकाम साबित होता है। कुछ ने कहा कि 'नई नवेली' की कहानी बड़े पर्दे पर दर्शकों को बांधने में नाकाम साबित होती है। दर्शकों के मुताबिक, यामी की बेहतरीन स्क्रीन प्रेजेंस एक कमजोर और बेजान कहानी की भेंट चढ़ गई। कॉमेडी कुछ हिस्सों में तो हंसाती है, लेकिन हॉरर सीन खास असर नहीं छोड़ पाते। बैकग्राउंड म्यूजिक अच्छा होने के बावजूद ढीले स्क्रीनप्ले और कमजोर निर्देशन के कारण ये एक औसत से नीचे की फिल्म बनकर रह जाती है। फैंटेसी और पारिवारिक ड्रामा के होते हुए भी बड़े सीन बेअसर साबित होते हैं, जिससे फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करने में नाकाम रहती है।



हॉलीवुड मसाला



हॉलीवुड में अच्छी फिल्में नहीं बनती

लॉस एंजिल्स। फेमस एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में हॉलीवुड को लेकर एक खुलासा किया है। उनका मानना है कि अब हॉलीवुड में क्वालिटी फिल्में नहीं बनती हैं। अब बड़े प्रोडक्शन हाउस भी बिजनेस पर ही फोकस करते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि वो हॉलीवुड छोड़ने वाले थे। इसकी वजह का भी खुलासा किया है। जैकी चैन लीजेंडरी एक्शन स्टार ही नहीं, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में लंबा वक्त बिताया है। हर फिल्म इंडस्ट्री से वाकिफ होने का तजुर्बा रखते हैं। उनके मार्शल आर्ट्स और कॉमेडी की दुनिया अभी भी मुरीद है।



कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' का बनेगा रीमेक

लॉस एंजिल्स। 'लापता लेडीज' और 'धोबी घाट' जैसी फिल्में बना चुकीं किरण राव लगता अगली परियोजना की तैयारी में हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोरियाई ड्रामा 'रिप्लाई 1988' को रीमेक के जरिए भारतीय दर्शकों तक पहुंचाना चाहती हैं। 2015 में रिलीज इस ड्रामा-सीरीज को आईएमडी पर 9 की रेटिंग से नवाजा गया है। इसकी कहानी युवा दोस्तों के बड़े होने की चुनौतियों पर आधारित है। किरण ने सीरीज की कहानी और पड़ोस में रहने वाले परिवारों के चित्रण की तारीफ भी की। 'द पॉपकॉर्न आवर' कार्यक्रम के दौरान, किरण ने 'रिप्लाई 1988' का भारतीय रीमेक बनाने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, "सर्वश्रेष्ठ के-ड्रामा 'रिप्लाई 1988' नामक शो है। यह एक शानदार शो है। इसकी कहानी असल में 1988 में घटित होती है।



गाने में हर स्टेप का सिखाया मतलब...

मुंबई। शरवरी निर्देशक सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के गाने 'झुमका पटोला' में कुछ नया करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सूरज बड़जात्या के साथ काम करके उन्हें समझ आया कि डांस सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं होता, बल्कि इससे कहानी भी कही जा सकती है। बड़जात्या ने उन्हें सिखाया कि डांस के हर मूव और चेहरे के हाव-भाव का खास मतलब होता है। इससे उनकी परफॉर्मेंस में भी पहले से ज्यादा निखार आया है। बड़जात्या की खासियत है कि वो डांस के जरिए भी कहानी को खूबसूरती से पेश करते हैं। शरवरी के मुताबिक, उनके साथ काम करके वह डांस से एक अलग ही स्तर पर जुड़ पाईं और समझा कि डांस सिर्फ अच्छे मूव्स दिखाने के लिए नहीं, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने का भी जरिया है।



'गनमास्टर जी9' का गाना हुआ जारी

मुंबई। इमरान हाशमी और जेनेलिया डिसूजा की आगामी फिल्म 'गनमास्टर जी9' से नया गाना रिलीज हुआ है। कुछ दिन पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'अफसाना बनाया आपने' रिलीज किया था, जिसे लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया हासिल हुई। अब हिमेश रेशमिया के संगीत में पिरोया गया नया गाना 'दो दिन की जिंदगी' यूट्यूब पर जारी हो गया है, जो फिल्म में इमरान और जेनेलिया के किरदारों पर फिल्मांकित है। बता दें, आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित 'गनमास्टर G9' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। हिमेश रेशमिया मेलोडीज द्वारा निर्मित 'दो दिन की जिंदगी' गाने को विशाल मिश्रा और श्रेया घोषल ने अपनी आवाज दी है। इसके लिए बोल जुनैद वसी ने लिखे हैं, जबकि संगीत हिमेश का है। वीडियो में इमरान और जेनेलिया के किरदारों को खूबसूरती से पेश किया गया है।

टीवी मसाला



'कौन बनेगा करोड़पति' की हॉट सीट पर दिखेंगे रणबीर कपूर-साई पल्लवी

मुंबई। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण' 5 नवंबर, 2026 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। इस दौरान फिल्म की टीम जोरों-शोरों से प्रचार में लगी हुई है। अब रणबीर और साई 'रामायण' के प्रचार के लिए अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18 में नजर आएंगे।

फिल्म के बारे में होगी खास बातचीत : जानकारी के मुताबिक, शो के दौरान दोनों कलाकार अपनी फिल्म के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सकते हैं और अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। ये आने वाला एपिसोड काफी दिलचस्प हो सकता है, क्योंकि इसके दौरान रणबीर और अमिताभ एक बार फिर साथ नजर आएंगे। ये दोनों कलाकार 2022 में अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन-शिवा' में एक साथ दिखाई दिए थे, जिसमें रणबीर ने 'शिवा' और अमिताभ ने 'गुरु' का किरदार निभाया था।

मल्टी-स्टारर फिल्म है 'रामायण': नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली 'रामायण' में रणबीर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं और साई माता सीता के किरदार में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म दुनियाभर में रिलीज की जाएगी और इसे 40 से अधिक भाषाओं में डब किया गया है। इसे 2 पार्ट में बनाया गया है, जिसका दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के समय रिलीज किया जाएगा। इसमें यश रावण के रूप में दिखाई देंगे और कई अन्य जाने-माने सितारे भी नजर आएंगे।

'कॉफी विद करण 9' में सलमान ने सुनाया डरावना किस्सा- देखा नहीं, सिर्फ महसूस किया

मुंबई। करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' का 9वां सीजन जियोहॉटस्टार पर आ गया है। 14 अक्टूबर को शो के पहले एपिसोड का प्रीमियर किया गया, जिसमें सलमान खान और करिश्मा कपूर शामिल हुए। बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपने घर को लेकर एक डरावने अनुभव का किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि गैलेक्सी अपार्टमेंट्स फ्लैट में उनका कमरा भूतिया था। सलमान ने यह भी बताया कि उन्हें अपने कमरे में किसी की मौजूदगी का एहसास होता था। शो के दौरान, करण ने याद किया कि सलमान का गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में घर कितना छोटा था। घर का जिक्र आते ही सलमान ने कहा, आपको पता है, उस कमरे में मैं कभी अकेला नहीं रहा। मैं वहां किसी के साथ रहा था, जिसे मैंने कभी देखा ही नहीं, सिर्फ सुना है, सिर्फ महसूस किया है पीछे। हर बार जब मैं बाहर आता, तो बत्तियां अपने आप जलती-बुझती थीं। अलमारियां अपने आप खुलती थीं।



अभिजीत सावंत बोले- गाने के 50 रुपए मिलते थे, संघर्ष के दिनों को किया याद

मुंबई। 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' और 'मर जावा मिट जावा' जैसे मशहूर गानों को अपनी आवाज देने वाले अभिजीत सावंत लाखों दिलों पर राज करते हैं। 'इंडियन आइडल' शो का पहला सीजन जीतने के बाद वह एक बार फिर 'इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न' में अपने सुरों का जादू बिखेरने वाले हैं। इस बीच अभिजीत ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया और बताया कि वह कैसे छोटे-छोटे पंडालों में 50 रुपये के बदले गाना गाया करते थे।

कभी-कभी 100 रुपए मिलते थे

अभिजीत ने कहा, जब मुझे छोटे-छोटे स्टेज पर गाने का मौका मिलता था, वह दिन मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन हो जाता है। मुझे आज भी याद है कि मैं छोटे-छोटे कार्यक्रमों और पंडालों में गाया करता था। कभी-कभी मुझे 100 रुपये मिल जाते थे तो कभी कोई खुशी-खुशी मेरी जेब में 50 रुपये डाल देता था और कहता था था कि लो बेटा, आज कुछ खा लेना।



हमने भगवान को नहीं देखा लेकिन दर्शकों को देखा है

अभिजीत ने कहा, जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। कई दिन ऐसे भी रहे, जो बहुत अच्छे नहीं थे। जब भी मैं किसी मुश्किल दौर से गुजरता हूं या मेरा दिन खराब जाता है तो मैं उन लोगों के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने उस समय मुझे प्यार दिया और ये कहकर उम्मीद जगाई कि मैं अच्छा कर सकता हूं। अभिजीत ने दर्शकों को अपनी ताकत बताया और उनकी तुलना भगवान से की, जो उन्हें काम करने की प्रेरणा देते हैं।

रोशन संग जमेगी सिमर की जोड़ी

फिल्म 'बातों ही बातों में' से मचाएंगी धमाल

मुंबई। बीएलएम पिक्चर्स ने अपनी नई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'बातों ही बातों में' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म में रोशन मैथ्यू और अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया की नई जोड़ी पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएगी। धीरज बोस के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग इसी साल नवंबर से शुरू होगी। ये कहानी रिश्तों में बातचीत, जुड़ाव और आने वाले अनपेक्षित मोड़ों के इर्द-गिर्द घूमती है।





सिमर ने इस फिल्म से रखा था बॉलीवुड में कदम : सिमर भाटिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से की थी, जिसमें उन्होंने अगस्त्य नंदा के साथ काम किया और अपनी बेहतरीन एक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा। अब वो फिल्म 'बातों ही बातों में' में नजर आएंगी, वहीं, रोशन मैथ्यू साउथ और बॉलीवुड के एक माने हुए अभिनेता हैं। वो आलिया भट्ट की 'डार्लिंग्स', 'कपूर एंड सन्स' और 'उलझ' जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुके हैं।

विवेक ओबेरॉय को मिली थीं अंडरवर्ल्ड से धमकियां, सालों बाद खोले राज..

मुंबई। *अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बॉलीवुड में मौजूद ताकतवर लॉबी को लेकर खुलकर बात की है। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी के उस मुश्किल दौर को याद किया, जब उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। विवेक ने बताया कि उस समय हालात इतने बिगड़ गए थे कि उन्हें अंडरवर्ल्ड से भी धमकियां मिलने लगी थीं और इस वजह से लोगों ने उनसे बात करनी बंद कर दी थी।*

क्या है पूरा मामला?

बता दें कि साल 2003 में सलमान खान के साथ हुए बहुचर्चित विवाद और प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विवेक को बॉलीवुड की कई ताकतवर हस्तियों के साथ तनावपूर्ण हालात का सामना करना पड़ा था। इस वजह से उन्हें अंडरवर्ल्ड से धमकियां मिलने लगी थीं।

विवेक को किया गया बहुत परेशान

विवक ने कहा, मुझे जो गलत लगा, उसके खिलाफ आवाज उठाई और इसके बाद मुझे बहुत परेशान किया जाने लगा। यह मेरे जीवन का बहुत मुश्किल दौर था, क्योंकि सफल फिल्में देने और पुरस्कार जीतने के बावजूद एक ताकतवर लॉबी ने सब कुछ अपने कब्जे में ले लिया। ऐसा होता था कि जिन फिल्मों को मैंने साइन किया था, वहां से लोग पीछे हटने लगे और कहने लगे, सॉरी यार, अब हम तुम्हारे साथ काम नहीं कर सकते।



विवेक के साथ काम किया तो खत्म कर देंगे

विवेक ने बताया कि शुरुआत में कुछ लोग नैतिकता के आधार पर उनके साथ खड़े रहे। हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही वे डर के मारे पीछे हट गए। विवेक ने कहा, लोगों को अंडरवर्ल्ड से फोन आने लगे थे। उन्हें धमकी दी जाती थी कि अगर विवेक के साथ काम किया तो उनका काम तमाम कर दिया जाएगा। इस वजह से वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की खातिर मेरा साथ छोड़कर दूर चले गए।

'राइज एंड फॉल' में पवन सिंह की वापसी से पलटेगा पूरा खेल

बीच में छोड़ा था पहला सीजन

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता और नेता पवन सिंह रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने पहले सीजन में हिस्सा लिया था, लेकिन निजी कारणों से बीच में ही शो छोड़ दिया था। अब दूसरे सीजन में उनकी वापसी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि, अभी तक उनकी वापसी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



तेज प्रताप की विदाई, अब पवन की वापसी के चर्चे

'राइज एंड फॉल' के दूसरे सीजन में अब तक कई बदलाव देखने को मिले हैं। कानूनी दिक्कतों के चलते तेज प्रताप यादव को शो छोड़ना पड़ा, जबकि कायरा अनु और राज ग्रोवर बाहर हो चुके हैं। हाल ही में निहारिका तिवारी ने चैलेंज में स्वरा भास्कर को हराकर पहली महिला अल्टीमेट रूलर बनने का खिताब जीता। वीरेंद्र सहवाग के होस्ट किए जा रहे इस शो को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। अब पवन सिंह की वापसी की खबरों ने दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है।




फोकिना ने किया बड़ा उलटफेर, विश्व के नंबर 2 ज्वेरेव को हराकर ली फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| शंघाई

शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। यह स्पेनिश खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक है।

डेविडोविच फोकिना ने अपने करियर में दूसरी बार जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव को हराया। शंघाई के स्टेडियम कोर्ट पर खेले गए इस कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ज्वेरेव को 5-7, 6-4, 6-3 से मात दी। यह मैच दो घंटे छह मिनट तक चला। विश्व के नंबर 26 रैंकिंग वाले खिलाड़ी डेविडोविच फोकिना पहला सेट हार गए थे, जो काफी कड़ा मुकाबला रहा। इसके बाद उन्होंने अपना खेल बेहतर किया, बेसलाइन पर शानदार प्रदर्शन दिखाया और दूसरे सेट के 10वें गेम में टॉप सीड ज्वेरेव की सर्विस तोड़ दी। उन्होंने 46 मिनट में दूसरा सेट अपने नाम कर लिया।

फोकिना ने ज्वेरेव को 2 घंटे 6 मिनट में दी मात



ज्वेरेव ने किया डबल फॉल्ट

तीसरे सेट की शुरुआत में ज्वेरेव ने डबल फॉल्ट किया, जिससे डेविडोविच फोकिना को बड़ा फायदा मिला। इस मौके का फायदा उठाते हुए उन्होंने अपनी लय बनाए रखी और पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने संयम बनाए रखते हुए अपनी सर्विस पर तीसरा सेट जीता और अपने करियर के दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में जगह बनाई।

फोकिना ने बचाए रखी अपनी सर्विस

तीसरे सेट में जब स्कोर 5-2 था और ज्वेरेव सर्विस कर रहे थे, तब डेविडोविच फोकिना के पास दो मैच प्वाइंट थे, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं पाए। जर्मन खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और एक और गेम के लिए संघर्ष किया। हालांकि, यह संघर्ष ज्यादा देर तक नहीं चला, क्योंकि डेविडोविच फोकिना ने अपनी सर्विस बचाए रखी और सेट के साथ-साथ मैच भी जीत लिया।

मैंने बस खेल का आनंद लिया : डेविडोविच

डेविडोविच फोकिना ने कहा, नतीजा क्या होगा, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं बस हर एक गेंद पर ध्यान दे रहा था। मुझे पता था कि अगर मैं पूरे मैच में डटा रहा, तो मुझे कम से कम एक मौका जरूर मिलेगा, और मुझे वह मौका दूसरे सेट में मिला। फिर तीसरे सेट में मुझे लगता है कि मैं शारीरिक रूप से बेहतर था। तीसरे सेट की शुरुआत में मिली ब्रेक (सर्विस तोड़ना) से मुझे काफी ताकत मिली। मैंने सिर्फ खेलने पर ध्यान दिया, नतीजे की परवाह नहीं की, बस खेल का आनंद लिया। फोकिना ने कहा, अंत में जब आप बाहर होते हैं तो चीजें आसान नहीं होतीं। आपके पास सोचने के लिए बहुत समय होता है। यहां होना और इस खेल को खेलना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। इस समय ने मुझे यह सोचने का काफी मौका दिया कि मैं अपने भविष्य में क्या करना चाहता हूं। फाइनल में डेविडोविच फोकिना का मुकाबला राफेल जोदार या डेनिल मेदवेदेव में से किसी एक से होगा।

खबर संक्षेप



हांगकांग सिक्सेस के कप्तान बने कृणाल

हांगकांग। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को न्यूजीलैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाए जाने के भारतीय हरफनमौला कृणाल पंड्या को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिए सात सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया टूर्नामेंट के लिए टीम में भुवनेश्वर की जगह लेंगे। हांगकांग सिक्सेस का आयोजन 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक होगा। कृणाल पहले से ही टीम का हिस्सा थे। भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नीतीश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन शामिल हैं।

बांग्लादेश को झटका, लिटन दास त्रिकोणीय सीरीज से बाहर



अबू धाबी। बांग्लादेश के वनडे कप्तान लिटन दास, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के साथ खेली जा रही त्रिकोणीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। हिप जॉइंट में चोट के कारण लिटन दास को सीरीज शुरू होने से ठीक पहले ही टीम से बाहर होना पड़ा है। उनकी गैर-मौजूदगी में तौहीद हृदोय टीम की कमान संभाल रहे हैं। लिटन दास को इस साल की शुरुआत में मेहदी हसन मिराज की जगह बांग्लादेश की वनडे टीम का पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया था। यह फैसला टीम प्रबंधन ने अगले वर्ष होने वाले आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप की तैयारियों को मद्देनजर रखते हुए लिया था, ताकि टीम एक स्थिर नेतृत्व के साथ अपने अभियान को मजबूत कर सके। त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश का सामना जिम्बाब्वे से हो रहा है, जिसमें जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया है। बांग्लादेश की टीम में मेहदी हसन मिराज भी नहीं खेल रहे हैं, क्योंकि उन्हें बुखार है।

एआईटीए रोस्टर में बोपन्ना को नहीं मिली जगह



नई दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को एआईटीए उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी (एसओएम) की सूची में जगह नहीं मिली है क्योंकि राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियमों 2026 के तहत खेल से संन्यास को कम से कम एक वर्ष पूरा होने की शर्त वह पूरी नहीं करते। 46 वर्ष के बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस से एक नवंबर 2025 को संन्यास लिया था। एआईटीए ने जब 16 अक्टूबर 2026 को एसओएम रोस्टर जारी किया, जो उसमें बोपन्ना संन्यास को एक साल पूरा होने की अवधि से कुछ दिन से चूक गए।

महिला टी-20 : भारत और जिम्बाब्वे के बीच मैच शाम 7 बजे से

जिम्बाब्वे के खिलाफ लय तलाशने उतरेगा भारतीय शीर्ष क्रम, दूसरा मुकाबला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहले मैच में असफल रहे भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करने की कोशिश करेंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी के कारण भारतीय टीम पहले मैच में एक समय संकट में दिख रही थी। भारतीय बल्लेबाजों ने जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण को सहजता से लिया, जिससे वह संकट में पड़ गए। जिम्बाब्वे की तरफ से ऑफ स्पिनर न्याशा ग्वांजुरा ने पावरप्ले में तीन विकेट लिए। भारत के चोटी के बल्लेबाज अब दूसरे मैच में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे।



हम आक्रामक खेल खेलना चाहते हैं : दीप्ति

दीप्ति में एक बार फिर से दिखाया कि वह भारत के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इस ऑलराउंडर ने कहा कि कुछ ऐसे मौके भी आएंगे जब विपक्षी टीम हावी रहेगी। दीप्ति ने कहा, 'निश्चित रूप से हम आक्रामक खेल खेलना चाहते हैं और यही बात हमारे दिमाग में थी।' उन्होंने कहा, 'मैच में कभी-कभी ऐसा होता है। आप जो चाहते हैं भगवान हमेशा आपको वही नहीं देता है। लेकिन हम हमेशा सीखते हैं। मुझे यकीन है कि आज जो हुआ वह अगले मैच में नहीं होगा।' दीप्ति ने कहा, 'निक्की ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह अपना पहला मैच खेल रही है। एक युवा खिलाड़ी का यह आत्मविश्वास सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि इस मैच से उसे काफी आत्मविश्वास मिलेगा।'

नेतृत्व करने उत्सुक होंगी मंधाना

मंधाना का यह पूर्णकालिक कप्तान के रूप में पहला मैच था, जिसमें बल्लेबाज के रूप में वह नाकाम रही और अब वह आगे बढ़कर नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगी। भारत के लिए बल्लेबाजी में सकारात्मक पहलू निक्की प्रसाद का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने दबाव में भी संयम और स्ट्रोकप्ले का शानदार नमूना पेश किया।'

स्पिन के खिलाफ भारत की कमजोरी उजागर

भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट पर 114 रन ही बनाने दिया। उसकी टीम सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु और शार्ने मेयर्स से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी, जिन्होंने पहले मैच में बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। जिम्बाब्वे को यह भी उम्मीद होगी कि ग्वांजुरा अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को बरकरार रखने में कामयाब होगी। उन्होंने पावरप्ले के दौरान स्पिन के खिलाफ भारत की कमजोरी को उजागर किया था।

टीमें इस प्रकार हैं

भारत : स्मृति मंधाना (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, निक्की प्रसाद, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष, कमलिनी, दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्रीचरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिन्तिमणि कलिता, मिन्नू मणि।

जिम्बाब्वे : जोसेफिन नकोमो (कप्तान), बिलव्ड बिजा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, केलिस नधलोवु, मिशेल मावुंगा, न्याशा ग्वांजुरा, नोम्पिलो सिबांडा, लोरिन फिरी, विएजा दुरुरु, मोडेस्टर मुपाचिक्वा, तेंदानेई मायकुशा।

मैच का समय : शाम 7 बजे

भारत-वेस्टइंडीज 5वां मैच रद्द, 2-2 से सीरीज बराबर



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला शनिवार को बारिश के कारण रद्द हो गया, जिससे 5 मैचों की शृंखला 2-2 से बराबर रही। बारिश के कारण मुकाबला 2 घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ और इसे 9-नौ ओवर का कर दिया गया। भारतीय पारी के दौरान आठवें ओवर में एक बार फिर बारिश ने खेल रोक दिया। इसके बाद कुछ देर की इंतजार के बाद अंपायरों ने मुकाबला रद्द करने का फैसला किया। मैच रद्द होने से पहले ईशान किशन और नमन धीर ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए भारत को 7.4 ओवर में 5 विकेट पर 118 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया था। किशन ने महज 10 गेंदों में 30 रन ठोके, जबकि धीर ने सिर्फ 6 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। लगातार बारिश के कारण मुकाबला रात 9.15 बजे शुरू हो सका। शाम करीब 4 बजे शुरू हुई बारिश के चलते मैच में काफी देरी हुई और इसे रात 10.03 बजे बारिश ने फिर खेल रोक दिया। इसके बाद वेस्टइंडीज को पांच ओवर में लक्ष्य का पीछा करने का मौका देने के लिए रात 10.21 बजे तक का कटऑफ समय तय किया गया था, लेकिन बारिश नहीं थमी और रात 10.18 बजे ही मुकाबला रद्द घोषित कर दिया गया।

पहली बार आईपीएल में कोचिंग देंगे चामिंडा वास

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चमिंडा वास को आईपीएल के अगले सत्र से पहले शनिवार को तेज गेंदबाजी कोच के रूप में अपने नए कोचिंग स्टाफ में शामिल किया। श्रीलंका के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक वास को मुनाफ पटेल की जगह तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मुनाफ पिछले दो सत्र से टीम के गेंदबाजी कोच थे। वास ने अपने करियर में 111 टेस्ट मैचों में 355 विकेट और वनडे मैचों में 400 विकेट लिए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने पोस्ट किया, 'विश्व कप विजेता और श्रीलंका के अब तक के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज। टाइगर टेरिटरी (दिल्ली कैपिटल्स) में आपका स्वागत है, कोच।' वास दिल्ली कैपिटल्स में सौरव गांगुली की अगुवाई वाली नई कोचिंग टीम का हिस्सा होंगे। फ्रेंचाइजी में हाल में ही पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को भी बल्लेबाजी और सहायक कोच के रूप में अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया था।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

अमृता ने जीता चांदी भारत को मिले दो पदक



एजेंसी ▶▶| लास वेगास

भारतीय पहलवान अमृता पुजारी को अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला 72 किग्रा वर्ग के फाइनल में यूक्रेन की इरीना जाब्लोत्स्का के खिलाफ चित होने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इसके साथ ही भारतीय महिला पहलवानों का अभियान दो पदकों के साथ समाप्त हो गया। अमृता मुकाबले में 0-6 से पीछे चल रही थीं, तभी जाब्लोत्स्का ने उन्हें चित कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

भारत की स्वीटी के पास एक और पदक जीतने का मौका था, लेकिन वह 53 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0-11 से हार गईं।

वैष्णवी पाटिल रेपचेज में नहीं उठा सकीं फायदा

स्वीटी ने रेपचेज दौर में चीन की शियाओतोंग जेंग को 11-10 से हराकर कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। वैष्णवी पाटिल भी रेपचेज में मिले मौके का फायदा नहीं उठा सकीं। उन्हें जापान की हारुका कोबारू के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले कोमल ने महिला 59 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

पुरुष पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक

भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। शुक्रवार को मुकाबले में उतरे पांचों भारतीय पहलवान पदक की दौड़ तक नहीं पहुंच सके। वैभव पाटिल को 61 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में रोमानिया के गैब्रियल व्हिसेनहंट के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0-11 से हार का सामना करना पड़ा तो वहीं 74 किग्रा वर्ग में आदर्श पाटिल को अंतिम-16 के मुकाबले में जापान के तोकी ओगावाल ने 6-4 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। अमित का अभियान 86 किग्रा वर्ग में अंतिम-16 में समाप्त हो गया।

जयवर्धने ने छोड़ा मुंबई इंडियंस का साथ

मुंबई। श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी महेला जयवर्धने ने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। जयवर्धने जब पहली बार मुंबई के मुख्य कोच बने थे तब उनकी टीम ने तीन खिताब जीते थे। उन्होंने इसके बाद 2025 के सत्र से पहले फिर से मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली। इससे पहले उन्होंने 2017 से 2022 तक मुंबई को कोचिंग दी थी।' मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा, 'महेला ने वर्षों से मुंबई इंडियंस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका शांतचित्त रहकर नेतृत्व करना, ईमानदारी और खेल के प्रति गहरा लगाव हमारे लिए बहुत मायने रखता है। मैं मुंबई इंडियंस के परिवार की तरफ से महेला का उनके वर्षों के अमूल्य योगदान और अटूट प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करती हूं।'



रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर आज से कप्तान गिल पर रहेंगी निगाहें

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

वनडे कप्तान शुभमन गिल की पंजाब की तरफ से रणजी ट्रॉफी में वापसी रविवार से देशभर में शुरू होने वाले इस घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के दूसरे दौर का मुख्य आकर्षण होगी। गिल पंजाब के पहले दौर के मैच में नहीं खेल पाए थे। उनकी अनुपस्थिति में भारत की अंडर19 टीम के पूर्व कप्तान उदय सहारन ने टीम की कप्तानी की। इस मैच में पंजाब ने असम के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए थे।

सत्र के दूसरे दौर में पंजाब का सामना छत्तीसगढ़ से होगा। गिल का हाल में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 334 रन बनाए। गिल ने दूसरे वनडे में 133 गेंदों पर नाबाद 223 रन बनाए और इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। ग्रुप बी के एक अन्य मुकाबले में कर्नाटक ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल के नेतृत्व में अलूर में सौराष्ट्र का सामना करेगा। इस मैच में उसे बल्लेबाज रविचंद्रन स्मरण की कमी खलेगी, जिन्हें न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है।



ग्रुप बी में शीर्ष पर काबिज हैदराबाद की टीम आंध्र के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। उसने पहले मैच में त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया था। ग्रुप डी में मुंबई की टीम हिमाचल प्रदेश के खिलाफ उपकप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के बिना खेलेगी, जो चोटिल हैं।

जयपुर में 6वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

देव ने स्वर्ण जीत बनाया नया रिकॉर्ड, कुलदीप को रजत

10,000 मीटर दौड़ में लाजो सरोज ने स्वर्ण और 1500 मीटर में रितेश ओहरे ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

जयपुर में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित 6वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मप्र अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें देव कुमार मीना ने पोल वॉल्ट में स्वर्ण और कुलदीप कुमार ने रजत पदक जीता। वहीं, अकादमी की पे एंड प्ले खिलाड़ी लाजो सरोज ने 10,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि रितेश ओहरे ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया।



पोल वॉल्ट में देव ने 5.30 और कुलदीप ने की 5.30 मीटर ऊंचाई पार

प्रतियोगिता के पोल वॉल्ट इवेंट में देव कुमार मीना ने 5.30 मीटर की ऊंचाई पार कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी स्पर्धा में अकादमी के कुलदीप कुमार ने भी 5.30 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए रजत पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रतियोगिता में नया मीट रिकॉर्ड बना। इससे पहले इस स्पर्धा का मीट रिकॉर्ड 5.20 मीटर था।

10,000 मीटर दौड़ में लाजो सरोज का स्वर्ण पदक पर कब्जा



अकादमी की लाजो सरोज ने 10,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने यह दूरी 36 मिनट 26.07 सेकंड में पूरी की।

1500 मीटर दौड़ में रितेश ओहरे को कांस्य पदक



मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी रितेश ओहरे ने 1500 मीटर दौड़ में 3 मिनट 51.78 सेकंड का समय निकालते हुए कांस्य पदक जीता।



इशिका, जय मप्र खेल रत्न, खुशी स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर

एचएमजी स्पोर्ट्स 31वें एनसटी अवॉर्ड से सम्मानित होंगी 35 खेल हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एचएमजी स्पोर्ट्स 31वें नेशनल स्पोर्टस टाइम्स राष्ट्रीय खेल अवार्ड 2026 में देश-प्रदेश की कुल 35 खेल हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 30 अक्टूबर को जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी में प्रातः11:30 बजे से होगा। मुख्य अतिथि खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग होंगे। समारोह में एशियन गेम्स 2026 के हॉकी एवं इशिका चौधरी एवं जय मीणा को मप्र खेल रत्न, कॉमनवेल्थ तलवारबाजी की स्वर्ण एवं रजत विजेता खुशी दाभाड़े को स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द ईयर ा प्रदान किया जाएगा। लाइफटाइम अवॉर्ड महासिंह राव को दिया जाएगा। आयोजन सचिव इंद्रजीत मौर्य ने बताया कि इस बार 450 से अधिक के आवेदन आए थे, जिसमें से 35 का चयन किया है। स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर, मप्र खेल रत्न, श्रेष्ठ खिलाड़ी, प्रतिभा खिलाड़ी, लाइफ टाइम, प्रशिक्षक, खेल प्रमोटर, खेल पत्रकार एवं खेल संस्थानों स्कूल, एवं क्लब को अवॉर्ड दिया जाएगा।


इशिका चौधरी (हॉकी)


खुशी दभाडे (तलवारबाजी)


जय मीणा (सॉफ्ट टेनिस)

इन्हें मिलेगा अवॉर्ड

मध्य प्रदेश खेल रत्न
इशिका चौधरी (हॉकी) मप्र अकादमी, ग्वालियर
जय मीणा (सॉफ्ट टेनिस), देवास
स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर अवार्ड
खुशी दभाडे (तलवारबाजी) मप्र अकादमी, भोपाल
श्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड
जतिन भाटी (शूटिंग) मप्र अकादमी, हरियाणा
राहिला फिरदौस (क्रिकेट) भोपाल
शुभम गुप्ता (रोलर स्केटिंग) भोपाल
प्रेरणा लोखंडे (थ्रो बाल) भोपाल
अनुष्का भगत (तैराकी) बिलासपुर, छत्तीसगढ़
श्रेष्ठ प्रतिभा अवार्ड
दुर्विशा पवार (एस) मप्र अकादमी
दिविना धुपर (टेनिस) इंदौर
वरिधि दुबे (बॉक्सिंग) मप्र अकादमी
उजेर खान (स्नूकर- बिलियड्स) भोपाल
शोभा सरयाम (थ्रोबॉल) भोपाल
लाइफटाइम अवॉर्ड
महासिंह राव (द्रोणाचार्य अवार्ड कुश्ती) मुख्य कोच, मप्र अकादमी
श्रेष्ठ कोच अवार्ड
वंदना उइके (हॉकी) मप्र अकादमी
इंद्रजीत सिकदर (शूटिंग) मप्र अकादमी
संदीप सिंह (एथलेटिक्स) मप्र अकादमी
संजय थवाइत (कराते) भोपाल
गणेश सागर (ताइक्वांडो) बिलासपुर, छत्तीसगढ़
गीतिका पंत (जूडो) मप्र अकादमी
खेल प्रमोटर्स अवार्ड
प्रवीन कुमार सोनी (क्रिकेट) नई दिल्ली
डॉ हर्ष दवे (फिजिकल एजुकेशन) जेएलयू, भोपाल
प्रशांत सिंह रघुवंशी (क्यायकिंग कैनोइंग) रायपुर छत्तीसगढ़
प्रकाश यादव (वेटलिफ्टिंग) जबलपुर
बृजेंद्र सिंह (खेल अधिकारी) भेल, भोपाल
खेल पत्रकार अवार्ड
आत्माराम भाटी (जनसत्ता), बीकानेर
प्रवीण सक्सेना (हरिभूमि), भोपाल
राहुल शर्मा (दैनिक भास्कर), भोपाल
स्पेशल खेल अवार्ड
प्रमोद दीक्षित (सीनियर टेनिस प्लेयर) भोपाल
महावीर सिंह आर्य (क्रिकेट एनालिसिस एमपीसीए-बीसीसीआई) इंदौर
सुप्रियो एवं सुब्रो चौधरी (तैराकी रेफरी) भोपाल
माखन सिंह राजपूत (दिव्यांग क्रिकेटर) उज्जैन
तोशराम कनोजे (जु जित्सु- किक बॉक्सिंग) बालाघाट
खेल संस्थान अवार्ड
श्री अरविंदो स्कूल, भोपाल
क्लब अवार्ड
एमटीएफसी (हॉकी क्लब) भोपाल



राधारमण में 'स्पर्धा-2026' का समापन

गली क्रिकेट में शिवम वॉरियर्स कैरम में अशरफ व श्रेया विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण समूह के राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आरआईटीएस) में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा-2026' का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में गली क्रिकेट का खिताब शिवम वॉरियर्स ने जीता, जबकि आरजीआई इलेवन उपविजेता रही। कैरम के पुरुष वर्ग में अशरफ ने दिलशाद को हराकर चैंपियनशिप जीती।

महिला वर्ग में श्रेया ने वैष्णवी ताम्रकार को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले खो-खो प्रतियोगिता में वन पीस टीम विजेता और हिडन लीफ टीम उपविजेता रही थी।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्रॉम्पटन एंड ग्रीव्स के प्लांट मैनेजर सर्वेश श्रीवास्तव थे। इस अवसर पर समूह निदेशक डॉ. पी.के. लहरी, प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र सक्सेना, डीन डॉ. एस.बी. खरे, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. जयपाल सिंह बिष्ट, डॉ. रघुवंशी सहित आरसीपी एवं आरआईपीएस के निदेशक तथा नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य ने उपस्थित रहकर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के समन्वयक प्रो. अरहम जावेद और प्रो. आशीष वर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।





हर्षवर्धन, जसराज, निश्चय, निहित, लावांश, समग्र गुरमन और अध्यांश क्वार्टर फाइनल में

भोपाल। पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्रॉफी में लवांश पाटोदिया, निहित मतलानी, जियांश जायसवाल, एकाग्र सोनी, शार्विल दुबे, शौर्यादित्य पटोदी और भवांश चौहान ने 9वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अवनी वर्मा, मांडवी गांधी, शिवानी जाट और ओमिशा मेहता 15वर्ष बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में आई। हर्ष वर्धन सिंह राजपूत, जसराज सिंह छाबड़ा 11वर्ष बालक क्वार्टर फाइनल में हैं।



Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick-start variant in Madhya Pradesh. Price is subject to change without prior notice. ^ Cash discount offer applicable only on TVS XL100 Heavy Duty i-touchstart variant. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत विक्रेता – भोपाल : कोहिनूर टीवीएस, डी.आई.जी. 7697839085, 7389924456, कोहिनूर टीवीएस, एम.पी. नगर, 9039862258, 7389901018, कोहिनूर टीवीएस, कोलार, 8839592688, 9111018733, कोहिनूर टीवीएस, एयरपोर्ट रोड, 9074919275, 9329697353, भोपाल टीवीएस, 0755–4948300, 9926526466, संकल्प टीवीएस, 7898987990, 7898987984, सक्सेस टीवीएस, 9669625658, 8889672227, रायसेन : सिद्धिसार्थी टीवीएस, 9238234860, 9303816415, सीहोर : ममता टीवीएस, 9201826868, राजगढ़ : श्री सावंरिया टीवीएस, 9039551201, 7748099834, जीपीडी टीवीएस, 9753055245, 7974190962, मंगल टीवीएस, 9171112384, 9171112386, विदिशा : यूरेका टीवीएस, 07592–403859, 9806974281, तरणम टीवीएस, 9243122422, 9827399444, 9993847405, अशोक नगर : श्री विनायक टीवीएस, 7879041038, 7999608681, गुना : वंदना टीवीएस, 9755364517, 7694000571, श्री हरिगिरधर टीवीएस, 9425710114, 9425710113, बैतूल : ओम शक्ति टीवीएस, 9340291652, 7049027410, इटारसी : आई लक्ष्मी टीवीएस, 9244377833, नर्मदापुरम : श्री ओम शक्ति टीवीएस, 9340249811, 9329914754, सारणी : लक्ष्मी टीवीएस, 9425366960, 8959091939, हरदा : श्री विद्यसागर टीवीएस, 7697255552, अधिकृत डीलर भोपाल – मानपुर : स्वास्तिक टीवीएस 9713681500, 8817137277, करोंद : माँ आदिशक्ति टीवीएस 9993120250, 9993120278, बैरसिया : दांगी टीवीएस 9301141879, हर्राखेड़ा : वाणी टीवीएस 9893548735, ईंटखेड़ी : माँ कर्मा टीवीएस 8120928303, फंदा : श्री राधा टीवीएस 9806175382, 8962946037, नेहरू नगर : निक्की टीवीएस 9754064942, बैरागढ़ : श्री गोविन्द टीवीएस 9300811380, निर्मल टीवीएस 982700042, बंगरसिया : राजवीर टीवीएस 9826934463, 9131494312, नीलबड़ : जैन टीवीएस 9967960064, अधिकृत डीलर अशोकनगर : बहादुरपुर 9591155334, राजपुर 6266358545, ईसागढ़ 8878682065, 9425798779, मुंगावली 8839740541, 9806374388, चंदेरी 9407216390, अधिकृत डीलर गुना : आरोन 8085808501, बमोरी 7987068010, फतेहगढ़ 6265242811, मकसूदनगढ़ 9424849214, राघौगढ़ 9669843208, जामनेर 7770960853, कुंभराज 9009550519, बीनागंज 8847490353, अधिकृत डीलर रायसेन – गैरतगंज : श्री जी टीवीएस 7649089547, सिवी टीवीएस 9425653354, मंडीदीप : केडी टीवीएस 9893016056, ओबेदुल्लागंज : ओम साईं राम टीवीएस 7987999256, बेगमगंज : निमित टीवीएस 8770809631, सिलवानी : ग्लोबल टीवीएस 6266504460, 6261579800, बरेली : लामांशी टीवीएस 9009222227, देहगाँव 9893932299, उदयपुरा : महावीर टीवीएस 9893509802, सुल्तानपुर : मान्या टीवीएस 8120053803, अधिकृत डीलर राजगढ़ : छापीहेड़ा 8109238402, जीरापुर 7581071198, 6166386978, खिलचीपुर 9893624685, कुरावर 7415382282, राजगढ़ 9977955477, अधिकृत डीलर विदिशा : गंज बासौदा 8989029329, 9584494644, गुलाबगंज 9993944799, 9993182352, ग्यारसपुर 9752535692, 6260403349, लटेरी 9074929908, शमशाबाद 9755106709, सिरोंज 8770963822, कुरवाई 9617457020, अधिकृत डीलर नर्मदापुरम : बाबई 7828641086, बनखेड़ी 8602257406, बुधनी 9827005454, डोलरिया 9977220337, पिपरिया 9329770107, सिवनी मालवा 6264865638, शाहगंज 8461890106, सोहागपुर 7000862026, अधिकृत डीलर बैतूल : आमला 6261272636, आठनेर 9425623807, चिचोली 9179178890, चोपना 9977653785, घोड़ाडोंगरी 9407521428, भैंसदेही 9977711439, बोरदेही 8103102158, मुलताई 7999214602, अधिकृत डीलर सीहोर : आष्टा 9977707427, चांदबड़ 8719082045, लाड़कुई 9229651220, नसरुल्लागंज 9977877877, श्यामपुर 9201826868, श्यामपुर 7566784778, 9981241802, अमलाहा 9009959500, अधिकृत डीलर हरदा : टिमरनी 9755930630.

Benefits up to ₹5500** ** T&C apply as per Flipkart.

dentsu/har bho/08/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930